हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, मंगलवार 7 मई 2024

नाव पर चले मतदान दल...

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का मतदान आज असम की कामरूप सीट पर भी है। इसके लिए मतदान अधिकारी संबंधित मतदान केंद्रों तक पहुंचने के लिए नाव से यात्रा करते हुए।

मतदान का समय सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक

◆ भिंड, ग्वालियर, मुरैना, गुना, सागर, विदिशा, भोपाल, राजगढ़ व बैतूल में आज मतदान

दंगल का 'मंगल'...127 प्रत्याशियों में से मतदाता चुनेंगे अपने '9 सांसद'

9 लोकसभा क्षेत्रों में मतदान दिवस 7 मई को सार्वजनिक तथा सामान्य अवकाश रहेगा। राज्य शासन ने निगोशिएबल इन्स्ट्रूमेंट्स एक्ट की धारा 25 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सार्वजनिक अवकाश तथा सामान्य अवकाश घोषित किया है।

कुल एक करोड़ 77 लाख 52 हजार से अधिक मतदाता, कुल 20,456 मतदान केंद्र

गर्मी में मतदान केंद्रों पर जलजीरा, आम का पना, छाछ, शरबत, पीने के लिए ठंडा पानी रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में तीसरे चरण के 9 लोकसभा क्षेत्रों भिंड, ग्वालियर, मुरैना, गुना, सागर, विदिशा, भोपाल, राजगढ़ व बैतूल में आज मंगलवार को कुल 20,456 मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से मतदान शुरू होगा। यह शाम 6 बजे तक लगातार जारी रहेगा। शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी तरह के इंतजाम किए गए हैं। इन क्षेत्रों के कुल 5,744 क्रिटिकल मतदान केंद्रों समेत भिंड व मुरैना के चिन्हित 585 वल्नेबल क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस फोर्स की व्यवस्था की गई है। प्रदेश के 9 लोकसभा क्षेत्रों में कुल 24 जिले और 72 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। यहां कुल एक करोड़, 77 लाख, 52 हजार 583 मतदाता भाजपा व कांग्रेस समेत सभी दलों व निर्दलियों को मिलाकर 127 प्रत्याशियों को अपना वोट देंगे। मतदान के लिए चुनाव आयोग की तरफ से सभी तरह के बंदोबस्त किए गए हैं। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधा का विशेष तौर पर ध्यान दिया ▶▶शेष पेज 4 पर ▶▶पढ़ें पेज 03 भी

भिंड व मुरैना समेत संवेदनशील मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती

प्रदेश के 9 लोकसभा क्षेत्रों में कुल 24 जिले और 72 विधानसभा क्षेत्र

299 फ्लाइंग स्क्वाड टीम के साथ ही 336 स्टेटिक सर्विलेंस टीम की तैनाती

9 लोकसभा क्षेत्रों में 25,108 बीयू, 20,458 सीयू तथा 20,456 वीवीपैट का उपयोग

लालपरेड मैदान से चुनावी सामग्री ले जाते हुए कर्मचारी

रैपिडो से घर तक छोड़ने की व्यवस्था

इस बार चुनाव आयोग ने एक और नायाब व्यवस्था की है। 85 वर्ष के उपर के मतदाताओं को जहां घर पर ही मतदान कराने की सुविधा दी गई है, वहीं मतदाताओं को निः शुल्क घर छोड़ने की व्यवस्था भी की गई है। यह व्यवस्था हालांकि चारों महानगरों भोपाल, इंदौर, ग्वालियर व जबलपुर में ही उपलब्ध रहेगी। इस चरण में भोपाल व ग्वालियर के मतदाता चाहे तो रैपिडो की बुकिंग की अपने मतदान केंद्र से अपने घर तक वापस जा सकेंगे।

मामा, महाराज और राजा की किस्मत 'दांव' पर

▶▶ भिंड और मुरैना में त्रिकोणीय मुकाबला
▶▶ सात सीटों में भाजपा- कांग्रेस में टक्कर

प्रदेश की 9 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव के तीसरे चरण में मंगलवार 7 मई को मतदान होगा। इनमें से दो सीटों मुरैना और भिंड में त्रिकोणीय जबकि शेष 7 सीटों में भाजपा-कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला है। इनमें राजा दिग्विजय सिंह की राजगढ़, महाराज ज्योतिरादित्य सिंह की गुना और मामा शिवराज सिंह चौहान की विदिशा सीट शामिल हैं। राजगढ़ में दिग्विजय का मुकाबला भाजपा सांसद रोडमल नागर, गुना में ज्योतिरादित्य का मुकाबला कांग्रेस के राव यादवेंद्र सिंह यादव और विदिशा में शिवराज सिंह चौहान का कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद प्रतापभानु शर्मा से है। मुरैना और भिंड में भाजपा, कांग्रेस और बसपा के बीच त्रिकोणीय मुकाबले के आसार है। मुरैना में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर और भिंड में प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह की प्रतिष्ठा जुड़ी है। मुरैना में भाजपा के शिवमंगल सिंह तोमर, ▶▶शेष पेज 4 पर

देश में तीसरे चरण में 11 राज्यों की 93 सीटों पर वोटिंग होगी

नई दिल्ली। *पहले इस फेज में 10 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेशों की 95 सीटें थीं, लेकिन 21 अप्रैल को सूरत से कांग्रेस प्रत्याशी का पर्चा रद्द होने और 8 कैंडिडेट के नामांकन वापस लेने के बाद भाजपा के मुकेश दलाल निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं।*

वहीं, जम्मू-कश्मीर में खराब मौसम की वजह से अनंतनाग-राजौरी सीट का चुनाव टाल दिया गया है। अब यहां छठे फेज में 25 मई को वोट डाले जाएंगे। इसके अलावा मध्य प्रदेश की बैतूल सीट से बसपा प्रत्याशी के निधन के बाद सेकेंड फेज (26 अप्रैल) को होने वाली वोटिंग 7 मई को शिफ्ट कर दी गई।

महाराष्ट्र की अमरावती सीट पर शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले और डिप्टी सीएम अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार यानी ननद-भौजाई के बीच सीधा मुकाबला है। चुनाव आयोग के अनुसार, तीसरे फेज में कुल 1352 कैंडिडेट्स मैदान में हैं। इनमें 1229 पुरुष और 123 (9%) महिला हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की रिपोर्ट के अनुसार, 244 कैंडिडेट्स आपराधिक छवि के हैं। 392 कैंडिडेट्स के पास एक करोड़ या उससे ज्यादा की संपत्ति हैं।

छिंदवाड़ा के अमर शहीद बेटे का पहुंचा पार्थिव शरीर, उमड़ा शहर

सीएम यादव ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर, सरकार देगी एक करोड़

मुख्य सड़क का नाम शहीद के नाम पर रखा जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा/भोपाल

छिंदवाड़ा जिले के एक और वीर सपूत ने देश की सुरक्षा करते - करते अपने प्राणों की आहुति दे दी। नगर के लोनिया करबल निवासी विक्की पहाड़े जम्मू कश्मीर के पुंछ में हुए आतंकी हमले में शहीद हो गए। शहीद विक्की पहाड़े वायु सेवा के कॉर्पोरल पद पर पदस्थ थे। सोमवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया। सोमवार सुबह नागपुर से सेना के हेलिकॉप्टर के जरिए पार्थिव देह इमलीखेड़ा हवाई पट्टी छिंदवाड़ा पर लाई गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देने स्थानीय इमलीखेड़ा हवाई पट्टी पहुंचे। उन्होंने शहीद विक्की पहाड़े की मां से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने पाकिस्तान के कायराना हमले की निंदा की, उन्होंने कहा कि शहीद के परिजनों को एक करोड़ रुपए दिए जाएंगे। इसका प्रस्ताव चुनाव आयोग के पास मंजूरी के लिए भेजा गया है।

पार्थिव शरीर इमलीखेड़ा चौक, चंदनगांव, शिवाजी चौक शहीद स्मारक, कलेक्ट्रेट, अम्बेडकर तिराहा होते हुए राजाभोज परासिया रोड़ से लोनिया करबल पहुंचा। इस दौरान समाजिक संस्थाओं के द्वारा भी शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुख्यमंत्री मोहन यादव भावुक हो उठे। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि शहीद विक्की पहाड़े दोबारा लौटकर देश की सेवा करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा नगर निगम से चर्चा कर कलेक्टर को निर्देश दिए गए हैं कि वे यहां पर मुख्य सड़क का नाम शहीद के नाम से करवाएं।

शहीद को सीएम यादव ने दी अंतिम विदाई

बागरी के परिजनों को भी मिलेंगे 1 करोड़

महेंद्र बागरी कर्तव्य के दौरान हुए थे शहीद

इसी तरह शहडोल के शहीद एएसआई महेंद्र बागरी के परिजनों को भी एक करोड़ रुपए की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। दोनों के प्रस्तावों को चुनाव आयोग से मंजूरी मिलते ही राशि जारी की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शहीद जवान पहाड़े के परिजनों से मिलने के बाद सांत्वना देते हुए कहा कि उनकी स्मृति को चिरस्थाई बनाने के लिए स्मृति द्वार, वार्ड का नामकरण से संबंधित प्रस्ताव प्राप्त होगा तो उसे स्वीकृत करेंगे। इसके साथ ही साथ शहीद के आश्रित परिजनों में से किसी को वायु सेना में नौकरी मिल सकती है, लेकिन जरुरत होने पर राज्य सरकार भी आश्रित को सरकारी सेवा प्रदान कर सकती है।

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, मंगलवार 7 मई 2024

अब पैसेंजर 15 किलो का सामान ही फ्री में ले जा सकेंगे

एयर इंडिया ने अपनी बैगेज पॉलिसी में किया बदलाव

इससे पहले पैसेंजर को 20 से 25 किलो तक बैगेज ले जाने की छूट थी

नई दिल्ली। एयर इंडिया ने घरेलू उड़ानों के लिए अपनी सामान नीति यानी बैगेज पॉलिसी में बड़ा बदलाव किया है। भारतीय एयरलाइन की नई पॉलिसी के अनुसार कंपनी की ▶▶ शेष पेज 4 पर

पुंछ में वायुसेना के काफिले पर हुआ था हमला

आतंकियों का सुराग देने पर 20 लाख के इनाम का ऐलान

दो पाकिस्तानी आतंकवादियों के स्केच जारी किए गए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू के पुंछ में भारतीय वायुसेना के काफिले पर आतंकी हमला हुआ था। अब सुरक्षा बलों ने हमले को अंजाम देने वाले दो पाकिस्तानी आतंकवादियों के स्केच जारी किए हैं।

सुरक्षा बलों ने उनकी गिरफ्तारी के लिए सूचना देने वाले को 20 लाख रुपए का इनाम देने की घोषणा की है। शनिवार शाम को पुंछ में शाहसितार के पास आतंकवादियों ने भारतीय वायुसेना के काफिले पर हमला कर दिया था। इसमें भारतीय वायु सेना के कॉर्पोरल विक्की पहाड़े घात लगाकर किए गए हमले में शहीद हो गई और चार अन्य घायल हो गए। हमले के बाद से सुरक्षाबलों ने शाहसितार इलाके में सर्च ऑपरेशन अभियान चला रहे हैं। सेना ने आतंकवादियों का पता लगाने के लिए सशस्त्र बुलेटप्रूफ वाहनों और डॉग स्क्वॉड को लगाया है। रविवार व सोमवार को कई वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा किया।

सर्च ऑपरेशन में पैरा कमांडो को तैनात किया गया है, आतंकवादियों का पता लगाने और भागने से रोकने के लिए हेलीकॉप्टरों से हवाई निगरानी भी की जा रही है

कई संदिग्धों को पूछताछ के लिए उठाया गया

जम्मू के एडीजीपी ने कहा कि 16 कोर के कोर कमांडर और एडीजी जम्मू जोन आनंद जैन ने जीओसी रोमियो फोर्स, आईजीपी सीआरपीएफ और डीआइजी आरपी रेंज के साथ इलाके का दौरा किया और चल रहे बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान की निगरानी की। कई संदिग्धों को पूछताछ के लिए उठाया गया है।

आबू हमजा पर सुरक्षा बलों का संदेह

हमले के पीछे लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े एक विदेशी नागरिक अबू हमजा के नेतृत्व वाले आतंकवादियों के एक गुट का हाथ होने का संदेह है। हमजा पर 22 अप्रैल को राजौरी में सरकारी कर्मचारी मोहम्मद रजाक की हत्या की साजिश रचने का भी आरोप है। हमजा पर पुंछ और राजौरी के जंगलों में सक्रिय होने का संदेह है। पुलिस के अनुसार सेना और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने तलाशी की निगरानी के लिए घटना स्थल का दौरा किया। एक अधिकारी ने कहा कि जर्रा वली गली इलाके में अतिरिक्त बल भेजा गया है। चल रहे ऑपरेशन में पैरा कमांडो को तैनात किया गया है, बलों ने बैरिकेड्स लगाए हैं और आतंकवादियों का पता लगाने और भागने से रोकने के लिए हेलीकॉप्टरों से हवाई निगरानी भी की जा रही है।

Ninh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

पीएम नरेंद्र मोदी आज खरगौन व धार प्रवास पर

भोपाल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मंगलवार को खरगोन व धार जिले के प्रवास पर रहेंगे।

प्रधानमंत्री इस दौरान खरगोन व धार जिले में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी प्रातः 10.30 बजे मेला ग्राउंड खरगोन में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद दोपहर 12.15 बजे धार जिले के पीजी कॉलेज ग्राउंड में जनसभा को संबोधित करेंगे।

चुनाव जीती तो मैं बॉलीवुड छोड़ दूंगी

नई दिल्ली। अभिनेत्री कंगना रनौत हिमाचल प्रदेश के मंडी से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं। कंगना ने इशारा किया कि लोकसभा चुनाव में अगर वो जीतती हैं, तो धीरे-धीरे शोबिज की दुनिया को छोड़ सकती हैं। क्योंकि वो एक ही काम पर फोकस करना चाहेंगी। मैं फिल्मों में भी पक जाती हूं, मैं रोल भी करती हूं, निर्देशन भी करती हूं।

चैंपियन ट्रॉफी के लिए पाक जाएगी भारतीय टीम?

नई दिल्ली। अगले साल पाकिस्तान की मेजबानी में होने वाली चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 खेली जानी है। इसको लेकर क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव जय शाह ने पहले ही साफ कर दिया है कि भारतीय टीम पाकिस्तान दौरे पर नहीं जाएगी। उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला का कहना है कि भारतीय टीम के पाकिस्तान दौरे पर जाने या नहीं जाने को लेकर फैसला सिर्फ भारत सरकार ही करेगी।

सीएम यादव ने उज्जैन,खंडवा, बुरहानपुर, रतलाम व नेपानगर की चुनावी जनसभा में सोनिया-राहुल पर कसा तंज

यह चुनाव दो माताओं के बीच, एक मां अपने बच्चे के मोह में पूरी पार्टी का कर रहीं 'सत्यानाश'

देश को आजादी अकेले कांग्रेस या नेहरू खानदान ने नहीं दिलाई

मुख्यमंत्री का पूर्व में ही कई जिलों में चुनावी दौरे पर जाना था, किंतु जैसे ही उन्हें छिंदवाड़ा के शहीद की खबर मिली, वे तत्काल छिंदवाड़ा पहुंचे और शहीद के परिवार को सांत्वना दी।

कांग्रेस परिवार के लोग इतने वर्षों तक देश की सत्ता में थे, पर गरीबी दूर नहीं कर सके

मोदी जी ने कहा है न खाऊंगा न खाने दूंगा भ्रष्टाचार पर लगाम कसी तो ये आरोप लगाने लगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को कई जिलों में चुनावी दौरे पर रहे। उन्होंने उज्जैन के साथ ही खंडवा, बुरहानपुर, रतलाम व नेपानगर में चुनावी जनसभा को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री ने उज्जैन में कांग्रेस को लेकर तंज कसा। उन्होंने कहा कि ये चुनाव दो मांओं के बीच में है। एक मां अपने बच्चे के मोह में पूरी पार्टी का सत्यानाश कर रही है। वह पार्टी है कांग्रेस। पूरी पार्टी भाड़ में जाएं, केवल अपने बच्चे को प्रधानमंत्री बनाना है। भारत मां के बेटे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिन्होंने अपना पूरा जीवन देश की सेवा में लगा दिया। वे अपनी माता की अंतिम संस्कार के तुरंत बाद भारत माता की सेवा में हाजिर हो गए। उन्होंने कहा कि देश की आजादी अकेले ▶▶ शेष पेज 4 पर

बुरहानपुर में मंच पर उत्साहित दिखे भाजपा नेता

ये ऐसे रॉकेट जिन्हें जब भी उड़ाओ तुरंत नीचे गिर जाते हैं

यादव ने कहा कि देश की आजादी चंद्र शेखर आजाद, भगत सिंह और सभी क्रांतिकारियों ने दिलाई। पर ये तो सत्ता पकड़ के बैठ गए हैं। शहंशाह, साहबजादे हो गए हैं। ये ऐसे रॉकेट हैं जिन्हें जब भी ऊपर उड़ाओ, ये तुरंत नीचे गिर जाते हैं। यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन बार गुजरात के मुख्यमंत्री रहे। उन्होंने गुजरात के जनजातीय अंचल की तस्वीर बदल दी। जबकि कांग्रेस ने कभी किसी आदिवासी समुदाय से आने वाले भाई बहन को राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री बनने का अवसर नहीं दिया।

कांग्रेस के पापों की लिस्ट बहुत लंबी

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कांग्रेस के शहजादे कहते हैं कि हमारी सरकार लाओ। हम एक झटके में गरीबी दूर कर देंगे। पर इनके परिवार के लोग इतने वर्षों तक देश की सत्ता में थे, पर गरीबी दूर नहीं कर सके। राहुल गांधी ऐसा दावा कैसे कर सकते हैं। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहना है मैं अपना जीवन देश सेवा में समर्पित करता हूं। उन्होंने अपनी इस बात को साबित किया है। यादव ने उज्जैन की सभा में कहा कि मोदी जी ने कहा है न खाऊंगा न खाने दूंगा। पर भ्रष्टाचार पर जब लगाम लगाई गई तो आरोप लगाने लगे। भाजपा सरकार ने मुस्लिम बहनों को तीन तलाक के कलंक से मुक्त कराने का काम किया है। 370 हटाने से लेकर अनेकों काम मोदी सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पापों की लिस्ट बहुत लंबी है। उस लंबी लिस्ट ▶▶ शेष पेज 4 पर

राहुल का आरक्षण मुद्दे पर बड़ा बयान

हम रिजर्वेशन को 50 फीसदी से आगे बढ़ाएंगे ये लिमिट हटा देंगे

भाजपा और आरएसएस संविधान खत्म करना चाहते हैं

■ आरक्षण, संविधान और गरीबों की रक्षा बड़े सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आलीराजपुर/खरगोन

राहुल गांधी ने कहा है कि हम आरक्षण को 50% से आगे ले जाएंगे। कोर्ट ने 50% का लिमिट लगा रखा है, उसे हटा देंगे।

राहुल गांधी सोमवार को आलीराजपुर के जोबट और खरगोन के सेगांव में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। दोनों ही सभाओं में उन्होंने ये बात कही। राहुल ने कहा कि भाजपा और आरएसएस संविधान खत्म करना चाहते हैं। इसलिए उन्होंने 400 पार का नारा दिया है, लेकिन 400 सीट तो छोड़िए, इन्हें 150 सीटें भी नहीं मिलेंगी। भाजपा नेताओं ने साफ कहा है कि अगर हमारी सरकार आएगी, तो ▶▶ शेष पेज 4 पर

आरक्षण चुनाव का मुख्य मुद्दा

राहुल गांधी ने कहा- आप उनसे पूछिए, आपके लोग संविधान को क्यों रद्द करना चाहते हैं। आपके लोग आरक्षण क्यों खत्म करना चाहते हैं। ऐसा हुआ तो हिंदुस्तान में 22-25 लोगों का राज हो जाएगा। ये अडाणी और अंबानी जैसे लोग हैं। आप देश को बताइए, क्या आप सचमुच में आरक्षण को खत्म करना चाहते हो। हां या ▶▶ शेष पेज 4 पर

मनरेगा में मजदूरों को 400 रुपए दैनिक मजदूरी देंगे

राहुल गांधी ने कहा- मीडिया कहता है कि मनरेगा से लोगों की आदत बिगड़ती है। आप मजदूरी करते हो, उसके लिए आपको पैसा मिलता है। मीडिया कहता है आपकी आदत बिगड़ रही है। मगर अरबपतियों का कर्जा माफ होता है तो उसको यह विकास ▶▶ शेष पेज 4 पर

एक शादी में शामिल होने आए थे

5 छात्र कन्याकुमारी तट के पास समुद्र में डूब गए

इन छात्रों का मेडिकल का फाइनल ईयर था

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु में कन्याकुमारी तट के पास सोमवार को दो महिलाओं सहित पांच मेडिकल कॉलेज के छात्र समुद्र में डूब गए। इन छात्रों का मेडिकल का फाइनल ईयर था और कुछ ही सप्ताह में इन्हें डिग्री मिलने वाली थी। ये सभी एक बंद पड़े प्राइवेट बीच पर तैराकी कर रहे थे। कन्याकुमारी जिले के पुलिस अधीक्षक ई सुंदरवथनम ने बताया कि छात्रों का समूह नारियल के पेड़ों के माध्यम से बंद लेमुर बीच तक पहुंच गया था। समुद्र के अशांत होने के कारण इसे ▶▶ शेष पेज 4 पर

बहन की शादी थी टैंकर से पानी लेने निकले

ट्रैक्टर पलटने से 4 नाबालिगों सहित पांच की हो गई मौत

घर में शादी की खुशी का माहौल मातम में बदला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

तेज रफ्तार ट्रैक्टर पलटने में पांच लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में चार नाबालिग हैं तो एक 18 वर्ष का युवक शामिल है। जानकारी के मुताबिक घटना जबलपुर के थाना चरगवां अंतर्गत ग्राम तिनेटा की है। बताया गया कि ट्रैक्टर पलटने से पांच लोगों की मौत हो गई। साथ ही दो बच्चे घायल हुए हैं। ट्रैक्टर को धर्मेंद्र ठाकुर (18) निवासी ग्राम तिनेटा देवी चला रहा था। तेज गति से चलाने की वजह से ही ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। सभी लोग ट्रैक्टर ▶▶ शेष पेज 4 पर

सीआईडी ने 25 सितंबर 2019 को केस दर्ज किया था

बहुचर्चित हनी ट्रैप से जुड़े मानव तस्करी के मामले में श्वेता, आरती व चिंटू बरी

मोनिका और उसके पिता अदालत में दिए गए अपने पूर्व के बयानों से पलट गए

आरती दयाल

श्वेता जैन

अभिषेक सिंह

विधिक संवाददाता ▶▶ भोपाल

बहुचर्चित हनी ट्रैप मामले से जुड़े मानव तस्करी मामले के आरोपियों श्वेता विजय जैन , आरती दयाल और चिंटू उर्फ अभिषेक सिंह ठाकुर को राजधानी की एक अदालत ने दोषमुक्त करते हुए बरी कर दिया है। यह फैसला अपर सत्र न्यायाधीश पल्लवी द्विवेदी की अदालत ने सोमवार को सुनाया है। अदालत ने मामले की ▶▶ शेष पेज 4 पर

मोनिका को सेक्स रैकेट व ब्लैकमेलिंग में धकेला

हीरालाल ने शिकायत में बताया था कि उनकी कमजोर आर्थिक स्थिति का फायदा उठाकर उनकी बेटी मोनिका यादव को आरोपी आरोपी श्वेता विजय जैन , श्वेता स्वपनिल जैन ,आरती दयाल और चिंटू उर्फ अभिषेक सिंह ठाकुर ने मिलकर कॉलेज में अच्छी शिक्षा दिलाने एवं आर्थिक मदद कर उसे बहला-फुसलाकर उसकी सहमति के बिना अवैध धंधे में धकेल दिया। आरोपी ▶▶ शेष पेज 4 पर

आज भारतीय समयानुसार सुबह 8 बजे भरेंगी उड़ान

भगवान श्री गणेश की प्रतिमा लेकर तीसरी बार अंतरिक्ष में जाएंगी सुनीता विलियम्स

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स तीसरी बार अंतरिक्ष की उड़ान के लिए तैयार हैं। इससे पहले उन्होंने बताया है कि वो अपने साथ भगवद्गीता की पुस्तक लेकर जा रही हैं। साथ ही उन्होंने भगवान गणेश को अपना 'लकी चार्म' बताते हुए कहा कि वो उनकी प्रतिमा अपने साथ रखती हैं। सुनीता विलियम्स ने कहा कि वो धार्मिक होने से ज्यादा आध्यात्मिक हैं। उन्हें केनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरनी है। भारतीय समयानुसार ये उड़ान आज मंगलवार को सुबह साढ़े 8 बजे शुरू होगी।

बोईंग की स्टरलाइनर नाम के एक नए एयरक्राफ्ट का इसके लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। सुनीता विलियम्स ने कहा कि वो इस कमर्शियल क्रू फ्लाइट में अपने साथ भगवान गणेश की प्रतिमा लेकर जा रही हैं क्योंकि वो

सुनीता पहले लेकर गई थीं भगवद्गीता कहा- मैं आध्यात्मिक हूं

उनके लिए 'गुड लक चार्म' हैं। उन्होंने कहा कि आउटर स्पेस में उनके साथ गणेश जी होंगे, इससे उन्हें ख़ुशी मिलती है। इससे पहले जब वो अंतरिक्ष में गई थीं तो उन्होंने अपने पास भगवद्गीता की पुस्तक रखी थी, जिसमें श्रीकृष्ण ने अर्जुन को उपदेश दिया है। 59 वर्षीय सुनीता विलियम्स इससे पहले ▶▶ शेष पेज 4 पर

आज कई जिलों में बारिश, ओले, लू के आसार, भोपाल में हल्के बादल आसपास बूंदाबांदी होगी

गर्मी ने शुरू होते ही किया हाल बेहाल, पारा पहुंचा 44 डिग्री पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सोमवार को लगातार दूसरे दिन प्रदेश में गर्मी के तेवर तीखे रहे। सीजन में दूसरे दिन अधिकतम पारा 44 डिग्री पर रहने से लोग गर्मी से परेशान रहे। रविवार को जहां दतिया में पारा 43.7 डिग्री था, वहीं सोमवार को नौगांव में अधिकतम पारा 43.7 डिग्री दर्ज हुआ है।

यह सीजन में लगातार दूसरे दिन सर्वाधिक अधिकतम तापमान है। प्रदेशभर में दिन के तापमान में औसतन एक डिग्री तक बढ़त से गर्मी में बढ़ोतरी रही है। मंगलवार को कई जिलों में बादल, बारिश और कहीं कहीं ओले भी गिरेंगे। इससे इन जिलों में गर्मी से कुछ राहत मिलेगी, लेकिल कई जिलों में लू भी चलेगी। मौसम केंद्र के अनुसार मंगलवार को छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट और पांढुर्ना आदि जिलों में कहीं कहीं तेज हवाओं के साथ बारिश और ओले गिरने की उम्मीद है। वहीं मंगलवार ▶▶ शेष पेज 4 पर

रविवार को दतिया में पारा 43.7 डिग्री था

सोमवार को नौगांव में अधिकतम पारा 43.7 डिग्री

भोपाल का टीटी नगर

9 मई को नया सिस्टम, फिर बदलेगा मौसम

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ झारखंड से पश्चिमी मप्र तक ट्रफ के रुप में सक्रिय है। यह वर्तमान में सकुर्लेशन के रुप में है। साथ ही पूर्वी विदर्भ से लेकर तेलंगना, रायलसीमा और दक्षिणी कर्नाटक होते हुए दक्षिणी तमिलनाड़ तक हवाओं में लगातार बदलाव जारी है। इससे प्रदेश में मौसम बदल रहा है। अगले दो से तीन दिन ऐसा बदलाव जारी रहेगा। वहीं, 9 मई से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है।

आज 40 से 44 तक जाएगा पारा

सोमवार को नौगांव में 43.7 डिग्री रहा। दमोह, सतना, रीवा, टीकमगढ़, खजुराहो, खंडवा आदि जिलों में पारा 43 डिग्री तक रहा, जबकि भोपाल, धार, गुना, ग्वालियर, शिवपुरी, खरगोन, जबलपुर, सागर, सिवनी, उमरिया, रायसेन, सतलाम सहित एक दर्जन से अधिक जिलों में पारा 41 से 42 डिग्री के बीच रहा है। मंगलवार को भी भोपाल सहित पूरे प्रदेश में औसत तापमान 40 से 44 डिग्री के बीच रहने का अनुमान है।

भोपाल
मंगलवार, 7 मई 2024
वैशाख मास कृष्ण पक्ष-14
वर्ष : 11, अंक : 43
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 38
न्यून. 26

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

लकी मतदाताओं की भी आज 'खुलेगी किस्मत'

हीरे की अंगूठी, बाइक सहित लैपटॉप टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन तक मिलेंगे

इन इनामी स्कीम का मकसद मतदान जागरूकता व मतदान प्रतिशत बढ़ाना

पहला लकी ड्रॉ 10 बजे दूसरा लकी ड्रॉ दोपहर 2 बजे और तीसरा शाम 6 बजे निकाला जाएगा

पुरस्कारों को कुछ इस तरह सजाया गया है

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

राज्य सरकार, प्रशासन व सामाजसेवक सभी सौ फीसदी मतदान के लिए मतदाता को प्रेरित करने में जुटे हैं। राजधानी भोपाल के विभिन्न व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों ने 'पहले मतदान-फिर दुकान' का नारा दिया है तो मतदान दिवस को महापर्व के रूप मनाने की अपील की है। व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों ने कहा कि पूरे परिवार के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग करें। पहले मतदान करें फिर प्रतिष्ठान खोलें। मतदान प्रतिशत बढ़ाने ये व्यापारी संगठन विभिन्न इनामी स्कीम्स लाए हैं।

हर बूथ पर तीन इनाम निश्चित निकलेंगे

भोपाल में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने व्यापारिक संगठन डिस्काउंट कूपन, ऑफर एवं गिफ्ट्स प्रदान कर रहे हैं। कई बड़े व्यापारिक संस्थाओं ने लकी ड्रॉ योजना का ऐलान किया है जिसके तहत बंपर इनाम की घोषणा है। प्रत्येक बूथ पर लकी ड्रॉ के माध्यम से मतदाताओं को इनाम देने का दावा किया गया। जिसमें हर बूथ पर तीन इनाम निश्चित निकलेंगे, जिसमें पहला लकी ड्रॉ 10 बजे, दूसरा लकी ड्रॉ दोपहर 2 बजे और तीसरा शाम 6 बजे निकाला जाएगा। इस बंपर इनाम के ड्रॉ में लैपटॉप, टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन माउस, लंच बॉक्स, हॉट प्लेट, सफारी सूट लैंथ, कैप, टी शर्ट, मोबाइल फ्रोन मोटर साइकिल, स्कूटी सहित कई बड़े इनाम निकाले जाएंगे। टिंबर मर्चेंट व्यवसाय संघ की ओर से 25 हजार रुपए कीमत की डाइनिंग टेबल एवं कपड़ा व्यापारी संघ बैरागढ़ की तरफ से सफारी सूट तथा डायमंड रिंग देने की घोषणा गई है। ▶▶पढ़ें पेज 03 भी

काली कमाई...कहां से आई? : रांची में कई जगहों पर ईडी का छापा...टेंडर घोटाले में बड़ी कार्रवाई

मंत्री के निजी सचिव के घरेलू सहायक के घर से 40 करोड़ रु. नकद बरामद

दो साल पहले आईएएस पूजा सिंघल के यहां से 17 करोड़ रुपए बरामद किए गए थे

एजेंसी ▶▶रांची

ईडी ने पिछले साल फरवरी में झारखंड ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र के. राम को मनी लांड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। पूछताछ में ईडी के सामने वीरेंद्र राम ने कई बड़े व्यक्तियों के साथ अपने संबंधों का भी खुलासा किया था।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड की राजधानी रांची के विभिन्न इलाकों में छापेमारी की। वीरेंद्र राम मामले में झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल के घरेलू सहायक से भारी मात्रा में नकदी बरामद की गई।

नोट गिनने की मशीन संजीव लाल के घर पर लाई गई है। बता दें कि अबतक 40 करोड़ से ज्यादा रुपए की गिनती हो चुकी है। अधिकारियों ने बताया कि गिनती अभी भी जारी है। नकद राशि 500 के नोटों में बरामद की गई। संजीव लाल के आवास पर स्टील के 6 ट्रंक लाए गए हैं। इस बीच आलमगीर आलम ने कहा कि संजीव लाल एक सरकारी कर्मचारी हैं। वह मेरे निजी सचिव हैं। संजीव लाल पहले से ही दो पूर्व मंत्रियों के निजी सचिव रह चुके हैं। कई सरकारी कर्मचारी हैं और हम आम तौर पर अनुभव के आधार पर निजी सचिव की नियुक्ति करते हैं। ईडी की जांच पूरी होने से पहले छापेमारी पर टिप्पणी करना सही नहीं है।

नोट गिनते अधिकारी थके स्टील के 6 ट्रंकों में भरे गए नोट

मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि हम आम तौर पर अनुभव के आधार पर निजी सचिव की नियुक्ति करते हैं

नोटों को गिनने के लिए मंगवाई गई मशीन

ईडी की छापेमारी में मिले नोटों का संबंध झारखंड के मंत्री आलमगीर से बताया जा रहा है। नोटों को गिनने के लिए बैंक कर्मचारियों और मशीनों को भी मंगवाया गया है। बता दें कि दो साल पहले झारखंड में आईएएस पूजा सिंघल के यहां छापेमारी की गई थी। इस छापेमारी में 17 करोड़ रुपए बरामद किए गए थे।

वीरेंद्र राम के घर मिली थी 150 करोड़ की संपत्ति

ईडी ने पिछले साल फरवरी में झारखंड ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र के. राम को मनी लांड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। लंबे समय तक पूछताछ के बाद ईडी ने उन्हें गिरफ्तार किया था। पूछताछ में ईडी के सामने वीरेंद्र राम ने कई बड़े व्यक्तियों के साथ अपने संबंधों का भी खुलासा किया। राम के यहां 150 करोड़ की संपत्ति मिली थी। इसके अलावा दो करोड़ के स्वर्ण आभूषण भी बरामद किए गए थे। ईडी को वीरेंद्र राम के पास से एक लैपटॉप और कुछ पेन ड्राइव भी मिली थीं। ईडी ने पिछले साल 21 फरवरी को उनके ▶▶शेष पेज 4 पर

कौन हैं आलमगीर आलम?

सरपंच पद से शुरु हुआ था सफर

झारखंड की पाकुड़ विधानसभा सीट से चार बार विधायक रहे आलमगीर आलम झारखंड सरकार में दूसरी बार मंत्री बने हैं। इससे पहले आलमगीर आलम 20 अक्तूबर 2006 से 12 दिसंबर 2009 तक झारखंड विधानसभा अध्यक्ष पद पर आसीन थे। आलमगीर आलम 2019 में पहली बार मंत्री बने। उन्होंने 29 दिसंबर 2019 को महागठबंधन के हेमंत सोरेन की सरकार में मंत्री पद की शपथ ली। सोरेन सरकार में उन्हें संसदीय कार्य और ग्रामीण विकास विभाग की जिम्मेदारी दी गई। इससे पहले 20 अक्टूबर 2006 से 12 दिसंबर 2009 तक झारखंड विधानसभा अध्यक्ष पद पर थे। आलमगीर आलम ने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत 1978 में गृह पंचायत महराजपुर से सरपंच पद का चुनाव जीतने के साथ शुरू की थी।

आंध्र प्रदेश में विपक्ष पर बरसे पीएम मोदी

कहीं ऐसा तो नहीं कि जो पैसे पकड़े जा रहे हैं वह कहीं सप्लाई होने के लिए रखे थे

काली कमाई के गोदाम बना रही कांग्रेस, नोटों के पहाड़ निकल रहे

राजमुंदरी। आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी में जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि झारखंड में ईडी ने सोमवार नोटों के पहाड़ निकाले हैं। कांग्रेस के मंत्री के निजी सचिव के नौकर के पास से यह नोटों का पहाड़ निकला है। कांग्रेस ने अपने नौकर के घर को काली कमाई का गोदाम बना रखा था। आज मैं देश के सामने एक और संयोग की बात करता हूं।

आखिर ऐसा क्यों है कि जिनके पास से नोटों के पहाड़ मिलते हैं वे कांग्रेस के प्रथम परिवार के करीब होते हैं। कहीं ऐसा तो नहीं कि जो पैसे पकड़े जा रहे हैं वह कहीं सप्लाई होने के लिए रखे थे। कहीं ऐसा तो नहीं कि कांग्रेस के प्रथम परिवार ने देश भर में ऐसे ही काली कमाई के गोदाम बना रखे हैं। देश कांग्रेस के शहजादे से यह जानना चाहता है।

चुनाव ड्यूटी में 167 सिटी बसों का अधिग्रहण होने से सड़कों पर सवारी होती रहीं परेशान

तेज गर्मी के बीच बसों का करते रहे इंतजार, शहर में ऑटो चालकों ने यात्रियों से वसूला तीन गुना ज्यादा किराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में सोमवार को लोग तेज गर्मी में परेशान होते रहे। वहीं सिटी बसें न मिलने से भी लोगों की परेशानी और ज्यादा बढ़ गई। लोकसभा चुनाव को लेकर शासन ने 167 सिटी बसों का अधिग्रहण होने से सड़कों पर एक दो सिटी बसें ही दिखाई दीं। इस कारण ऑटो की सवारी करने के लिए भी लोग परेशान होते रहे। वहीं बीसीएलएल का दावा है कि 368 में से सोमवार को 150 बसें पूरे शहर के विभिन्न स्थानों तक पहुंचीं।

बोर्ड ऑफिस चोराहे पर बस का इंतजार कर रहीं लक्ष्मी सोनी के अनुसार एक घंटे से बस का इंतजार कर रही हैं, लेकिन एक भी बस नहीं आई। इस कारण मजबूरी में ऑटो से जा रहे हैं, लेकिन सुभाष नगर तक 50 रुपए से कम कोई नहीं ले रहा। वहीं कोलार में मंदाकिनी बस स्टाप पर मौजूद सावित्री मालवीय के अनुसार बस न आने से ऑटो चालक न्यू मार्केट तक के 60 रुपए सवारी मांग रहे हैं, जबकि रोजाना 20 रुपए सवारी लेते हैं। सुबह से एक भी बस कोलार के किसी भी क्षेत्र में नहीं मिली।

175 सिटी बस अधिग्रहित की गई थीं, जिनमें से 8 वापस कर दी गईं

सड़कों पर रोजाना 368 बसें संचालित होती हैं, जिनमें से कई बस डिपो में मेंटेनेंस के लिए खड़ी रहती हैं

150 बसें चलती रहीं

लोकसभा चुनाव मतदान को लेकर 167 बसें शासन ने अधिग्रहित की थीं। इसके बाद भी शहर में डेढ़ सौ बसें संचालित होती रहीं। शहर के सभी क्षेत्रों के लिए बसों की सेवाएं सामान्य रहीं।
संजय सोनी, बीसीएलएल कंपनी

अयोध्या नगर में बस न मिलने से वापस लौटे

तेज गर्मी में बसों का इंतजार कर रहे कई लोग ड्यूटी पर जाने की जगह वापस लौट गए। अयोध्या नगर चौराहे पर बस का इंतजार कर रहीं आराधना सिंह ने बताया कि उन्हें एमपी नगर ऑफिस जाना था। एक घंटे इंतजार के बाद भी बस न मिलने से वापस घर जा रहीं हैं। क्योंकि ऑटो वाले 100 रुपए सवारी मांग रहे हैं। इंद्रपुरी में निरंजन करनानी के अनुसार उन्हें पुराने शहर जाना था, लेकिन बस न मिलने से वापस घर जा रहे हैं।

छात्रों को दिया 12 और 11 एलपीए के पैकेज का प्रस्ताव

आईआरईएल और डेटा पैटर्न्स ने मैनिट के छात्रों का किया चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंडियन रेयर अथर्स लिमिटेड (आईआरईएल) ने इस साल पहली बार मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) का दौरा किया। यह कंपनी एक प्रमुख पीएसयू के रूप में प्रसिद्ध है। कंपनी ने एमएसएमई विभाग के छात्रों का चयन किया।

आईआरईएल के कार्यकारी अधिकारी ने मैनिट में नवाचार को प्रोत्साहित करने वाली सुविधाओं और प्रयोगशालाओं की सराहना की। कंपनी ने दो छात्रों को 12 एलपीए के पैकेज का प्रस्ताव दिया है। इसके अलावा, दूसरे वर्ष के छात्रों के लिए वैकल्पिक पाठ्यक्रमों को लेकर चर्चा हुई। इसके अलावा डिफेंस इलेक्ट्रॉनिक्स में अग्रणी कंपनी डेटा पैटर्न्स ने भी छात्रों का प्लेसमेंट किया। मैनिट से जिन छात्रों का चयन किया गया है वो चेन्नई के प्लांट पर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इन छात्रों को 11 एलपीए के पैकेज के साथ चयनित किया गया है। डेटा पैटर्न्स के साथ इस योजना में मैनिट के डीन और प्रोफेसरों की भी सहभागिता है। इसका उद्देश्य उन्नत प्रयोगशालाओं की स्थापना करना और संचार प्रणालियों, रडार तकनीक, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध, और एवियोनिक सिस्टम डिजाइन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अनुसंधान और विकास को प्रोत्साहित करना है। प्लेसमेंट सेल की एचओडी डॉ. अरुणा सक्सेना ने मैनिट के एल्युमिनॉई डॉ. विक्रमजीत सिंह तलवार और उन्नी (1984 बैच) से मिले समर्थन की सराहना की।

स्लीपर कोच हुए कम, एसी कोच बढ़े अब यात्रियों की जेब पर बढ़ रहा भार

स्लीपर कोचों में बढ़ रही वेटिंग यात्री हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेलवे इन दिनों लगातार स्लीपर कोच की संख्या कम कर रहा है, वहीं एसी कोचों की संख्या बढ़ा रहा है। इससे मध्यम वर्ग के यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और मजबूरी में एसी की टिकट लेकर यात्रा करने से जेब पर भार बढ़ रहा है। दरअसल, एक तरफ स्लीपर कोच की संख्या घटने से उन्हें मजबूरन एसी टिकट लेना पड़ रहा है। वहीं टिकट कंफर्म न होने से स्लीपर कोच में बेदम करने वाली भीड़ देखी जा रही है।

रेवांचल एक्सप्रेस, भोपाल एक्सप्रेस समेत कुछ अन्य ट्रेनों में छह स्लीपर कोच को कम कर दिया गया है। उनकी जगह दो थर्ड एसी इकोनामी कोच लगा दिए गए हैं। थर्ड एसी इकोनामी कोच का किराया स्लीपर के किराए से दोगुने से भी अधिक है। इस संबंध में भोपाल रेल मंडल के अधिकारी रेलवे बोर्ड का मामला बताकर कुछ भी कहने से बच रहे हैं।

यह है किराया

रेवांचल एक्सप्रेस
स्लीपर - 355 रुपए
एसी इकोनामी - 855 रुपए
भोपाल एक्सप्रेस
स्लीपर - 410 रुपए
एसी इकोनामी - 995 रुपए

यह बोले यात्री

ट्रेन से भोपाल से रीवा आए हैं। स्लीपर कोच कम होने के कारण बचे हुए कोच में बहुत ज्यादा भीड़ थी। हालात जनरल डिब्बे जैसे थे, क्योंकि जिन लोगों का टिकट वेटिंग में था। वह कंफर्म न होने के कारण ऐसे सभी यात्री कोच में मौजूद थे, जिससे डिब्बों के लोगों के बहुत बुरे हालत थे। पहले ये भीड़ कई स्लीपर कोच में बंट जाती थी, इससे समस्या नहीं होती थी।
रूपेश चौरसिया, रेल यात्री

पहले स्लीपर कोच में टिकट आसानी से मिल जाते थे, लेकिन कोच को कम करने के बाद से स्लीपर में ज्यादातर वेटिंग ही रहती है। वहीं थर्ड एसी इकोनामी में भी किराया स्लीपर से दो गुना है, इससे यात्री की जेब पर काफी असर पड़ रहा है। अब टिकट कंफर्म होने के बाद भी भीड़ के कारण पूरी सीट नहीं मिल पा रही है। लोगों को काफी परेशानी हो रही है।
दिनेश साहू, रेल यात्री

एलएचबी रैक की वजह से कम हो रही स्लीपर कोचों की संख्या

रेलवे ने एलएचबी रैक के ट्रेनों में स्लीपर कोचों की संख्या कम कर दी है। नतीजा यह है कि परेशानियों के कारण यात्रियों का सफर करना कठिन बन गया है। स्लीपर कोच की कमी के कारण स्लीपर की हालत सामान्य बोगी जैसी हो गई है। गर्मी की छुट्टी और शादी के सीजन में तो अत्यधिक भीड़ के कारण यात्रियों की फजीहत हो रही है। अब स्लीपर कोच कम होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे के अधिकारियों के मुताबिक थर्ड एसी इकोनामी का किराया थर्ड एसी से थोड़ा कम होता है। लोगों को बेहतर सुविधा देने के लिए रेलवे की ओर से स्लीपर कोच की जगह थर्ड एसी इकोनामिक कोच ट्रेनों में लगाए जा रहे हैं।

संत हिरदाराम नगर से रवाना होगी मानसखंड एक्सप्रेस

भोपाल। इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत गौरव पर्यटक ट्रेनों का संचालन शुरू किया है। आईआरसीटीसी द्वारा उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड के सहयोग से देवभूमि उत्तराखंड राज्य के प्रमुख तीर्थ और विरासत स्थानों को कवर करते हुए मानसखंड एक्सप्रेस भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। जो 22 मई को पुणे शहर से मानसखंड एक्सप्रेस के नाम से रवाना होगी। यह ट्रैन पुणे, लोनावला, कल्याण, वसाई, वापी, सूरत, वड़ोदरा, रतलाम, उज्जैन एवं संत हिरदाराम नगर स्टेशनों से होते हुए जाएगी। जहां से यात्री इस ट्रेन में सवार हो सकेंगे। 10 रातें और 11 दिनों की इस यात्रा में टनकपुर, भीमताल, कैंची, नैनीताल, अल्मोडा, नंदा देवी, चितई, जागेश्वर चौकोरी, हाट कालिका, पाताल भुवनेश्वर, चंपावत के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा।

रेल महाप्रबंधक ने किया श्रमिकों को सम्मानित

भोपाल। विश्व भर में एक मई को अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल पर श्रमिकों के योगदान एवं उनके परिश्रम को रेखांकित करते हुए अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अंतर्गत कोटा, भोपाल एवं जबलपुर मण्डलों में कार्यरत ग्रुप डी के रेल कर्मचारियों को पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक एवं पमरे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा शोभना बंदोपाध्याय द्वारा सम्मानित किया गया।

चुनाव का पर्व देश का गर्व
लोकसभा निर्वाचन 2024

मतदान दिवस
आज
7 मई 2024
मंगलवार

मतदाताओं के नाम संदेश

प्रिय मतदाता साथी,

मध्यप्रदेश लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए **आज दिनांक 07 मई 2024 दिन मंगलवार** को तृतीय चरण का मतदान होगा। आप प्रदेश के जिम्मेदार नागरिक हैं एवं सदैव अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते रहे हैं। लोकतंत्र में हर एक वोट महत्वपूर्ण है। आपका वोट लोकतंत्र को मज़बूत करेगा। आपसे आग्रह है कि आप अपने परिवार के समस्त मतदाताओं के साथ आज वोट देने अपने मतदान केन्द्र पर अवश्य जाएं।

शुभकामनाओं सहित...

अनुपम राजन
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी
मध्यप्रदेश

मध्यप्रदेश लोकसभा निर्वाचन-2024 के
तृतीय चरण के मतदान के लिए तैयार हो जाएं

लोकसभा क्षेत्र : मुरैना, भिंड, ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, भोपाल, राजगढ़ और बैतूल

वोट देने से पहले यह जानें

मतदान के लिए आपका नाम, मतदाता सूची में होना आवश्यक है

इन 13 दस्तावेजों में से किसी भी एक दस्तावेज का उपयोग कर मतदान किया जा सकता है

1. मतदाता पहचान-पत्र
2. आधार कार्ड
3. पैन कार्ड
4. ड्राइविंग लाइसेंस
5. पेंशन दस्तावेज (फोटो सहित)
6. स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड
7. स्मार्ट कार्ड (आरजीआई द्वारा जारी)
8. सेवा पहचान पत्र
9. मा.सांसद/विधायक को जारी आधिकारिक पहचान-पत्र
10. दिव्यांग यूनिक आईडी
11. मनरेगा जॉब कार्ड
12. भारतीय पासपोर्ट
13. फोटोयुक्त पासबुक

कोई भी मतदाता न छूटे

ceomadhyapradesh.nic.in CEOMPElections @CEOMPElections ceompelections ceompsveep

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश द्वारा जनहित में जारी

D-11004/24

मध्यप्रदेश मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024

भोपाल भूमि फ्रंट पेज

मतदान केंद्रों पर पहुंचीं पोलिंग पार्टी, आज सुबह 7 बजे से डाले जाएंगे वोट, वोटर्स के लिए बिछाये रेड कार्पेट

आनंद सक्सेना ▶▶| भोपाल

1 सुबह साढ़े छह बजे होगा मॉकपोल, 50 वोट डालकर होगी चैकिंग

2 भोपाल में आलोक-अरुण सहित 22 उम्मीदवारों के भाग्य का होगा फैसला

3 पहली बार मतदान करने वाले मतदाता लकी ड्रॉ में हो सकेंगे शामिल

रविवार को प्रचार थमने के बाद सोमवार को मतदान कराने वाली पोलिंग पार्टियों ने मतदान दलों पर पहुंचकर मोर्चा संभाल लिया है। सुबह छह बजे राजनैतिक दलों के एजेंटों के सामने पचास दिखावटी वोट डाले जाएंगे। इसके बाद ठीक सुबह सात बजे से मतदान शुरु होगा। मतदान करने वाले लोग मतदाता पर्ची के साथ वोटर कार्ड या अन्य फोटो आईडी जरूर साथ ले जाएं।

सोमवार को सुबह आठ बजे से पोलिंग पार्टियों की रवानगी शुरू हो गई थी। सुबह 6 बजे से लाल परेड मैदान में पहुंचे कर्मचारियों को दोपहर तक 916 लोकेशन पर रवाना कर दिया गया। इस दौरान एक कर्मचारी का बीपी बढ़ने की वजह से उसे अस्पताल भेजा गया।

भोपाल लोकसभा क्षेत्र में 2097 पोलिंग बूथ तैयार कर लिए गए हैं। इन पोलिंग बूथ पर मतदान कराने की जिम्मेदारी करीब पंद्रह हजार कर्मचारियों को दी गई है। इसमें 12 हजार कर्मचारी पोलिंग बूथ पर मतदान कराएंगे, जबकि 3 हजार कर्मचारियों को रिर्जव रखा गया है। लाल परेड मैदान पर सोमवार को सुबह 8 बजे से पोलिंग पार्टी में शामिल सभी पीठासीन अधिकारियों को उनकी दो-दो बैलेट यूनिट, वीवीपेट और कंट्रोल यूनिट सौपी गई। इस दौरान कर्मचारियों ने मशीनों की बैटरी की जांच की। इसके बाद यहां से पोलिंग पार्टी को बसों के जरिए पोलिंग बूथ के लिए रवाना किया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए वोटर्स के लिए शाम 6 बजे तक वोट करने का समय तय किया गया है। शाम 5 बजकर 45 मिनट के बाद पोलिंग बूथ पर किसी भी वोटर्स को एंट्री नहीं दी जाएगी।

गर्मी इतनी कि कूलर-पंखे भी रहे बेअसर

सोमवार को चिलचिलाती धूप से बचाव के लिए लाल परेड मैदान पर विधानसभावार टेंट लगाए गए थे, यहां पर कूलर और पंखे लगाए गए थे, लेकिन गर्मी इतनी थी कि कूलर-पंखे भी गर्म हवाएं फेंक रहे थे। इस दौरान कर्मचारियों को दिन के खाने के लिए भी परेशान होना पड़ा। पानी के लिए भी मतदान कर्मी भी यहां-वहां भटकते नजर आए।

आज 21 लाख 15 हजार 397 वोटर करेंगे मतदान

भोपाल लोकसभा सीट के लिए भोपाल की सात और सीहोर जिले की एक विधानसभा के मतदाता वोटिंग करेंगे। जिससे यहां 21 लाख 15 हजार 397 मतदाता अपना वोट डालेंगे। पुरुष 10 लाख 86 हजार 770, महिला 10 लाख 28 हजार 457 और 170 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। जिनमें भोपाल जिले की सात विधानसभा में 2097 मतदान केन्द्र हैं।

कर सकेंगे चैलेंज वोट

यदि कोई मतदाता अपने मतदान केन्द्र पर वोट डालने जाता है, लेकिन उसका वोट किसी अन्य व्यक्ति ने पहले ही डाल दिया है, तो वह चैलेंज वोट कर सकता है। इसके लिए इस मतपत्र पर एरोक्रॉस मार्क सील से वोट डाला जाएगा। जिसके बाद पीठासीन अधिकारी इसको लिफाफे में सील कर देगा। सभी मतदान केंद्रों पर बीस-बीस मतपत्र चैलेंज वोट के दिए गए हैं।

स्याही दिखाने पर मिलेगा कूपन

पहली बार मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के 2097 मतदान केंद्रों पर कूपन बॉक्स रखा है, जिसमें मतदान करने वालों से कूपन भरवाए जाएंगे। प्रत्येक मतदान केंद्र पर दस बजे, तीन बजे और शाम छह बजे लकी ड्रॉ निकाला जाएगा। बंपर ड्रॉ मतदान के दूसरे दिन होगा, जिसमें डायमंड रिंग, टीवी, फ्रिज, कूलर, वॉशिंग मशीन सहित अन्य ईनाम रखे गए हैं।

135 मॉडल केंद्रों पर मिलेंगी कुर्सियां

जिले की सात विधानसभा में 135 आदर्श मतदान केन्द्र और 72 महिला बूथ बनाए गए हैं। इसके साथ 12 यूथ और 7 पीडब्ल्यूडी मतदान केंद्र भी बनाए गए हैं। मॉडल केंद्रों पर मतदाताओं के लिए टेंट, कुर्सियां, पानी सहित अन्य इंतजाम किए गए हैं। ईवीएम के परिवहन में लगे वाहनों में जीपीएस (ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम) लगाए गए हैं।

गुब्बारों, रंगोली से सजाए मतदान केंद्र होटलों में मिलेगा दस फीसदी डिस्काउंट

लोकसभा चुनाव के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय ने 135 आदर्श मतदान केंद्रों पर रेड कारपेट बिछाया है। गुब्बारों और रंगोली के साथ मतदान केंद्रों को सजाया गया है। इधर वोट डालने वालों के लिए व्यापारी संगठनों ने चुनिंदा होटलों में दस फीसदी तक डिस्काउंट देने का ऐलान किया है। जिसके लिए मतदाता को अंगुली पर अमिट स्याही दिखाना पड़ेगी। भोपाल में वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए व्यापारियों ने बाजार बंद रखने का निर्णय लिया है। व्यापारियों का कहना है कि मतदान जरूरी है। इसलिए बाजार बंद रखेंगे। न्यू मार्केट में वोट डालने वाले ग्राहक को सभी दुकानों पर 5 प्रतिशत का डिस्काउंट भी दिया जाएगा।

आनंद विहार कॉलेज

मॉडल स्कूल

भोपाल के व्यापारिक संगठनों ने लिया निर्णय, अंगुली पर स्याही दिखाकर ले सकेंगे डिस्काउंट

रिजर्व में रखे कर्मचारी की तबीयत बिगड़ी

डीआरएम ऑफिस के कर्मचारी को लाल परेड मैदान पर चक्कर आ गए। बताया जा रहा है कि उन्होंने सुबह अपनी रुटीन दवा नहीं ली थी। 45 वर्षीय रितेंद्र चौबे को भोपाल की रिजर्व पोलिंग पार्टी में तैनात किया गया था।

74 बंगले के मतदान केंद्र पर पहुंची पोलिंग पार्टी।

आज शाम से लाल परेड का ट्रैफिक डायवर्ट रहेगा

लाल परेड मैदान के मोतीलाल नेहरू स्टेडियम से मतदान के बाद ईवीएम मशीनों के जमा किए जाने के चलते मंगलवार को शाम के समय इस ओर आने-जाने वाले रास्तों पर ट्रैफिक परिवर्तित मार्ग पर चलाया जाएगा।

मंगलवार को मतदान के बाद मतदान दलों के मतदान पेटी के साथ वापस लाल परेड ग्राउंड आगमन होगा। इसके दौरान लाल परेड ग्राउंड के आसपास वाले मार्गों पर यातायात का दबाव रहेगा। इसके चलते डीबी मॉल से जेल मुख्यालय होकर कंट्रोल रूम तिराहे की ओर जाने वाला सामान्य यातायात डीबी मॉल से मैदा मिल, जिन्सी होकर पुराने भोपाल की ओर जा सकेंगे। वहीं पुलिस मुख्यालय से गांधी पार्क , रोशनपुरा की ओर सामान्य यातायात प्रतिबंधित रहेगा।

इस मार्ग से गुजरें

- रोशनपुरा से भारत टॉकीज जाने वाले वाहन बाणगंगा, खटलापुरा, लिली टॉकीज होते हुए जा सकेंगे।
- रोशनपुरा से रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड जाने वाली मिनी बसें अपैक्स बैंक, बोर्ड ऑफिस चौराहा, जिंसी से होते हुए चलेंगी।
- भारत टॉकीज से रोशनपुरा जाने वाले वाहन लिली, बाणगंगा,रोशनपुरा आ सकेंगे।
- बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन से एमपी नगर, न्यू मार्केट आने वाली मिनी बसें भारत टॉकीज से जिंसी, बोर्ड ऑफिस चौराहे से जा सकेंगी।

ड्यूटी कर्मचारी केंद्र पर ही कर सकेंगे मतदान

भोपाल। लोकसभा चुनाव की ड्यूटी में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को इस बार सुविधा दी गई है कि वह जिस केंद्र पर तैनात हैं, वहीं पर अपना मतदान कर सकेंगे।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक पांडे ने बताया कि ड्यूटी में तैनात लगभग 15 हजार अधिकारी कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी प्रमाणपत्र (ईडीसी) की सुविधा प्रदान की गई है। दरअसल लोकसभी संसदीय क्षेत्र एक होने और तय उम्मीदवार होने से ईडीसी के तहत वह अपने मत का उपयोग ड्यूटी वाले केंद्र पर ही कर सकेंगे।

20 मिनट में पहुंच जाएगी ईवीएम

अगर किसी मतदान केंद्र पर ईवीएम या अन्य कोई और मशीन खराब होती है तो वो 20 मिनट में बूथ पर रिप्लेस कर दी जाएगी। विधानसभा चुनाव में खराब मशीनों को रिप्लेस करने का समय आधा घंटा रखा था। 165 मशीनें मॉकपोल और मतदान के दौरान खराब हुईं थीं जिन्हें बदलने में काफी समय लगा था।

पुरानी जेल पर होगी सीधी वापसी

जिला निर्वाचन कार्यालय ने पहली बार लाल परेड ग्राउंड से पोलिंग पार्टियां रवाना करने के बाद उनकी वापसी पुरानी जेल के स्ट्रांग रूम में सीधी वापसी रखी गई है। इसके पहले लाल परेड ग्राउंड पर मशीनें जमा की जाती थीं, जिन्हें बाद में पुरानी जेल में बने स्ट्रांग रूम में शिफ्ट किया जाता था। इस बार पोलिंग पार्टियां सीधी अरेरा हिल्स स्थित पुरानी जेल पर पहुंचेंगी।

मतदान प्रतिशत बढ़ाने पहल

पंडित-पुजारी व सामाजिक संगठनों ने की मतदान की अपील, बांटे पंपलेट

राजधानी के सामाजिक संगठनों ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरुकता अभियान चलाए गए। ब्राह्मण, साहू, राजपूत, गुजराती सहित अन्य समाज के पदाधिकारी लोगों को मतदान के लिए पंपलेट बांट चुके हैं। मंगलवार सुबह लोगों को मतदान केंद्रों पर पहुंचाने का काम भी करेंगे। दूसरी ओर कुछ निजी अस्पताल की ओर से मतदान करने के बाद चेकअप कराने आने वाले लोगों को फीस में 10 प्रतिशत का डिस्काउंट करने की बात कहीं जा रही है। टीला जमालपुरा के शारदा माता मंदिर के पुजारी पंडित श्रीहरि जोशी ने बताया कि देश की उन्नति के लिए मतदान आवश्यक है। बाबूलाल भगवती सोनी ट्रस्ट निहाल साहू ने बताया कि वे सभी भक्तों से अपील कर रहे हैं कि अपने मताधिकार का उपयोग आवश्यक रूप से करें।

कुक्कुट भवन मतदान केंद्र पर मच्छर मारने फॉगिंग।

विस क्षेत्र	पुरुष	महिला	थर्ड जेंडर	कुल मतदाता
बैरसिया	129857	121264	4	251125
नरेला	181712	169870	14	351596
उत्तर	124670	123217	9	247896
दक्षिण -पश्चिम	121133	113583	11	234727
मध्य	126617	121128	107	247852
गोविंदपुरा	206991	193931	16	400938
हुजूर	195790	185464	9	381263
सीहोर	113876	110126	7	224009
कुल	1200646	1138583	177	2339406

आज मतदान जरूर करें

लोकसभा के लिए होने वाले चुनाव में मंगलवार को मतदान करने जरूर जाएं, ऐसा करने से आप देश के लोकतंत्र में भागीदार होंगे। सभी मतदान केंद्रों पर तैयारियां पूरी कर ली गईं हैं। सुबह सात बजे से मतदान शुरु कर दिया जाएगा। **कौशलेंद्र विक्रम सिंह,** कलेक्टर

510 केंद्रों पर कैमरों से होगी लाइव निगरानी

बैरसिया, नरेला, उत्तर, मध्य, गोविंदपुरा, दक्षिण पश्चिम और हुजूर विधानसभा क्षेत्र के संवेदनशील और अति संवेदनशील मतदान केंद्रों की मेपिंग कर ली गई है। इन केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। जिनसे लाइव मॉनीटरिंग की जाएगी। जिले में 464 संवदेनशील और 46 अति संवदेनशील मतदान केंद्र चिन्हित किए गए हैं। इस तरह से कुल 510 केंद्रों की लाइव मॉनीटरिंग की जानी है।

दिक्कत होने पर यहां करें शिकायत

मतदाता किसी भी तरह की मतदान से जुड़ी परेशानी होने पर कंट्रोल रूम के नंबर 0755-2730395 पर शिकायत कर सकते हैं। इसके अलावा सी-विजिल एप्प, टोल फ्री नंबर 1950 पर भी शिकायत की जा सकती है।

सरकारी स्वीमिंग पूल सिर्फ तीन, जिसमें भीड़ के कारण लोग निजी पूल में जाने को मजबूर

लाइफ जैकेट और सुरक्षा के बिना चल रहे राजधानी में 147 स्वीमिंग पूल

आनंद सक्सेना ▶▶| भोपाल

तीन बड़े वाटर पार्क में भी भीड़ को कंट्रोल करने और सुरक्षा के नाकाफी इंतजाम

स्वीमिंग पूल और वाटर पार्क में पिछले तीन दिन में दो मासूमों की मौत के बाद राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों में जांच पड़ताल की गई तो 147 ऐसे स्वीमिंग पूल मिले, जहां लाइफ जैकेट और सुरक्षा की बात तो दूर इनकी देखभाल करने वाला तक भी कोई नहीं। वहीं नई बन रही कवर्ड कैंपस कॉलोनियों में दिखावे के पूल बनाए जा रहे हैं। वहीं मेरिज गार्डन में भी निजी स्वीमिंग पूल बिना लाइफ जैकेट और सुरक्षा के फोटो सेशन के लिए चल रहे हैं।

हर साल गर्मियों में राजधानी में 48 हजार लोग आवेदन करते हैं, लेकिन अधिकृत तीन ही स्वीमिंग पूल होने से 25 हजार से ज्यादा लोग दूसरे पूल में अपना शौक पूरा कर रहे हैं। 48 हजार लोगों में 13 हजार महिलाएं हैं। अधिकृत स्वीमिंग पूल में भेल सीनियर क्लब, कल्पना नगर का पुरुषोत्तम गौर स्वीमिंग पूल, सेकेंड स्टाप पर प्रकाश तरण पुष्कर, विट्टन मार्केट में अर्जुन तरुण पुष्कर, कोहेफिजा तरण पुष्कर शामिल हैं।

निगम आयुक्त के अनुसार जांच की जा रही है

नगर निगम बिल्डिंग परमिशन के द्वारा अनुमति दी जाती है। इसलिए अधिकारियों से कहा गया है कि वो उस नियम के बारे में जानकारी दें, जिसके तहत दुर्घटना वाले स्वीमिंग पूल या वाटर पार्क के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। **हरेंद्र नारायण,** आयुक्त, नगर निगम भोपाल

बिना लाइफ जैकेट के प्रवेश ही नहीं

पुरषोत्तम गौर तरण पुष्कर के प्रबंधक ब्रजभान सिंह धाकड़ के अनुसार किसी भी तैराक या सीखने वालों को बिना सुरक्षा कवच और लाइफ जैकेट के प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। कई प्रभावशाली लोग प्रवेश की कोशिश करते हैं, लेकिन उन्हें भी प्रवेश नहीं करने दिया जाता है।

बिल्डिंग परमिशन देते हैं

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार राजधानी के मेरिज गार्डन या हॉल के अलावा कॉलानियों और सार्वजनिक स्थान में स्वीमिंग पूल और वाटर पार्क बनाने की अनुमति बिल्डिंग परमिशन विभाग से दी जाती है। किसी प्रकार की घटना या दुर्घटना के बाद जांच पुलिस के द्वारा की जाती है, जबकि लोगों का कहना है कि लाइसेंस निरस्त का प्रावधान होना चाहिए।

ज्यादा पूल पीडब्ल्यूडी की देखरेख में

राजधानी में प्रकाश तरण पुष्कर, मेट्रो पार्क, विट्टन मार्केट सहित सबसे ज्यादा स्वीमिंग पूल पीडब्ल्यूडी की देखरेख में चल रहे हैं, लेकिन वहां के अधिकारियों का कहना है कि सिर्फ मेंटेनेंस का काम विभाग देखता है।

रियलिटी चेक

बड़े तालाब में भी बच्चे लगा रहे छलांग

शीतलदास की बगिया में नगर निगम के द्वारा तैनात किए गोताखोर शेख आसिफ के अनुसार तालाब में तैराकी पूरी तरह से मना है, लेकिन बच्चे छिपकर छलांग लगा देते हैं। इन्हें रोकने के लिए काफी प्रयास करना पड़ता है। इसके बाद भी सुबह से शाम तक करीब 40 से 50 बच्चे तैरते रहते हैं। वहीं सोमवार को जब देखा गया तो शीतलदास की बगिया समेत आसपास के घाटों पर बच्चे तैराकी करते मिले हैं।

जैकेट एक का शेष

दंगल का 'मंगल'...

गया है। लाइट, पानी के साथ ही गर्मी से बचाव के इंतजाम किए गए है। मप्र के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने मतदान के एक दिन पहले प्रेस कांफ्रेंस करके पत्रकारों को डिटेल जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तीसरे चरण में कानून व्यवस्था के मद्देनजर एक लाख 17 हजार 521 लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। एक लाख 53 हजार 407 लाइसेंसी हथियार जमा करा लिया गया है। 299 फ्लाइंग स्क्वाड टीम की तैनाती करने के साथ ही 336 स्टेटिक सर्विलेंस टीम को सतत निगरानी में तैनात किया गया है। दतिया, ग्वालियर, सागर, गुना और सीहोर के साथ ही अन्य जिलों में कर्मचारियों को त्वरित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से डॉक्टर एवं पैरामेडिकल स्टॉफ के साथ आईसीयू स्थापित किया गया है। ग्वालियर में मतदान दल के सभी सदस्यों को वेलकम और मेडिकल किट भी दी गई है। इसमें जलजीरा, स्नैक्स, पानी का बोतल और जरूरी दवाइयां है। मतदान केंद्रों पर पहुंचे मतदाताओं को गर्मी में परेशान न होना पड़े, इसके लिए सभी मतदान केंद्रों पर खास इंतजाम किए गए हैं। जिलों में गर्मी को ध्यान में रखते हुए मतदान केंद्रों पर जलजीरा, आम का पना, छाछ, शरबत, पीने के लिए ठंडा पानी, शामियाना, बैठक व्यवस्था, दवाइयां सहित अन्य व्यवस्थाएं की जा रही हैं। साथ ही दिव्यांग, बुजुर्ग मतदाताओं को कतार में खड़ा न होना पड़े, उनका तुरंत मतदान हो जाए, इसकी भी व्यवस्थायें की गई हैं।

इतनी संख्या में मशीनों का होगा उपयोगः सीईओ राजन ने बताया कि तीसरे चरण के 9 लोकसभा क्षेत्रों में 25,108 बीयू, 20,458 सीयू तथा 20,456 वीवीपैट का उपयोग किया जाएगा। इस संख्या के 20 व 30 फीसदी अतिरिक्त मशीनें रिजर्व में रखी गई है। सकुशल मतदान सम्पन्न कराने के लिए सभी मतदान दल अपने-अपने मतदान केंद्रों में पहुंच गए हैं। मतदान केंद्र पहुंचने पर सभी मतदान कर्मियों का स्थानीय लोगों की ओर से पुष्पहारों एवं शीतल जलपान से स्वागत किया गया। गर्मी को देखते हुए मतदान सामग्री वितरण केन्द्रों में छाया, पानी, दवाइयों के साथ ही आईसीयू भी स्थापित किए गए हैं।

वोटर टर्न-आउट एप से ले सकेंगे मतदान प्रतिशत की जानकारीः भारत निर्वाचन आयोग के वोटर टर्न आउट एप पर मतदान प्रतिशत की अद्यतन जानकारी उपलब्ध रहेगी। इसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति हर दो घंटे में दर्ज हुए मतदान प्रतिशत के बारे में जानकारी ले सकेंगे। वोटर-टर्न आउट एप आम लोगों को गूगल प्ले स्टोर पर जाकर डाउनलोड करना होगा।

मामा, महाराजा और...

कांग्रेस के सत्यपाल सिकरवार और बसपा के रमेश गर्ग के बीच मुकाबला है जबकि भिंड में भाजपा की संध्या राय, कांग्रेस के फूल सिंह बरैया और बसपा के देवाशीष जारारिया के बीच मुकाबला है। ग्वालियर में विधानसभा हारे भाजपा के भारत सिंह कुशवाहा और कांग्रेस के प्रवीण पाठक में टक्कर है। सागर में भाजपा की लता वानखेड़े और कांग्रेस के गुड्डू राजा बुंदेला, भोपाल में भाजपा के आलोक शर्मा और कांग्रेस के अरुण श्रीवास्तव आमने-सामने हैं। बैतूल में भाजपा सांसद दुर्गादास उइके का मुकाबला कांग्रेस के रामू टेकाम से है।

जैकेट दो का शेष

एयर इंडिया ने अपनी...

डॉमेस्टिक फ्लाइट में न्यूनतम किराए वाली कैटेगरी में अब पैसेंजर 15 किलोग्राम का सामान ही फ्री में ले जा सकते हैं। इससे पहले पैसेंजर को 20 से 25 किलोग्राम तक बैगेज ले जाने की छूट थी। इकोनॉमी क्लास के तहत तीन किराया श्रेणियां हैं – कम्फर्ट, कम्फर्ट प्लस और फ्लेक्स। इनमें से घरेलू मार्गों पर 'कम्फर्ट' और 'कम्फर्ट प्लस' श्रेणियों के लिए फ्री केबिन बैगेज अलाउंस 15 किलोग्राम किया गया है। पहले 'कम्फर्ट' श्रेणी के लिए 20 किलोग्राम और कम्फर्ट प्लस श्रेणी के लिए 25 किलोग्राम फ्री केबिन बैगेज एलाउंस की अनुमति थी। हालांकि 'फ्लेक्स' श्रेणी में फ्री केबिन बैगेज अलाउंस 25 किलो है। वहीं, घरेलू मार्गों पर बिजनेस क्लास में फ्री केबिन बैगेज अलाउंस 25 किलोग्राम से 35 किलोग्राम तक है। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में फ्री केबिन बैगेज एलाउंस अलग-अलग होता है। अन्य घरेलू एयरलाइंस में भी यात्रियों को बिना अतिरिक्त शुल्क के 15 किलोग्राम केबिन बैगेज ले जाने की अनुमति है।

यह चुनाव दो माताओं ...

कांग्रेस या नेहरू खानदान ने नहीं दिलाई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का पूर्व में ही कई जिलों में चुनावी दौरे पर जाना था, किंतु जैसे ही उन्हें छिंदवाड़ा के शहीद की खबर मिली, वे तत्काल छिंदवाड़ा पहुंचे और शहीद के परिवार को सांत्वना दी। इसके बाद ही मुख्यमंत्री चुनावी दौरे पर रवाना हुए। उन्होंने तराना में आयोजित जनसभा में कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी को जैसे ही आइना दिखाया जाता है, उन्हें बिच्छू काट लेता है। यह पार्टी कंबल ओढ़ के घी पीना चाहती है। कांग्रेस की सरकार के समय देश में आतंकी घटनाओं का क्रम लगातार जारी रहा। हमेशा से जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने का काम किया है। 40 हजार से ज्यादा निर्दोष लोगों की हत्या की जिम्मेदारी कांग्रेस पर है। 2013 में भाजपा ने प्रधानमंत्री पद का प्रत्याशी घोषित किया। जिन्होंने डंके की चोट पर कहा था इस देश से आतंकवाद, भाई-भतीजावाद, लूट खसोट समाप्त करूंगा। इसके बाद पूरा देश नरेंद्र मोदी के साथ चला और 40 साल के बाद किसी गैर कांग्रेसी प्रचंड बहुमत की सरकार बनी।

कांग्रेस के पापों ...

को याद दिलाते हैं तो कहते हैं, फालतू की बात मत करो। कांग्रेस को उनके पूर्व कार्य जब गिनाए जाते हैं। तो वे वर्तमान की बात करने का सुझाव देने लगते हैं। वे जानते हैं उन्होंने कितनी गलतियां की हैं।

हम रिजर्वेशन को...

हम आदिवासियों से, दलितों से, पिछड़े वर्ग से आरक्षण छीन लेंगे, आरक्षण को खत्म कर देंगे। मैं आपको आज यहां ये बताने आया हूं, वो छीनने की बात कर रहे हैं। हम आरक्षण को बढ़ा देंगे। 50% से ज्यादा कर देंगे। आज 50% का लिमिट है। इस लिमिट को हम परे करके, 50% लिमिट को रद्द करके, हम आपका रिजर्वेशन, गरीबों का रिजर्वेशन बढ़ाएंगे।

आरक्षण चुनाव का...

न? और ये भी बताओ आप आरक्षण के लिमिट को 50% से आगे करोगे, हां या न? ये चुनाव का मुख्य मुद्दा है। आरक्षण, संविधान और गरीबों की रक्षा।

हम मनरेगा में ...

कहते हैं। आज मनरेगा के लिए आपको 250 रुपए मिलता है। हमने मन बना लिया है। चुनाव के बाद 400 रुपए मिलेगा।

5 छात्र कन्याकुमारी ...

बंद कर दिया गया था। जांचकर्ताओं का कहना है कि छात्रों का यह समूह, तिरुचिरापल्ली के एसआरएम मेडिकल कॉलेज के कई अन्य छात्र-छात्राओं के साथ रविवार को कन्याकुमारी की एक शादी में शामिल होने के लिए आया था। डूबे हुए छात्रों की पहचान तंजावुर के चारुकावी, नेवेली के गायथिरी, कन्याकुमारी के सर्वदर्शित, डिंडीगुल के प्रवीण सैम और आंध्र प्रदेश के वेंकटेश के रूप में की गई है।

ट्रैक्टर पलटने से...

के नीचे दब गए। सभी को मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। वहीं जिला प्रशासन द्वारा मृतक के परिजनों को 50,000 एवं घायलों को 10,000 की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

सीएम मोहन यादव ने जताया दुखः घटना को लेकर सूबे के मुखिया सीएम मोहन यादव ने दुख जाहिर करते हुए एक्स पर लिखा कि तिनेटा देवरी में ट्रैक्टर पलटने से 5 बच्चों के असामयिक निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान व शोक संतप्त परिजनों को यह गहन दुःख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना करता हूं। हादसे में जो 2 बच्चे घायल हुए हैं, उनके उचित इलाज के निर्देश दिए हैं। बाबा महाकाल से सभी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। शासन द्वारा मृतक बच्चों के परिजनों को 50-50 हजार रुपए और घायलों के लिए 10-10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जा रही है।

बहुचर्चित हनी ट्रैप ...

एक अन्य आरोपी श्वेता स्वपनिल जैन के खिलाफ कार्यवाही के पर्याप्त आधार नहीं होने से उसे चार्ज के समय 12 फरवरी 2020 को आरोपों से उन्मोचित करते हुए आरोपी श्वेता विजय जैन, आरती दयाल और चिंटू उर्फ अभिषेक सिंह ठाकुर के विरूद्ध प्रकरण चलाए जाने के आदेश दिए थे। मामले का फैसला सुनाए जाते समय तीनों आरोपी अदालत में उपस्थित थे। चिंटू उर्फ अभिषेक सिंह ठाकुर की ओर से प्रकरण में तारिक सिद्दीकी ने पैरवी की। उल्लेखनीय है कि इंदौर नगर निगम के तत्कालीन इंजीनियर हरभजन सिंह की शिकायत पर इंदौर पुलिस ने श्वेता विजय जैन ,आरती दयाल श्वेता स्वपनिल जैन और मोनिका यादव के खिलाफ हनी ट्रैप का प्रकरण दर्ज किया था। इसी हनी ट्रैप मामले की आरोपी मोनिका यादव के पिता हीरा लाल यादव ने 24 सितंबर 2019 को पलासिया पुलिस थाना में आरती दयाल सहित अन्य आरोपियों के विरूद्ध शिकायत दर्ज कराई थी । बाद में यह मामला सीआईडी के सुपुर्द कर दिया गया था। सीआईडी ने मोनिका यादव के पिता हीरालाल पुत्र रामसिंह यादव निवासी ग्राम नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़ की शिकायत पर 25 सितंबर 2019 को आरोपियों के खिलाफ मानव तस्करी और आपराधिक षड़यंत्र रचने का मामला दर्ज किया था।

मोनिका को सेक्स...

अभिषेक सिंह, श्वेता विजय जैन की एनजीओ का पूर्व कर्मचारी है। अभिषेक सिंह के माध्यम से ही मोनिका यादव को सुनहरे भविष्य का सब्ज बाग दिखाकर भोपाल लाया गया और महत्वकांक्षी मोनिका यादव को सेक्स रैकेट एवं ब्लैकमेलिंग के काम में धकेल दिया गया। मोनिका यादव ने भी अपने बयान में बताया था कि उसके फोन मित्र अभिषेक सिंह ठाकुर के माध्यम से आरती दयाल और श्वेता विजय जैन द्वारा उच्च शिक्षा व रोजगार के नाम पर उसे गांव से भोपाल आने के लिए उत्प्रेरित किया। मोनिका यादव ने बयान में बताया था कि इस काम के लिए उसे आरती दयाल ने लालच दिया था कि उसकी पूरी फैमिली को सैटल करा देंगें। बाद में मोनिका और उसके पिता अदालत में दिए गए अपने पूर्व के बयानों से पलट गए थे। इसी आधार पर अदालत ने आरोपियों को दोषमुक्त करते हुए बरी कर दिया है।

भगवान गणेश की ...

2006 और 2013 में अंतरिक्ष के लिए उड़ान भर चुकी हैं। उन्होंने अंतरिक्ष में कुल 322 दिन बिताए हैं। सुनीता विलियम्स के पिता दीपक पंड्या एक न्यूरोएनाटोमिस्ट थे। गुजरात के मेहसाणा के झुलासन गाँव में उनका जन्म हुआ था। बाद में वो अमेरिका चले गए थे, जहाँ उन्होंने स्लोवेनियाई महिला बोनी से शादी की थी। सुनीता विलियम्स के नाम पर अमेरिका के नीधम में स्कूल भी है। भारत भी 'गगनयान' अंतरिक्ष मिशन की तैयारी में लगा हुआ है।

गर्मी ने शुरु होते ही ...

से बुधवार तक खंडवा, खरगोन, बड़वानी, झाबुआ, उज्जैन, रतलाम, मंदसौर, नीमच, मलाजखंड और दतिया जिलों में कुछ स्थानों पर लू चलने की संभावना है। इन जिलों में दिन का पारा एक से 3 डिग्री तक बढ़ेगा, जिससे गर्मी हाल बेहाल करेगी।

पेज एक का शेष

वीरेंद्र राम के घर...

24 ठिकानों पर छापेमारी शुरू की थी जो 22 फरवरी को समाप्त हुई थी। इस छापेमारी के दौरान उनके पास से बरामद दस्तावेजों के आधार पर वीरेंद्र राम से एजेंसी ने दो दिनों तक पूछताछ की थी। ईडी ने अदालत को बताया था कि राम और उसके परिवार के बैंक खातों की जांच में उनकी आय के कानूनी स्रोतों से अधिक धन की जानकारी प्राप्त हुई। राम ने अपने पिता, पत्नी और परिवार के अन्य सदस्यों के नाम पर चल और अचल संपत्ति अर्जित की। ये संपत्ति परिवार की आय के अनुपात में नहीं है। वीरेंद्र राम के खिलाफ सितंबर 2020 में मनी लांड्रिंग मामले की शिकायत दर्ज की गई थी।

स्व. केशर देवी स्मृति टी-20 डे-नाइट क्रिकेट

ठाकुर का सैकड़ा, जुबेर की फिफ्टी से सदय-11 जीती

- फीयर्स फॉल्कन ने किया जीत से आगाज
- डॉ. समीर की हैट्रिक, 4 विकेट चटकाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पुलिस लाइन नेहरू नगर में स्व. केशर देवी स्मृति दिनरात (डे-नाइट) टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता खेली जा रही है। इसके तहत रविवार को प्रतियोगिता का पहला मैच डॉक्टर-11 और फीयर्स फॉल्कन के बीच खेला गया, जिसमें डॉक्टर-11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 14 ओवर में 71 रन बनाए। इनमें डॉ. प्रवीण तिवारी 20 और डॉ. ऋत्विक के 15 रन बनाए। गेंदबाजी करते हुए चिराग लालचंदानी ने 3 और चिन्टू तीर्थानी, इहित पाल सिंह ने 2-2 विकेट चटकाए। जवाब में फीयर्स फॉल्कन की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही, पारी लड़खड़ा गई, जबकि डॉ. समीर ने एक ही ओवर में टूर्नामेंट की पहली हैट्रिक सहित 4 विकेट लेकर फीयर्स फॉलकेन टीम को बैकफुट में ला दिया। परन्तु फिर अमितेश 21 रन, आकर्श 17 और धनन्जय 14 रन की मदद टीम ने 7.6 ओवर में 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। गेंदबाजी करते हुए डॉ. समीर ने हैट्रिक सहित 4 विकेट लिए। डॉ. हामिद रजा को एक सफलता मिली। मैन ऑफ द मैच चिराग लालचंदानी रहे।

आज के मैच

पहला मैच -फीयर्स फॉल्कन विरुद्ध अस्तित्व शाम 5.00 बजे से।
दूसरा मैच - ह्यूज लोकेटर विरुद्ध एग्रीगेटर रात-8.00 बजे से।

बल्लेबाज ठाकुर ने ठोके 111 रन

इसके साथ ही दूसरा मैच कस्तूरबा और सदय-11 के बीच खेला गया, जिसमें सदय-11 के सलामी बल्लेबाज आरएस ठाकुर (111 रन, यह उनका दूसरा शतक) की शतकीय पारी और जुबेर खान अर्द्धशतकीय पारी (75 रन) की मदद से निर्धारित 20 ओवरों में 3 विकेट पर 221 रन बनाए। इनके अलावा मयंक राज ने 10 रनों का योगदान दिया। अनुराग सिंह सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 3 ओवर में 38 रन देकर 3 विकेट झटके। जवाब में कस्तूरबा की टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 207 ही बना सकी। उनकी ओर से संदीप ने अर्द्धशतकीय पारी में 52 रन जोड़े जबकि आदित्य मुजुमदार ने अर्द्धशतकीय पारी खेलते हुए 77 रन बनाए। गीत जिज्ञासी ने 22 और प्रशांत व असद ने 13-13 रनों का योगदान दिया। सदय-11 की ओर स रोहित गोस्वामी ने 3 दिवाकर तिवारी ने 2 और अभ्यगत ने 1 विकेट अपनी झोली में डाला। मैन ऑफ द मैच आर.एस ठाकुर रहे। अंत में चिराग लालचंदानी और आरएस ठाकुर को मैन ऑफ मैच द अवार्ड से नवाजा गया। प्रतियोगता का पुरस्कार वितरण पार्षद दिव्यांशु कंसाना और योगेंद्र सिंह ने किया।

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | विकित्सा | ज्योतिष | डिस्पले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

आवश्यकता
कोमोरी ऑफसेट ऑपरेटर - कोमोरी लिथ्रोन -426,प्रिंटिंग मशीन हेतु कर्मचारियों की अति शीघ्र आवश्यकता है। ऑपरेटर, फिडर मैन, कटिंग मैन, हेल्पर संपर्क - 7566100099- हिन्दुजा ऑफसेट, रायपुर(छत्तीसगढ़) R- 14/04 to 13/05/24

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। - व्यावस्थापक

महालक्ष्मी फायनेंस
*महिलाओं को विशेष छूट
(सरकार द्वारा रजिस्टर)
1% ब्याज 50% छूट
सभी प्रकार की योजनाओं के द्वारा लोन ऑनलाईन पाएं
एजेंट आमंत्रित वेतन - 25,000/- प्रतिमाह + कमीशन
मार्कशीट | पर्सनल | बिजनेस
कृषि | होमलोन | प्रॉपर्टी
व्यवसाय | राशनकार्ड | आधारकार्ड
मुर्गीपालन | ईंटभट्टा | समूह लोन
नया रोजगार शुरु करने के लिए जनधन मुद्रा योजना के द्वारा 1 लाख से 50 लाख तक 24/48 घंटे में घर बैठे लोन
9917370725
B-01/05 to 30/05/24

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल



कृत्रिंग अंग (पैर)
कैलिपर, एवं शारिरिक सहायक उपकरण बनायें जाते है।



संपर्क करें- मो.9826350154,6266402502
अजंता रिहैविलिटेशन सेंटर 5/4 संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर न्यू मार्केट के पास भोपाल (म.प्र.)

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 इन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844
R-28/03 to 12/05/24 not on 17/4

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस

JAWAHARLAL NEHRU COLLEGE
(Affiliated to Barkatullah University and Recognised by Govt. of M.P. & NCTE New Delhi)
56-C, Shyamla Hills, Opp. Khushbu Park, Civil Lines, Bhopal Website: www.jncbpl.com
Mob.: 9826264575, 8889560478 Tel. 0755-2660949 College Offering best Career Options With Minimum Fee Structure
DIRECT REGISTRATION FOR ONLINE ADMISSION For Online Admission : Contact College Office
Courses Offered ★M.Sc. Physics ★M.Sc. Chemistry ★M.Sc. Botany ★M.Sc. Zoology ★M.Sc. Micro bio. ★M.Sc. Biotech. ★M.Sc. Computer Sc. ★M.Sc. Maths ★PGDCA ★B.Sc. Computer/IT ★B.Sc. CBZ/PCM ★B.Sc. Micro/Biotech ★B.Sc. Elex/Env. Sc. ★BCA ★B. Com. Computer ★B.Com. Plain ★BA ★B. Lib I.sc. ★M. Lib. I.sc. ★M.Com ★M.A. (Eng. Urdu, Polt Sc. Socio. & Eco.) ★B.B.A. ★B.P.E.S. ★PG Diploma In Yogic Science ★D.El. Ed.
NCTE COURSES & CODE B.Ed.- 215, B.P.Ed.- 013, M.P.Ed.- 026, M.Ed.- 038, D.Ed.
Fee Note : All Students will pay enrollment fee, Eligibility fee and Practical fee separately as per university rules and miscellaneous fees according to management rules
Note : D.El.Ed, B.P.Ed., B.Ed., M.P.Ed. & M.Ed. courses are running at new campus Mugalia Hat, Parwalia Sadak, Bhopal.

राशिफल

मेष मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

वृष आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

मिथुन मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

कर्क पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

सिंह व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

कन्या अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

तुला पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

वृश्चिक व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

धनु मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मकर आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

कुंभ मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

मीन मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

शब्द पहेली - 5503

बाएँ से दाए-
1. दयालु, उदार-5
4. गगन, आकाश-4
7. सरिता-2
8. चोगा, गाऊन-3
9. छुट्टी, अवकाश-2
10. आबे हयात, काबा कूप-4
11. रिहा-2
13. खाना, भोजन करना-3
14. जिद-2
15. हिम्मत, बल-3
17. कारागार-2
19. रइसे आजम, सूरी-5
22. दुत्कारना, डांटना-5
25. सराबोर-2
26. भोर, सवेरा-3
28. मूल्य, कीमत-2
29. महीन, बहुत छोटा-3
30. फूंक, दम, सुट्टा -2
32. झंकार, प्रतिध्वनि-4
34. उष्णता, ज्वर-2
36. ओट, चिलमन-3
37. छोटा टुकड़ा-2
38. सराबोर, सना हुआ-4
39. निर्माता, रचना करने वाला-5

ऊपर से नीचे
1. कैदी, बंधक-2
2. मुलायम-3
3. यात्री पोत, तैरता होटल-5
4. उर्दू में अभिवादन-3
5. पिटाई, चोट-2
6. नाजुकता-4
7. नया जीवन-5
10. मर्यादा-4
12. खाली, रिक्त-2
16. लाईन, पंक्ति-3
17. गर्मी का महीना-2
18. उदर-2
20. दीनहीन, दरिद्र-3
21. लश्कर, फौज-2
22. नष्ट, अद्वैतभाव-2
23. व्यवसाय, धंधा-4
24. नाम रखना -2,3
25. होशियार-5
26. सुर आलाप-2,2
27. अधिकार-2
31. प्रतिज्ञा-3
33. आकांक्षा, अभिलाषा-3
35. राह, मार्ग-2
37. टैक्स, हाथ-2

शब्द पहेली - 5502 का हल

■	खा	दि	म	■	■	■	र	ह	ना
दा	द	■	हा	ति	म	ता	ई	■	क	प
न	■	■	न	ल	■	र	स	■	■	ना
व	च	न	■	स्म	र	ण	■	व	रा	ह
■	क	ल	म	■	ण	■	नी	र	ज	■
■	ना	■	री	स	■	जा	ल	■	कु	■
■	चू	स	ना	■	प	■	म	हि	मा	■
च	र	खा	■	ग	रि	मा	■	ना	र	द
र	■	■	त	म	■	थ	म	■	■	ली
म	स्त	■	स	ला	ह	का	र	■	क	ल
■	र	सी	ला	■	■	■	जी	तें	द्र	■

सूडोकु नवताल- 5514

मध्यम

4			9		6	1		8
6	8							
	1	7	3	8		4		
3	4		6		7			9
5		1	8			2		7
2			5		1		8	4
		3		7	5	8	6	
							9	5
7		6	2		8			1

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल- 5513 का हल

2	9	8	3	5	6	1	7	4
4	5	3	2	1	7	9	8	6
7	1	6	4	8	9	2	5	3
8	2	5	6	9	1	3	4	7
3	6	4	7	2	5	8	1	9
1	7	9	8	3	4	5	6	2
5	4	1	9	7	2	6	3	8
6	3	2	1	4	8	7	9	5
9	8	7	5	6	3	4	2	1

लोकतंत्र के महापर्व को सफल बनाने की अपील

दुकान बंद, पहले मतदान फिर दुकान का व्यापारिक संगठनों ने दिया नारा

सभी मतदाताओं से मतदान का कर्तव्य निभाने की अपील

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का मतदान 7 मई को होने जा रहा है। जनता अपने मताधिकार का उपयोग कर जनादेश देगी। सरकार, प्रशासन व सामाजसेवक सभी जनता को मतदान करने के लिए प्रेरित करने में जुटे हैं। ऐसे में राजधानी भोपाल के विभिन्न व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों ने पहले मतदान-फिर दुकान के नारे के साथ व्यापारियों से अपील की है कि मतदान दिवस को महापर्व के रूप मनाएं और पूरे परिवार के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग करें। पहले मतदान करें फिर प्रतिष्ठान खोलें।

गौरतलब है कि शहर में मतदान का ग्राफ बढ़ाने के लिए को भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स, कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, मध्यप्रदेश पेट्रोल पंप ऑनर्स एसोसिएशन, भोपाल ट्रांसपोर्ट कंपनीज एसोसिएशन, श्री सराफा व्यापारी एसोसिएशन, भोपाल दाल-चावल थोक व्यापारी संघ, भोपाल किराना थोक व्यापारी महासंघ, लोहा व्यापारी एवं निर्माता संघ, भोपाल ग्रेन मर्चेंट एंड ऑयल सीड्स एसोसिएशन, दस नंबर मार्केट व्यापारी संघ सहित अन्य व्यापारिक संठगनों ने भोपाल वासियों से अपील है कि 7 मई को सभी अपने वोट की आहुति इस महायज्ञ में अवश्य दें।

पहले वोट देने की प्राथमिकता रखें : पाली

भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली ने सभी सदस्यों से अपील की है कि भोपाल जिले में 7 मई 2024 को होने वाले मतदान के दिन आप अपने प्रतिष्ठान / कार्यालय को बंद रखकर सबसे पहले वोट देने की प्राथमिकता रखें।

कार्यालय, प्रतिष्ठान में कार्यरत कर्मचारियों को भी वोट डालने के लिए प्रेरित करें : सुनील जैन 501

बीसीसीआई और कैट के उपाध्यक्ष तथा मध्यप्रदेश एफएमसीजी डिस्ट्रीब्यूजर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील जैन 501 ने सभी व्यापारियों और कारोबारियों सौ फीसदी मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि कार्यालय / प्रतिष्ठान में कार्यरत कर्मचारी को भी वोट डालने के लिए प्रेरित करें। इस लोकसभा चुनाव में मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल को सबसे ज्यादा मतदान प्रतिशत वाला जिला बनाने में जिला प्रशासन एवं निर्वाचन आयोग की मदद करें।

ट्रांसपोर्ट व्यवसाय पूरी तरह बंद : ठाकुर लाल राजपूत

भोपाल ट्रांसपोर्ट कंपनीज एसोसिएशन के प्रेसीडेंट ठाकुरलाल राजपूत ने सभी ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों से सौ फीसदी मतदान की अपील करते हुए कहाकि 7 मई को मतदान पर्व के अवसर पर ट्रांसपोर्ट व्यवसाय पूर्ण तह बंद रहेगा। सभी ट्रांसपोर्ट व्यवसाईयों ने अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रख मतदान करें।

लोकतंत्र के इस महापर्व को सफल बनाएं: संगतानी

भोपाल थोक दाल-चावल व्यापारी संघ के अध्यक्ष ईश्वरदास संगतानी ने मतदान को प्रजातंत्र के लिए अनिवार्य बताते हुए सभी मतदाताओं से मताधिकार का उपयोग करने की अपील की,उन्होंने लोकतंत्र के इस महापर्व को सफल बनाने की अपील की है।

देश की उन्नति के लिए मतदान जरूरी : श्यामबाबू अग्रवाल

राजधानी वस्त्र व्यवसायी संघ के अध्यक्ष श्यामबाबू अग्रवाल, महामंत्री राजेश गर्ग कहा कि देश की उन्नति के लिए मतदान करना बहुत ही ज्यादा आवश्यक है। चुनाव आयोग अपनी तरफ से हर संभव कोशिश कर रही है की मतदान बड़े, हर वर्ग मिलकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अभियान चला रहे हैं।

मताधिकार का उपयोग आवश्यक रूप से करें: पंजाबी

भोपाल किराना व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष सुनील पंजाबी ने बताया की व्यापारिक संगठन भी अपने व्यापारियों के साथ-साथ उपभोक्ताओं से अपील कर रहे हैं की अपने मताधिकार का उपयोग आवश्यक रूप से करें। थोक वस्त्र व्यवसाय संघ बैरागढ़, सहित अन्य व्यापारिक संगठनों ने मतदान दिवस के दिन अपने अपने प्रतिष्ठान वर्णन करने का निर्णय लिया है।

दुकान बंद करके वोट अवश्य डालें : हरीश

दस नंबर मार्केट व्यापारी संघ के अध्यक्ष रामचंद्र पाटीदार, महासचिव हरीश चोईथानी ने अपील की है कि व्यापारी अपनी दुकान बंद करके वोट अवश्य डाले और आस-पास के लोगों को भी मतदान करने के लिए साथ लेकर मतदान केंद्र पर जाएं। क्योंकि वोट हमारा अधिकार ह, जो देश का भविष्य तय करता है।

लक्की ड्रॉ निकाल कर देंगे पुरस्कार

जिला प्रशासन के साथ ही व्यापारिक संगठन मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए आगे आए हैं। प्रशासन की पहल पर शहर के कई व्यापारिक संगठनों ने प्रत्येक बूथ पर दिन में तीन बार लक्की ड्रा निकालकर मतदाताओं को पुरस्कार प्रदान का ऐलान किया है। जिसमें भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, श्रीसराफा व्यापारी संघ, भोपाल किराना व्यापारी संघ, बर्तन व्यापारी संघ बैरागढ़ आदि शामिल है। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि शहर के अधिकांश बूथों पर संघ के सदस्य मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। बूथों पर दिन में तीन पर लक्की ड्रा निकाला जाएगा। मतदान करने वाले किसी एक मतदाता को ढेर सारे उपहार पुरस्कार में दिए जाएंगे। पदाधिकारियों ने सभी मतदाताओं से मतदान का कर्तव्य निभाने की अपील की है।

सभी अपने वोट की आहुति इस महायज्ञ में अवश्य दें

भोपाल ग्रेन मर्चेंट एंड ऑयल सीड्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश ज्ञानचंदानी, प्रवक्ता संजीव जैन ने मंडी के सभी अनाज व्यापारियों से मतदान की अपील करते हुए कहाकि चूंकि मंडी में नीलामी कार्य संपूर्ण रूप से बंद है। अतः 7 मई को सभी अपने वोट की आहुति इस महायज्ञ में अवश्य दें।

दो साल में 10 लाख करोड़ बढ़कर 27 लाख करोड़ रु. हुआ हाउसिंग लोन

नई दिल्ली। मकानों की बढ़तीं कीमतें और ब्याज दरों में तेजी के बावजूद कर्ज लेने की रफ्तार अच्छी खासी बढ़ रही है। पिछले दो साल में हाउसिंग लोन करीब 10 लाख करोड़ बढ़कर इस साल मार्च में रिकॉर्ड 27.23 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। विश्लेषकों का मानना है कि कोरोना के बाद आवासीय संपत्तियों में मजबूत सुधार से हाउसिंग लोन में जबरदस्त तेजी देखी गई है। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, मार्च, 2022 में कुल हाउसिंग लोन 17.26 लाख करोड़ था जो मार्च, 2023 में 19.88 लाख करोड़ रुपए हो गया।

आंकड़ों के मुताबिक वाणिज्यिक रियल एस्टेट में कुल उधारी 4.48 लाख करोड़ रुपये रही है जो मार्च, 2022 में 2.97 लाख करोड़ रुपए थी। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस कहते हैं कि सरकारी प्रयासों से सस्ते मकानों की मांग में तेजी आई है। साथ ही कोरोना में घर की बिक्री अच्छी खासी घटी थी और अब यह उससे ज्यादा रफ्तार से बढ़ रही है। हालांकि आने वाले समय में होम लोन की वृद्धि दर 15-20 फीसदी के बीच रह सकती है।

सस्ते मकानों की मांग में आई तेजी: मकानों के महंगे होने से औसत होम लोन का आकार भी बढ़ा विश्लेषकों के अनुसार, प्रमुख टियर-1 शहरों में वित्त वर्ष 2021 के बाद से 50-100 प्रतिशत के बीच कीमतें बढ़ी हैं।

बिजनेस न्यूज

रामकृष्ण मेडिकल कॉलेज में हुई अत्याधुनिक कॉस्मेटिक सर्जरी



भोपाल। राम कृष्ण मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल जो की मदर टेरेसा स्कूल के पास कोलर रोड़ पर स्थित है। अस्पताल में चेहरे की कॉस्मेटिक सर्जरी हुई। चेहरे की त्वचा का ढीला हो जाना या बढ़ती उम्र के लक्षण दिखना, इसका इलाज अब संभव है फेसलिफ्ट सर्जरी के माध्यम से। इसका लाभ ऐसे मरीज को मिला जो की आर्थिक रूप से सक्षम नहीं था। सामान्यतः यह सर्जरी 1-1.50 लाख में करी जाती है। परंतु यह सर्जरी राम कृष्ण अस्पताल में मात्र 25000 रुपए में हुई। इस सर्जरी को सफल बनाने में प्लास्टिक सर्जन डॉ विकास मालवीय एवं टीम का विशेष योगदान रहा। हमारे यहां विभिन्न प्रकार की कॉस्मेटिक सर्जरी, मैक्सिलोफेशियल सर्जरी एवं माइक्रोवेस्क्यूलर सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।

रेडक्लिफ ग्रुप के संस्थापक साधना राय की स्मृति में राय पब्लिक स्कूल में फाउंडर-डे का आयोजन

भोपाल। रेडक्लिफ ग्रुप ऑफ स्कूल के संस्थापक श्रीमती साधना राय जिन्होंने अपने जीवन में सेवा और समर्पण की अद्वितीय उपलब्धियों से हमें प्रेरित किया उनकी स्मृति में फाउंडर-डे का आयोजन राय पब्लिक स्कूल, रायपुर द्वारा किया गया। इस उत्सव में हमने साधना राय के आदर्शों और उनके कार्यों को याद किया। उनके जीवन में सेवा का अद्वितीय प्रकार हमें समझाता है कि एक व्यक्ति अपने लक्ष्य के लिए कितना उत्साहित और समर्पित हो सकता है। इस उपलक्ष्य में राय पब्लिक स्कूल, रायपुर द्वारा महिला विस्थापित गृह क्र. (1) छत्तीसगढ़ शासन पुनर्वास विभाग में राशन सामग्री, फल व वस्त्र दान किया। जिससे विस्थापित माताओं को सहायता मिले। साथ ही सभी कर्मचारियों के द्वारा विशेष रूप से आत्मज्योति का अर्पण किया। इस कार्यक्रम में प्राचार्या, पूजा विश्वास एवं सभी कर्मचारी उपस्थित रहे और कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस प्रेरणादायक कार्यक्रम में साधना राय के जीवन और कार्य को स्मरण करते हुए राय पब्लिक स्कूल समाज के हित में योगदान करने का संकल्प पुनः जताते हैं।

भोपाल में भूटानी इंफ्रा का नया चैप्टर शुरू हुआ

भोपाल। रियल्टी सेक्टर के दिग्गज, भूटानी ग्रुप ने भोपाल में अपने नए ऑफिस का अनावरण किया। मध्य प्रदेश में अपने ऑपरेशन को एक्सपैंड करने के उद्देश्य से यह यह निर्णय लिया गया है। इस माइलस्टोन को सेलिब्रेट करने के लिए, भूटानी ग्रुप ने भोपाल के प्रतिष्ठित ताज लेकफ्रंट होटल में इन्वेस्टर्स और पार्टनर्स की एक बैठक आयोजित की। इस कार्यक्रम में इंडस्ट्री पार्टनर, स्टेकहोल्डर्स और स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों सहित लगभग 400 सम्मानित लोगों ने भाग लिया, जिसका उद्देश्य स्मूथ रिलेशनशिप डेवेलोप करना और फ्यूचर प्लान्स डिसकस करना था। भूटानी ग्रुप के सीईओ आशीष भूटानी ने कहा कि भूटानी ग्रुप इस क्षेत्र में स्थायी साझेदारी बनाने और निवेशकों और भागीदारों के योगदान के लिए तत्पर है।

विंसॉल इंजीनियर्स का आईपीओ 9 को होगा बंद

नई दिल्ली। विंसॉल इंजीनियर्स लिमिटेड' का आईपीओ सोमवार 6 मई 2024 को खुला। जो 9 मई को बंद होगा। विंसॉल इंजीनियर्स लिमिटेड' की शुरुआत पहले 'विंसॉल इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड' के नाम से जामनगर में हुई थी। 21 दिसंबर, 2023 को कंपनी का नाम बदलकर 'विंसॉल इंजीनियर्स लिमिटेड' कर दिया गया। जामनगर स्थित विंसोल इंजीनियर्स लिमिटेड एक एकीकृत इंजीनियरिंग, खरीद, निर्माण और कमीशनिंग कंपनी है जो पवन और सौर ऊर्जा उत्पादन कंपनियों के लिए बैलेंस ऑफ प्लांट समाधान प्रदान करती है।

एसरी इंडिया ने 10 लाख यूजर्स का कीर्तिमान रचा

नई दिल्ली। एसरी इंडिया ने घोषणा की कि उसने 10 लाख यूज़र्स का आंकड़ा हासिल कर लिया है। यह शानदार उपलब्धि इस देश में विविध उद्योगों में फैले व्यापक ग्राहक आधार के विश्वास एवं वफादारी काप्रमाण है। एसरी इंडिया के प्रबंध निदेशक अगेंद्रकुमार ने कहा, "इस ऐतिहासिक उपलब्धि के जश्न के मौके पर मैं हमारे उन सभी यूज़र्स का हृदय से आभार प्रकट करना चाहूंगा जिन्होंने एसरी इंडिया को भारत में एसरी टेक्नोलॉजी का उपयोग करने वाले 10 लाख यूज़र्स का कीर्तिमान हासिल करने में मदद की है।

एनर्जी मिशन मशीनरीज का आईपीओ 9 को खुलेगा

अहमदाबाद। अग्रणी कंपनी एनर्जी मिशन मशीनरीज लिमिटेड अपने एसएमई पब्लिक इश्यू से 41.15 करोड़ तक जुटाने की योजना बना रही है। कंपनी को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर अपना पब्लिक इश्यू लांच करने की मंजूरी मिल गई है। पब्लिक इश्यू 9 मई को सब्सक्रीप्शन के लिए खुला है और 13 मई को बंद होगा। पब्लिक इश्यू की आय का कंपनी की विस्तार योजनाओं को फंड देने के लिए किया जाएगा।

ब्लिसक्लब ने पेश किया बॉटम वियर

इंदौर। ब्लिसक्लब, एक अग्रणी एक्टिववियर ब्रांड, जो महिलाओं को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता के रूप में आराम और कम्फर्ट प्रदान करता है अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बॉटम वियर की लाइन प्रदर्शित करने के लिए उत्साहित है। स्टाइल से समझौता किए बिना अद्वितीय आराम प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया। पूरे दिन अधिकतम आराम और आवाजाही की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए ब्लिसक्लब बॉटम्स को प्रीमियम कपड़ों और इनोवेटिव डिजाइनों का उपयोग करके सावधानीपूर्वक तैयार किया गया है। चाहे आप अपने डेस्क पर बैठे हों, काम-काज निपटा रहे हों, या कॉफी के लिए दोस्तों से मिल रहे हों, ब्लिसक्लब बॉटम्स आपको किसी भी स्थिति में आरामदायक और आत्मविश्वासी महसूस कराने के लिए डिजाइन किए गए हैं।

मदर्स डे के लिए सरप्राइजेस का किया खुलासा

मुंबई। इंटरनेशनल मदर्स-डे पर एंडटीवी के कलाकार अपनी-अपनी मां को खास एहसास देने की योजना में हैं। जिसमें व्योम ठक्कर, गीतांजलि मिश्रा और शुभांगी अत्रे कलाकार शामिल है। अटल, ऊर्फ व्योम ठक्कर ने बतायाकि इस मदर्स डे पर मैं उन्हें सरप्राइज देना चाहता हूं।

बीएसएनएल अगस्त से देशभर में शुरू करेगी 4जी नेटवर्क सेवाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल इस साल अगस्त से पूरी तरह से स्वदेशी प्रौद्योगिकी पर आधारित 4जी सेवाएं देशभर में शुरू कर देगी। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के अधिकारियों ने 4जी नेटवर्क पर 40-45 मेगाबिट प्रति सेकंड (एमबीपीएस) की अधिकतम गति दर्ज करने का दावा किया है। इसे पायलट या प्रायोगिक चरण के दौरान 700 मेगाहर्ट्ज के प्रीमियम स्पेक्ट्रम बैंड के साथ 2,100 मेगाहर्ट्ज बैंड में भी पेश किया गया है।

कंपनी ने सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और दूरसंचार अनुसंधान संगठन सी-डॉट के नेतृत्व वाले गठजोड़ द्वारा स्वदेशी स्तर पर विकसित प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करते हुए पंजाब में 4जी सेवाएं शुरू की हैं और वह लगभग आठ लाख ग्राहकों को अपने साथ जोड़ चुकी है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''सी-डॉट का बनाया हुआ 4जी कोर पंजाब में बीएसएनएल नेटवर्क में बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। इसे पिछले साल जुलाई में स्थापित किया गया था।

इंस्टॉल होंगे 1.12 लाख टावर

अपने 4जी और 5जी नेटवर्क के लिए बीएसएनएल देशभर में करीब 1.12 लाख टावर इंस्टॉल करवाएगा। कंपनी ने अभी तक 9,000 4जी टावर इंस्टॉल किए हैं जिनमें 6,000 टावर पंजाब, उत्तर प्रदेश पश्चिम, हिमाचल प्रदेश और हरियाणा सर्किल में एक्टिव हैं।

बजाज पल्सर एनएस 400जेड भारत में लांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

बजाज ऑटो इंडिया ने भारत में अपनी सबसे पावरफुल बाइक बजाज पल्सर एनएस400जेड लांच कर दी है। बाइक ब्लूटूथ कनेक्टिविटी, नेविगेशन, डुअल चैनल एबीएस और स्विचेबल ट्रैक्शन कंट्रोल सिस्टम जैसे फीचर्स से लैस है। कंपनी ने इसकी एक्स-शोरूम कीमत 1.85 लाख रुपए रखी है। यह कीमत बजाज डोमिनार 400 से 45,815 रुपए कम और पल्सर एन250 से सिर्फ 34,171 रुपए ज्यादा है, जो इसे 400सीसी सेगमेंट में सबसे सस्ती स्ट्रीट-नेक्ड मोटरसाइकिल बनाता है। बाइक की बुकिंग शुरू कर दी गई है, इच्छुक ग्राहक इसे 5000 रुपए की टोकन मनी देकर ऑनलाइन या अपने नजदीकी डीलरशिप पर जाकर बुक कर सकते हैं। अब तक की सबसे स्टाइलिश पल्सर- मार्डन फ्लोटिंग पैनल्स के साथ पल्सर एनएस400जेड में एनएस डीएनए का डायनैमिजम और मस्कुलैरटी मौजूद है। इसमें अग्रेसिव न्यू फ्रंट फैशिया सिगनेचर लाइटनिंग बोल्ट डीआरएल है।

बाजार में आवक बढ़ने की संभावना से जीरे के दाम गिरे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कारोबारी सत्र में जीरा की कीमतों में -1.38 फीसदी की गिरावट आई और यह 24230 पर बंद हुई, जिसका मुख्य कारण आवक बढ़ने की उम्मीद है, जिससे बाजार पर दबाव पड़ेगा। हालाँकि, गिरावट सीमित थी क्योंकि वैश्विक आपूर्ति में कमी के बीच वैश्विक खरीदार भारतीय जीरा को प्राथमिकता दे रहे थे। राजकोट मंडी में प्रतिदिन 10,000 से 12,000 बैग जीरा की भारी आमद देखी गई, जो मांग के स्तर से भी अधिक है। आवक में इस वृद्धि का श्रेय गुजरात और राजस्थान में नई आवक को दिया जा सकता है, जहां बुआई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण विस्तार देखा जा रहा है। अकेले गुजरात में, उत्पादन 4.08 लाख टन के एक नए रिकॉर्ड तक पहुंचने का अनुमान है, जो पिछले वर्षों की तुलना में पर्याप्त वृद्धि है। इसी प्रकार राजस्थान के जीरा उत्पादन में भी 53 फीसदी की वृद्धि हुई, जिससे भारत के प्रमुख जीरा उत्पादक क्षेत्रों में उत्पादन में कुल वृद्धि में योगदान हुआ।

भोपाल अंचल कार्यालय - बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bhopal Zonal Office - Bank Of Maharashtra
1/14, प्रशासनिक जोन, जेल रोड,अरेरा हिल्स,भोपाल- 462011
1/14, Administrative Zone, Jail Road, Arera Hills, Bhopal- 462011
टेली-/Tel:0755 - 2550808,ई-मेल/ E-mail:cmmarc_bho@mahabank-co-in

आधिपत्य नोटिस (अचल संपत्ति) नियम-8(1)

जबकि वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन एवं प्रतिभूति-हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 एवं धारा 13 (12) सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्राधिकृत अधिकारी ने निम्न वर्णित दिनांक को मांग सूचना पत्र को जारी किया जिसमे निम्नवर्णित ऋणियो एवं जमानतदारो को नोटिस मे निम्न वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं अन्य खर्चो सहित नोटिस प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों की समयावधि मे भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था।
ऋणियों द्वारा राशि के भुगतान नही करने पर ऋणी एवं आमजनता को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त कथित एक्ट की धारा 13(4) सहपठित उक्त कथित नियम के नियम 8 के अधीन निम्न हस्ताक्षरकर्ता ने निम्नवर्णित संपत्ती का कब्जा निम्नवर्णित दिनांक को ले लिया गया है। उधारकर्ता एवं जमानतदा को एक्ट की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधान के अन्तर्गत सुरक्षित परिसंपतियों के एवज मे उपलब्ध समय की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।
ऋणियो एवं जमानतदारो को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यत: एतद् द्वारा निम्नवर्णित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नही करने की चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबंधित कोई भी व्यवहार निम्न वर्णित राशि के लिए बैंक ऑफ महाराष्ट्र की संबंधित शाखा के निर्मित प्रभार के अध्यधीन होगा।

ऋणी/जमानतकर्ता का नाम	मांग नोटिस दि. / आधिपत्य दि. / नोटिस के अनुसार राशि	अचल संपत्ति का विवरण
शाखा गौतम नगर, भोपाल		
ऋणी : 1. मेसर्स रुची ट्रेडर्स प्रोपराइटर: **श्री सूरज सिंह** पुत्र श्री फतहसिंह पताः इमलिया स्वरूप, बेरसिया, लक्ष्मीनारायण कृषि उपज मण्डी, 80फिट रोड, भोपाल, म.प्र. **रेसिडेंशियल एड्रेस :** श्री सूरज सिंह पुत्र श्री फतहसिंह ग्राम रामगढ़, तह. बेरसिया भोपाल, म.प्र **जमानतकर्ता : श्रीमती रामकंवर बाई** पत्नि श्री सूरज सिंह पताः ग्राम रामगढ़, तह. बेरसिया भोपाल, म.प्र	मांग नोटिस दि. 24.01.2024 आधिपत्य दि. 02.05.2024 **1,29,14,639.58/-** (एक करोड़ उनतीस लाख चौदह हजार छः सौ उनचालीस रूपये एवं अट्ठावन पैसा) 24.01.2024 से देय ब्याज एवं अन्य खर्च)	1. संपत्ति स्थित समस्त भू भाग खसरा नंबर 3/1/1/3/KHA/2/KA (Re no Kh No-3/1/1/3/2/2/1) पर डायवर्टेड कमर्शियल भूमि और भवन, क्षेत्रफल 0.40 हे. या 1.00 एकड़, ग्राम इमलिया स्वरूप, पटवारी हल्का नंबर 53/25, मेन बैरसिया से नरसिंहगढ़ रोड, आर.एन.एम. 02, बैरसिया, जिला–भोपाल म.प्र. **संपत्ति मालिक: श्री सूरज सिंह** **चर्तुसीमाएं :** पूर्व : कमलाबाई की भूमि, पश्चिम : नर्मदाबाई की भूमि, उत्तर : बेरसिया नरसिंहगढ़ रोड, दक्षिण: बरसाती नाला 2. संपत्ति स्थित समस्त भू भाग खसरा नं. 3/1/1/3/KHA/2/KHA (Re no- खसरा नं. 3/1/1/3/) पर परिवर्तित भूमि 2/2/2) क्षेत्रफल 0.405 हे. या 1.00 एकड़ ग्राम, इमलिया स्वरूप, पटवारी हल्का नंबर 53/25, मेन बैरसिया से नरसिंहगढ़ रोड के निकट, आर.एन.एम. 02, बेरसिया जिला–भोपाल म.प्र **संपत्ति मालिक: श्री सूरज सिंह** **चर्तुसीमाएं :** पूर्व : कमलाबाई की भूमि, पश्चिम : नर्मदाबाई की भूमि, उत्तर : बेरसिया नरसिंहगढ़ रोड, दक्षिण: बरसाती नाला
शाखा गौतम नगर, भोपाल		
ऋणी : 1. मेसर्स श्रीका इंडस्ट्रीस प्रा.लि. खसरा नं. 22/8, वार्ड नं. 26, इंडस्ट्रीयल एरिया ग्राम खानपुरा, मंडीदीप, जिला– रायसेन, भोपाल, म.प्र. **जमानतकर्ता :** स्व.श्री रमाकान्त वर्मा पुत्र श्री हेमराज वर्मा पताः 1. 888/6 वार्ड नं. 7, संतोषी माता मंदिर के पास, संतोष नगर मंडीदीप, तह. गौहरगंज जिला – रायसेन 462046 2. म.नं. 19, महावीर नगर फेस 2, मंडीदीप, जिला – रायसेन 462046 3. सी–02 फोरच्यून वेदान्ता कालोनी, पिपलीया गज्जू, रोड, मंडीदीप, जिला – रायसेन 462046 4. आर.के. इंडस्ट्रीस म.नं. 19 महावीर नगर मंडीदीप, जिला – रायसेन **जमानतकर्ता :** 1. श्री सुधीर कुमार बाजपेयी पुत्र श्री सरत कुमार बाजपेयी पता :1 म.नं. 832, BXA सेक्टर, न्यू अशोका गार्डन, जैन मंदिर के पास गोविन्दपुरा हुजूर, भोपाल म.प्र. पता :2 ई 8/7 बंसतकुंज भोपाल पता :3 महानगर रोड लाइन्स आर/ओ 51 इकबाल नगर अशोका गार्डन, भोपाल 2. श्री कुलदीप त्रिपाठी पुत्र श्री आर.जे. त्रिपाठी पता :1 ई 8/7 बंसतकुंज अरेरा कालोनी हुजूर भोपाल पता :2 832, BXA सेक्टर, न्यू अशोका गार्डन, भोपाल पता :3 गुनमानता इंटरप्राइसेस ई–8/7 बंसतकुज अरेरा कालोनी भोपाल 3. श्री हर्षित जैन पुत्र श्री राजेश कुमार जैन पताः म.नं. बी–13 निशा परिलोक पंजाबी बाग, हुजूर, भोपाल 4.श्रीमती कांता जैन पुत्री श्री राजेश कुमार जैन पता 1: म.न. 72, निखिल होम्स फेस 5, जैन मंदिर के पास लाला लाजपतराय कालोनी, हुजूर, भोपाल पता 2: म.न. 13–बी, निशा परिलोक पंजाबी बाग, हुजूर, भोपाल	मांग नोटिस दि. 30.01.2024 आधिपत्य दि. 02.05.2024 **3,35,17,728.69/-** (तीन करोड़ पैतीस लाख सत्रह हजार सात सौ अट्ठाइस रूपये एवं उनसत्तर पैसा) + 30.01.2024 से देय ब्याज एवं अन्य खर्च)	1. संपत्ति स्थित समस्त भू भाग एचआईजी डुप्लेक्स नं. 17, क्षेत्रफल 1210.50 वर्ग फीट., बीडीए कॉलोनी, राजीव गांधी नगर, वार्ड नंबर 64, तहसील हुजूर जिला–भोपाल म.प्र. **चर्तुसीमाएं:** पूर्व: प्लॉट नं. 8, पश्चिम: रोड, उत्तर: एचआईजी डुप्लेक्स नं. 16, दक्षिण : एचआईजी डुप्लेक्स नं. 18, 2. संपत्ति स्थित समस्त भू भाग प्लॉट संख्या 074 पर निर्मित जी + 2, क्षेत्रफल 2679.24 वर्ग फुट, रानी अवंती बाई ट्रांसपोर्ट नगर, सेक्टर बी, रायसेन रोड, तहसील हुजूर जिला–भोपाल **चर्तुसीमाएं :** पूर्व : प्लॉट नं. 75, पश्चिम : रोड 21, उत्तर: प्लॉट नं. 73, दक्षिण: रोड 21
शाखा गौतम नगर, भोपाल		
ऋणी : 1. मेसर्स बालाजी मोटर्स प्रोपराइटर: **श्री मयंक सिंह** पुत्र श्री मुकेश चंद्र मंदावत पताः शॉप नं. 50, अकबरपुरा, कोलार थाना के पिछे, कोलार रोड, भोपाल, म.प्र. – 462042 **रेसिडेन्शियल एड्रेस :** ई–52 राजहर्ष कालोनी, कोलार रोड नयापुरा हुजूर, भोपाल, म.प्र मो. 8269426238 **जमानतकर्ता : श्री मुकेश चंद्र मंदावत** पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह मंदावत पताः ई–52, राजहर्ष कालोनी, कोलार रोड, नयापुरा हुजूर, भोपाल, म.प्र.	मांग नोटिस दि. 06.09.2023 आधिपत्य दि. 03.05.2024 **17,96,969.42/-** (सत्रह लाख छियानबे हजार नौ सौ उनसत्तर रूपये एवं बयालीस पैसा) + 06.09.2023 से देय ब्याज एवं अन्य खर्च)	संपत्ति का स्थित समस्त भू भाग गैट/सर्वेक्षण संख्या 44/1, 45/1, 46/1, आवासीय क्षेत्र 1200 वर्गफीट भूमि पर स्थित भाग ई–52 राजहर्ष कॉलोनी, कोलार रोड नयापुरा हुजूर, जिला एवं उपजिला भोपाल, म.प्र.–462042 **संपत्ति मालिक : श्री मयंक सिंह पुत्र श्री मुकेश चंद्र मंदावत** **चर्तुसीमाएं :** पूर्व: प्लॉट नं. 53, पश्चिम: रोड, उत्तर: भूमि डीगर, दक्षिण: प्लॉट नं. 51
शाखा होशंगाबाद		
ऋणी : श्री राजेन्द्र सिंह पुत्र श्री कमल सिंह राजपूत पताः वार्ड नं. 5, एडीबी एसबीआई बैंक के पास, बालाजी कालोनी, तह. बाबई जिला – नर्मदापुरम म.प्र. **जमानतकर्ता : श्री संतोष कुमार** पुत्र श्री मुन्नालालजी जैन	मांग नोटिस दि. 07.12.2022 आधिपत्य दि. 03.05.2024 **11,31,906.00/-** (ग्यारह लाख इकत्तीस हजार नौ सौ छः रूपये) + 07.12.2022 से देय ब्याज एवं अन्य खर्च)	संपत्ति स्थित समस्त भू भाग रेसिडेन्शियल मकान ख. नं. 21/2 क्षेत्रफल 100 वर्गफीट मौजा बाबई वार्ड नं. 05 तह. बाबई जिला – नर्मदापुरम म.प्र. जिला – भोपाल म.प्र. **चर्तुसीमाएं :** पूर्व : रोड, पश्चिम : प्लॉट नं. प्रतिभा परसाई, उत्तर : विक्रेता की भूमि, दक्षिण : विक्रेता की भूमि

प्रकाशन दिनांक: 07.05.2024 स्थान: भोपाल
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ महाराष्ट्र

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda विजया VIJAYA देना DENA
हमीदिया रोड शाखा, भोपाल
फोन : 0755-2730646

कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति के लिए)

सेक्यूरिटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनानशियल एसेट्स एण्ड इनफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत और सिक्यूरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 के साथ पठित सेक्शन 13(12)सपठित नियम (3) के तहत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने दिनांक **27.02.2024** को निम्न वर्णित उधारकर्ताओं/जमानतदारों को डिमांड नोटिस जारी किया तथा नोटिस में दर्शायी गई निम्न वर्णित राशि उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने के लिए जारी किया गया है।
उधारकर्ता/जमानतदार ऋण चुकाने में असफल रहे है, अतः उधारकर्ताओं एवं जमानतदारों/संपत्ति मालिकों एवं जनसामान्य को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियम 8 के साथ पठित एक्ट के धारा 13 (4) के तहत उन्हें प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, यहाँ नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा दिनांक **03.05.2024** को ले लिया है।
ऋणी एवं जमानतदारों का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को उपलब्ध समय में छुड़ाने (**redeem** कराने) के संबंध में अधिनियम की धारा (13) एवं उपधारा 8 के प्रावधानों के तहत आकर्षित किया जाता है।
उधारकर्ताओं एवं जमानतदारों/संपत्ति मालिकों को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नलिखित संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिए **बैंक ऑफ बड़ौदा, हमीदिया रोड शाखा, भोपाल** के अधीन होगा।

ऋणी / जमानतदार एवं खाते का नाम	कब्जा की गई संपत्ति का विवरण	मांग सूचना अनुसार बकाया राशि
ऋणीः **श्री मोहम्मद अतीक पुत्र श्री मोहम्मद शफीक** **पता 1-** शफीक विला, कोठी नंबर 6 के पीछे, सूफिया मस्जिद के पास, अहमदाबाद पैलेस, कोहेफिजा, भोपाल (म.प्र.) **पता 2-**आवासीय पेंटहाउस, आवासीय बहुमंजिला इमारत, रेगालिया हाइट्स, छठी मंजिल, ब्लॉक बी, सूफिया मस्जिद के पास, अहमदाबाद पैलेस, कोहेफिजा, भोपाल (म.प्र.) **पता 3-** आवासीय पेंटहाउस, रेगलिया हाइट्स आवासीय बहुमंजिला इमारत, ब्लॉक-डी, छठी मंजिल, सूफिया मस्जिद के पास, अहमदाबाद पैलेस,कोहेफिजा, भोपाल (म.प्र.) **पता 4-** आवासीय पेंटहाउस, रेगलिया हाइट्स, आवासीय बहुमंजिला इमारत, ब्लॉक-एफ, छठी मंजिल, सूफिया मस्जिद के पास, अहमदाबाद पैलेस, कोहेफिजा, भोपाल (म.प्र.)	**1.बंधक संपत्ति दो रिहायशी पेन्टहाउस (खुला टेरिस के साथ) स्थित आवासीय बहुमंजिला इमारत, रेगालिया हाइट्स, छठी मंजिल, ब्लॉक बी एवं डी, खसरा नं. 67/69/1/2/2, सूफिया मस्जिद, अहमदाबाद पैलेस, कोहेफिजा, वार्ड नं. 7, तहसील हुजूर, भोपाल (म.प्र.)** प्रत्येक पेन्टहाउस का क्षेत्रफल- 5087.14 वर्गफिट या 472.78 वर्गमीटर (निर्मित क्षेत्रफल-1695.80 वर्गफिट या 157.60 वर्गमीटर एवं खुला टेरिस 3391.34 वर्गफिट या 315.18 वर्गमीटर प्रत्येक) अर्थात दो पेन्टहाउस 10174.28 वर्गफिट या 945.56 वर्गमीटर संपत्ति मालिक- श्री मोहम्मद अतीक पुत्र श्री मोहम्मद शफीक चर्तुसीमाएं (सेल डीड के अनुसार) प्रत्येक पेन्टहाउस की चर्तुसीमाएं- उत्तर- गार्डन फेस, दक्षिण- कम्पाउंड रोड, पूर्व- एफ- ब्लॉक पेन्ट हाऊस, पश्चिम- गार्डन फेस **2.बंधक संपत्ति रिहायशी पेन्टहाउस (खुला टेरिस के साथ) स्थित आवासीय बहुमंजिला इमारत, रेगालिया हाइट्स, छठी मंजिल, ब्लॉक एफ, खसरा नं. 67/69/1/2/2, सूफिया मस्जिद, अहमदाबाद पैलेस, कोहेफिजा, वार्ड नं. 7, तहसील हुजूर, भोपाल (म.प्र.)** पेन्टहाउस का क्षेत्रफल- 5087.14 वर्गफिट या 472.78 वर्गमीटर (निर्मित क्षेत्रफल-1695.80 वर्गफिट या 157.60 वर्गमीटर एवं खुला टेरिस 3391.34 वर्गफिट या 315.18 वर्गमीटर प्रत्येक) संपत्ति मालिक- श्री मोहम्मद अतीक पुत्र श्री मोहम्मद शफीक चर्तुसीमाएं (सेल डीड के अनुसार) पेन्टहाउस की चर्तुसीमाएं- उत्तर- गार्डन फेस, दक्षिण- कम्पाउंड रोड, पूर्व- कम्पाऊंड रोड, पश्चिम- डी ब्लॉक पेन्ट हाउस	दिनांक 27.02.2024 को ₹ 3,31,69,739.27 + ब्याज एवं अन्य खर्च

दिनांक : 03-05-2024 स्थानः भोपाल
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

चिंतन

चीनी राष्ट्रपति के फ्रांस दौरे पर नजर रखे भारत

चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग यूरोप के तीन देशों –फ्रांस, सर्बिया व हंगरी की यात्रा ऐसे समय में कर रहे हैं, जब यूक्रेन व रूस के बीच जंग जारी है, और रूस ने पश्चिमी देशों के खिलाफ परमाणु हथियारों का अभ्यास करने का ऐलान किया है। चीनी राष्ट्रपति की इस यात्रा का एक मकसद रूस व यूक्रेन के बीच जारी युद्ध की समाप्ति के लिए फ्रांस से सहयोग प्राप्त करना है। शी ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात में रूस व यूक्रेन युद्ध का मुद्दा उठाया है। एक समय फ्रांसीसी राष्ट्रपति रूस व यूक्रेन के बीच युद्ध खत्म कराने के लिए चीन की मदद चाहते थे, वर्ष 2023 की अप्रैल में राष्ट्रपति मैक्रों चीन भी गए थे, पर चीन ने उतनी उत्सुकता नहीं दिखाई थी। चीन रूस को हथियार बनाने के लिए उपकरणों की आपूर्ति कर रहा है, इससे फ्रांस खफा है। रूस के साथ खड़े होने से चीन की छवि यूरोप में नकारात्मक बनी हुई है। शी का यह दौरा ऐसे समय पर हो रहा है जब भारत और फ्रांस के बीच दोस्ती अपने चरम पर है। इस वक्त रूस के बाद फ्रांस ही है जो भारत के गहरे दोस्त हैं। चीन की कोशिश फ्रांस को अपने पाले में लाने की है। इसलिए भारत को चौंकन्ना रहने की जरूरत है। चीनी राष्ट्रपति की इस यात्रा का दूसरा अहम मकसद यूरोप में चीन के खिलाफ जारी तनाव को खत्म करना है। फ्रांस यूरोप का गेटवे है, इसलिए फ्रांस के चीन के राजनयिक संबंध के 60 साल पूरे होने के अवसर को शी जिनपिंग ने पेरिस की यात्रा के लिए चुना है। यूरोप में चीन को लेकर पूरे इलाके में तनाव बढ़ा हुआ है। यूरोपीय यूनियन ने पिछले सप्ताह ही चीन के विंड टर्बाइन और मेडिकल उपकरणों की जांच शुरू करवाई है। यही नहीं चीन के सुरक्षा उपकरणों को बनाने वाली कंपनी नूकटेक के कार्यालयों पर छापा मारा है। चीन ने फ्रांस से अपील की है कि वह यूरोपीय यूनियन को चीन के प्रति सकारात्मक और व्यवहारिक नीतियां बनाने के लिए मदद करे। शी को लगता है कि यूरोप में चीन की छवि सुधारने में फ्रांस उसकी मदद कर सकता है। यूरोप को साधने के साथ-साथ चीन के निशाने पर भारत भी है, जिसने हाल के दिनों में फ्रांस से बड़े पैमाने पर हथियार और फाइटर जेट खरीदा है। भारत ने फ्रांस से राफेल जेट, स्कॉर्पिन पनडुब्बी, हेलीकॉप्टर और कई किलर मिसाइलें खरीदी हैं। पीएम मोदी जुलाई 2023 में फ्रांस के दौरे पर गए थे और उसके बाद फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों भारत आए थे। गणतंत्र दिवस पर मैक्रों ही मुख्य अतिथि थे। भारत और फ्रांस मिलकर आर्मेनिया की मदद कर रहे हैं। फ्रांस ने पीएम मोदी को ग्रेट क्रॉस ऑफ द लेगिआन से सम्मानित किया है। मोदी पहले ऐसे भारतीय पीएम हैं जिन्हें यह पुरस्कार मिला है। इससे पता लगता है कि फ्रांस भारत के साथ अपने रिश्ते को कितना तवज्जो दे रहा है। चीन की रणनीति भारत के पड़ोसी देशों से मधुर संबंध बना कर भारत के लिए सीमाई तनाव क्रिएट करने की रही है। इस कड़ी में चीन ने नेपाल, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, श्रीलंका, मालदीव, म्यांमार के साथ अपने संबंध प्रगाढ़ किए हैं। अब चीन की नजर यूरोप पर है। यूरोप के तमाम देशों से भारत के संबंध प्रगाढ़ हैं। भारत और यूरोपीय देश सहज मित्र देश हैं, जबकि यूरोप में चीन की छवि खराब है। फ्रांस में तिब्बती समूह ने चीनी राष्ट्रपति के खिलाफ अपना विरोध जताया है। चीनी राष्ट्रपति की इस फ्रांस यात्रा को भारत को सामरिक व कूटनीतिक दृष्टि से गंभीरता से लेना चाहिए।

विश्लेषण

अरविंद जयतिलक

पाक के दमन से उबलता पीओके

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत पीओके पर अपना दावा कभी नहीं छोड़ेगा लेकिन इसे बलपूर्वक अपने कब्जे में करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी क्योंकि इसके लोग कश्मीर में विकास को देखने के बाद स्वयं इसमें शामिल होना चाहेंगे। राजनाथ के बयान बेशक चुनाव के मौके पर हो, लेकिन इसमें काफी हद तक सच्चाई है। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) के जो हालात हैं, उसमें ऐसा लगने लगा है कि वह दिन दूर नहीं, जब वहां के लोग पाक हुक्मरान के खिलाफ बगावत कर भारत में मिलने के लिए जान की बाजी लगा दें। भले ही पाकिस्तान और उसके हुक्मरान पीओके को आजाद कश्मीर का तमगा दें लेकिन सच यही है कि यहां के लोगों के हालात गुलामों से भी बदतर हो चुका है। यहां के लोग पाकिस्तानी सेना के अत्याचार और दमन से इस कदर पीड़ित हैं कि वे अतिशीघ्र भारत में विलय को तैयार हैं। पीओके के लोगों का कहना है कि वे वास्तविक रुप से वे भारत के ही हिस्सा हैं, लेकिन पाकिस्तान ने जबरन उनपर कब्जा कर रखा है। पीओके के नागरिक पाकिस्तानी सेना के अत्याचार के खिलाफ अब बगावत के लिए तैयार हैं। उनका हौसला इसलिए भी बुलंद है कि गुलाम कश्मीर को वापस लेने के लिए भारत ने मन बना लिया है। याद होगा 2022 में भारतीय सेना के प्रमुख रह चुके जनरल मनोज मुकुंद नरवाणे ने कहा था कि अगर संसद आदेश देगी तो पीओके पर हमारा कब्जा होगा। यहां ध्यान रखना होगा कि गृहमंत्री अमित शाह द्वारा भी संसद में कहा जा चुका है कि पीओके भारत का हिस्सा है और वह इसे लेकर रहेंगे। उधर, पीओके के नागरिक पाकिस्तानी सेना के बढ़ते अत्याचार और दमन के खिलाफ 'करो या मरो' के लिए कमर कस लिए हैं। स्थानीय नागरिकों द्वारा लगातार 'पाकिस्तानी फौजियों कश्मीर छोड़ो' का आंदोलन चलाया जा रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी पीओके के राजनीतिक कार्यकर्ता जेनेवा में पाक सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। उनकी मानें तो पाकिस्तान की फौज पीओके में मानवाधिकार का उलंघन कर रही है और प्राकृतिक संसाधनों को लूट रही है। पीओके में बढ़ते अत्याचार और मानव अधिकारों को लेकर हो रहे प्रदर्शन से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान की फजीहत बढ़ रही है। इससे बचने के लिए कभी पाक प्रधानमंत्री मुजफ्फराबाद का दौरा कर रहे हैं तो कभी भारत के खिलाफ अनर्गल प्रलाप कर दुनिया का ध्यान बंटा रहे हैं। लेकिन सच्चाई यही है कि उसके हाथ से अब पीओके सरक रहा है।

दरअसल, पीओके मूल कश्मीर का वह भाग है जिस पर पाकिस्तान ने 1947 में अवैध घुसपैठ कर कब्जा कर लिया था, जबकि असल में यह क्षेत्र भारत का है। 26 अक्टूबर, 1947 को कश्मीर के राजा हरि सिंह ने पाकिस्तानी कबायली आक्रमणकारियों से बचाने के लिए भारत सरकार से सैनिक सहायता की मांग की और कश्मीर को भारत में सम्मिलित करने की प्रार्थना की। भारत सरकार ने उनके प्रस्ताव को स्वीकार लिया और 6 फरवरी, 1954 को कश्मीर की संविधान सभा ने एक प्रस्ताव के जरिए जम्मू-कश्मीर राज्य का विलय भारत में

होने की पुष्टि की। भारत सरकार ने भारतीय संविधान में संशोधन कर 14 मई, 1954 को अनुच्छेद 370 के अंतरगत जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा दिया और 26 जनवरी, 1957 को जम्मू-कश्मीर का संविधान लागू हो गया। पीओके की सीमाएं पाकिस्तानी पंजाब एवं उत्तर पश्चिमी सीमा प्रांत से पश्चिम में, उत्तर-पश्चिम में अफगानिस्तान के वाखान गलियारे से, चीन के शिनझियांग उइगर स्वायत क्षेत्र से उत्तर और भारतीय कश्मीर से पूर्व में लगती है। इस क्षेत्र के पूर्व कश्मीर राज्य के कुछ भाग ट्रांसकराकोरम ट्रैक्ट को पाकिस्तान द्वारा चीन को दे दिया गया है तथा शेष क्षेत्र को दो भागों (उत्तरी क्षेत्र एवं आजाद क्षेत्र) में विलय कर दिया गया। इसी मसले पर 1947 में भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ और पाकिस्तान को करारी शिकस्त मिली। भारत ही नहीं बल्कि संयुक्त राष्ट्र सहित समेत अन्य अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा भी इस क्षेत्र को पीओके ही कहा जाता है। भारत की तत्कालीन नेहरू सरकार द्वारा देर से लिए गए निर्णय के कारण पाकिस्तान ने गिलगित व बाल्टिस्तान में कबायली वेष में फौज भेजकर लगभग आधे कश्मीर पर कब्जा कर लिया। पाकिस्तान के कब्जे के बाद भारत ने दावा किया कि महाराजा हरि सिंह से हुई संधि के परिणामस्वरूप पीओके सहित पूरे जम्मू-कश्मीर राज्य पर भारत का अधिकार है। लेकिन पाकिस्तान इसे मानने को तैयार नहीं है। उल्लेखनीय है कि 1949 से लेकर 1953 तक संयुक्त राष्ट्र में कश्मीर समस्या पर गहन वाद-विवाद हुआ। संयुक्त राष्ट्र के भारत पाक आयोग ने 13 अगस्त 1948 तथा 6 जनवरी 1949 को हुए समझौते के आधार पर तीन महत्वपूर्ण चरणों में फैसला किया-एक युद्ध विराम, दूसरा अल्पकालीन संधि और तीसरा जनमत संग्रह। इसका प्रथम चरण अर्थात युद्ध विराम 1 जनवरी 1949 से प्रभावी हो गया लेकिन बाद के दो चरण और उनकी व्याख्या को लेकर दोनों देशों में उत्पन हुए गतिरोधों के कारण लागू नहीं हो सके। इसीलिए इस आयोग ने 5 दिसंबर 1949 को सौंपी अपनी अंतरिम रिपोर्ट में स्वीकार किया कि राज्य (कश्मीर) की स्थिति परिवर्तित हो गई है, वह भारत का है, लेकिन पाकिस्तान अभी भी अपनी पुरानी नीति पर कायम है। पाकिस्तान सेना की मदद से यहां के सामाजिक स्वरूप को योजनाबद्ध तरीके से बदल रहा है और आतंकी संगठन जमात-उद-दावा का सरगना हाफिज सईद यहां शरिया लागू करने के लिए अभियान चला रहा है। नतीजतन बाहर से आए लोगों का बोलबाला बढ़ रहा है और स्थानीय मूल समाज हाशिए पर जा पहुंचा है। दुनिया को यह पता है कि यहां पाक सेना और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई अपने खतरनाक मंसूबों को अंजाम देने के लिए आतंकियों को प्रशिक्षित कर रही है। यहां 1947 से ही भारत के खिलाफ आतंकवाद का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके लिए पाकिस्तान की भारत विरोधी आतंकी नीति ही जिम्मेदार है। यहां समझना होगा कि पाकिस्तान की विदेश नीति का मुख्य लक्ष्य किसी भी तरह जम्मू-कश्मीर को हड़पना है। उसकी परराष्ट्र नीति का मूल प्रेरणा स्रोत भारत का भय और उसके निवारण के लिए मित्रों की खोज करना है। इसीलिए वह बार-बार अंतर्राष्ट्रीय मंचों के जरिए जम्मू-कश्मीर का मसला उठाकर भारत को विश्व बिरादरी से अलग-थलग करने का प्रयास करता है। इसके लिए वह कश्मीर में आतंक का समर्थन करता है और आतंकियों के मारे जाने पर उसकी आड़ में भारत के खिलाफ मानवाधिकार हनन का दुष्प्रचार करता है। पाक की विदेश नीति पर एक तत्व हावी है, वह है-भारत विरोध की नीति। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के हटने के बाद अब वह इस मसले पर भारत के खिलाफ दुष्प्रचार कर अपने चीन सरीखे मित्रों के जरिए मोर्चा खोलता रहता है। लेकिन उसे हर बार मुंह की खानी पड़ रही है, क्योंकि आज दुनिया का हर देश भारत के साथ कंधा जोड़ने को तैयार है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

जीपीटी-5 व लामा-3

शैलजा सिंह



अगली पीढ़ी के चैटबॉट्स...

हाल ही में, ओपनएआई के चैटजीपीटी एआई-संचालित चैटबॉट और मेटा के लामा सिस्टम के नियोजित अपग्रेड के बारे में प्रचार-प्रसार हुआ है, जो फेसबुक और इंस्टाग्राम पर कंपनी के चैटबॉट्स को शक्ति प्रदान करता है। इन प्रणालियों के पीछे की तकनीक को बड़े भाषा मॉडल (एलएलएम) के रूप में जाना जाता है। ये कृत्रिम तंत्रिका नेटवर्क हैं, एक प्रकार का एआई जिसे मानव मस्तिष्क की नकल करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। वे चैटबॉट्स के लिए सामान्य प्रयोजन पाठ उत्पन्न कर सकते हैं, और अवधारणाओं को वर्गीकृत करने, डेटा का विश्लेषण करने और पाठ का अनुवाद करने जैसे भाषा प्रसंस्करण कार्य कर सकते हैं। वे इन क्षमताओं को प्रशिक्षण नामक एक गहन प्रक्रिया के माध्यम से प्राप्त करते हैं, जहां एआई सिस्टम जो करता है उसे बेहतर बनाने के प्रयास में बड़ी मात्रा में डेटा के संपर्क में आता है। उम्मीद है कि ओपनएआई और मेटा 2024 की गर्मियों के अंत से पहले अपने चैटबॉट्स के नए संस्करण जारी करेंगे - जिन्हें क्रमशः जीपीटी-5 और लामा 3 कहा जाता है। ये अपने पूर्ववर्तियों से भिन्न होंगे।

अपने पूर्ववर्ती जीपीटी-4 की तरह, जीपीटी-5 छवियों और पाठ को समझने में सक्षम होगा। उपयोगकर्ता इससे किसी छवि का वर्णन करने के लिए कह सकेंगे, जिससे दृष्टिबाधित लोगों के लिए यह अधिक सुलभ हो जाएगा। जीपीटी-5 में विभिन्न भाषाओं के साथ बेहतर क्षमताएं होंगी, जिससे गैर-अंग्रेजी बोलने वालों के लिए सिस्टम के साथ संवाद करना और बातचीत करना संभव हो जाएगा। इसमें भाषा अनुवाद की अधिक निपुणता शामिल है। अपग्रेड में संवाद के संदर्भ की व्याख्या करने और भाषा की बारीकियों की व्याख्या करने की बेहतर क्षमता भी होगी। जीपीटी-5 में अधिक उन्नत तर्क क्षमताएं होंगी, जिसका अर्थ है कि यह अधिक जटिल डेटा सेट का विश्लेषण करने और अधिक परिष्कृत समस्या-समाधान करने में सक्षम होगा। यह तर्क एआई प्रणाली को नए अनुभवों से सीखकर निर्णय लेने में सक्षम बनाएगा। यह अधिक सटीक जानकारी प्रदान करने में सक्षम होगा। जीपीटी-5 एक समय में 50,000 शब्दों तक प्रोसेस कर सकता है, जो जीपीटी-4 की तुलना में दोगुना है, जिससे यह बड़े दस्तावेज़ों को संभालने के लिए और भी बेहतर होगा। इसमें उच्च स्तर की भावनात्मक बुद्धिमत्ता होगी, जो उपयोगकर्ताओं के साथ अधिक सहानुभूतिपूर्ण संवाद में मददगार होगी। यह ग्राहक सेवा सहित कई सेटिंग्स में उपयोगी हो सकता है। जीपीटी-5 जानकारी को खोजने और पुनः प्राप्त करने के तरीके की सटीकता में भी महत्वपूर्ण सुधार प्रदर्शित करेगा, जिससे यह सीखने के लिए अधिक विश्वसनीय स्रोत बन जाएगा। जीपीटी-5 उस इंटरनेट ऑफ थिंग्स के साथ अधिक संगत होगा, जहां घर व अन्य जगहों पर डिवाइस जुड़े होते हैं और जानकारी साझा करते हैं। इसे उद्योग 5.0 नामक अवधारणा का समर्थन करने में भी मदद करनी चाहिए, जहां मनुष्य और मशीनें एक ही कार्यस्थल के भीतर परस्पर क्रिया करते हैं। जीपीटी-5 में अधिक मजबूत सुरक्षा प्रोटोकॉल होंगे जो इस संस्करण को दुर्भावनापूर्ण उपयोग और गलत प्रबंधन के खिलाफ अधिक मजबूत बनाएंगे।

लामा-3 मेटा का जीपीटी-5 का प्रतिस्पर्धी है। इसमें अपने पूर्ववर्ती लामा-2 की तुलना में कई सुधार हैं। यह एक अधिक सक्षम मॉडल है जो अंततः अपने पूर्ववर्ती लामा-2 के अधिकतम 70 अरब मापदंडों की तुलना में 400 अरब मापदंडों के साथ आएगा। मशीन लर्निंग में, पैरामीटर एक शब्द है जो एआई सिस्टम में एक वेरिएबल का प्रतिनिधित्व करता है जिसे प्रशिक्षण प्रक्रिया के दौरान समायोजित किया जा सकता है, ताकि सटीक भविष्यवाणियां करने की क्षमता में सुधार हो सके। लामा-3 मल्टीमॉडल भी होगा, जिसका अर्थ है कि यह टेक्स्ट, छवियों और वीडियो को संसाधित करने और उत्पन्न करने में सक्षम है। यह अंग्रेजी के अलावा अन्य भाषाओं में कार्य करने में सक्षम होगा और इसमें लामा 2 की तुलना में बड़ी संदर्भ विंडो होगी। एक संदर्भ विंडो पाठ की उस सीमा को दर्शाती है जिसे एलएलएम सूचना उत्पन्न होने के समय संसाधित कर सकता है। इसका तात्पर्य यह है कि जब मॉडल को भविष्यवाणियां करने और प्रतिक्रियाएं उत्पन्न करने के लिए कहा जाएगा तो वह कम समय के भीतर पाठ या डेटा के बड़े हिस्से को संभालने में सक्षम होगा। मेटा गूगल क्लाउड सहित कई अन्य अनुप्रयोगों के साथ काम करने में सक्षम होने के लिए लामा-3 को कई अलग-अलग संस्करणों में लॉन्च करने की योजना बना रहा है। मेटा ने घोषणा की कि सबसे उन्नत संस्करण की रिलीज़ से पहले, लामा-3 के और अधिक बुनियादी संस्करण जल्द ही लॉन्च किए जाएंगे, जो अगली गर्मियों में होने की उम्मीद है। चैटबॉट्स की इस नई पीढ़ी में परिवर्तन न केवल जेनरेटिव एआई में क्रांति ला सकता है, बल्कि मानव-मशीन इंटरैक्शन में एक नए युग की शुरुआत भी कर सकता है जो वैश्विक स्तर पर उद्योगों और समाजों को बदल सकता है।

(लेखिका टेकविद् और साहित्यकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

हृदय का करें अनुसरण



संकलित

दर्शन

कोई भी धर्मग्रंथ हमें धार्मिक नहीं बना सकता। चाहे हम दुनिया के सारे धर्मग्रंथ पढ़ डालें, परंतु फिर भी ईश्वर या धर्म का हमें तनिक भी ज्ञान नहीं होता। हम सारी उम्र धर्म या ईश्वर संबंधी बातें करते रहें, पर हमारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं होती। दुनिया के विद्वानों ने भले ही हमारी बुद्धि प्रखर कर दी हो, पर हम ईश्वर तक नहीं पहुंच सके। पाश्चात्य संस्कृति का दोष यह है कि हम बुद्धि का संस्कार करते समय हृदय के संस्कार की ओर ध्यान ही नहीं देते। इसका परिणाम यह होता है कि मनुष्य दस गुना स्वार्थी हो जाता है। यदि हृदय और बुद्धि में विरोध उत्पन्न हो, तो तुम हृदय का अनुसरण करो, क्योंकि बुद्धि केवल एक तर्क के क्षेत्र में ही काम कर सकती है, वह उसके परे जा ही नहीं सकती, पर वह केवल हृदय ही है, जो हमें उच्चतम भूमिका पर आरूढ़ करता है। वहां तक बुद्धि कभी नहीं पहुंच सकती। हृदय, बुद्धि का अतिक्रमण कर अंतःस्फूर्ति को पा लेती है। बुद्धि से कभी अंतःस्फूर्ति प्राप्त नहीं हो सकती। अंतःस्फूर्ति का कारण केवल ज्ञानोदय बासित हृदय ही है। बुद्धिप्रधान, किंतु हृदय शून्य मनुष्य कभी स्फूर्तिमान नहीं बन सकता। प्रेममय पुरुष की समस्त क्रियाएं उसके हृदय से अनुप्राणित होती हैं। एक ऐसा उच्चतर साधन, जिसे बुद्धि कभी नहीं दे सकती, अगर किसी ने पाया है तो हृदय ने ही, और वह साधन है अंतःस्फूर्ति। जिस तरह बुद्धि ज्ञान का साधन है, उसी तरह हृदय अंतःस्फूर्ति का। शुरुआत में हृदय इतना शक्तिशाली नहीं होता, जितनी कि बुद्धि।

धैर्य से काम लेने में ही समझदारी



संकलित

प्रेरणा

एक बार महात्मा बुद्ध अपने कुछ शिष्यों के साथ एक गांव में भ्रमण कर रहे थे। उन दिनों कोई वाहन नहीं हुआ करते थे सो लोग पैदल ही मीलों की यात्रा करते थे। ऐसे ही गाँव में घूमते हुए काफ़ी देर हो गयी थी। बुद्ध जी को काफ़ी प्यास लगी थी। उन्होनें अपने एक शिष्य को गाँव से पानी लाने की आज्ञा दी। जब वह शिष्य गाँव में अंदर गया तो उसने देखा वहाँ एक नदी थी जहाँ बहुत सारे लोग कपड़े धो रहे थे कुछ लोग नहा रहे थे तो नदी का पानी काफ़ी गंदा सा दिख रहा था। शिष्य को लगा कि गुरु जी के लिए ऐसा गंदा पानी ले जाना ठीक नहीं होगा, ये सोचकर वह वापस आ गया। महात्मा बुद्ध को बहुत प्यास लगी थी इसीलिए उन्होनें फिर से दूसरे शिष्य को पानी लाने भेजा। कुछ देर बाद वह शिष्य लौटा और पानी ले आया। महात्मा बुद्ध ने शिष्य से पूछा कि नदी का पानी तो गंदा था फिर तुम साफ पानी कैसे ले आए। शिष्य बोला की प्रभु वहाँ नदी का पानी वास्तव में गंदा था लेकिन लोगों के जाने के बाद मैंने कुछ देर इंतजार किया। और कुछ देर बाद मिट्टी नीचे बैठ गयी और साफ पानी उपर आ गया। बुद्ध यह सुनकर बड़े प्रसन्न हुए और बाकी शिष्यों को भी सीख दी कि हमारा ये जो जीवन है यह पानी की तरह है। जब तक हमारे कर्म अच्छे हैं तब तक सब कुछ शुद्ध है, लेकिन जीवन में कई बार दुख और समस्या भी आते हैं जिससे जीवन रूपी पानी गंदा लगने लगता है। कुछ लोग पहले वाले शिष्य की तरह बुराई को देख कर घबरा जाते हैं और मुसीबत देखकर वापस लौट जाते हैं, वह जीवन में कभी आगे नहीं बढ़ पाते।

सटाका

आज की पाती

स्वच्छ जल उपलब्ध करवाना सरकार का दायित्व

अक्सर देश के विभिन्न राज्यों में दूषित पानी लोगों की सेहत का दुश्मन बन जाता है। दूषित जल के कारण लोगों की जो सेहत खराब होती है, उसके लिए कौन जिम्मेवार है, सरकार, प्रशासन या फिर आम जन? दूषित जल के लिए तो सरकार और प्रशासन ही ज्यादा जिम्मेवार हैं, क्योंकि आम जन को सरकार की तरफ से दी जाने वाली मूलभूत सुविधाओं में स्वच्छ जल उपलब्ध करवाना मुख्य होता है। लेकिन हमारे देश के सत्ताधारियों की आदत बन चुकी है आग लगने के बाद कुआं खोदने की। कई बार तो कुआं खोदने की भी कोशिश नहीं करते, बस लापरवाहियों पर शिकंजा कसने का आश्वासन देकर अगली लापरवाही तक लंबी तान कर सो जाते हैं। सरकार को ऐसे भरसक प्रयास करने चाहिए कि आम जन को स्वच्छ जल उपलब्ध हो। – *पवन सोनी, भाटापारा*

ट्रेंड

रायबरेली भी तैयार

राहुल गांधी को यह बताना चाहिए कि उनकी पार्टी में किन लोगों ने उन्हें धोखा दिया है। वे किसे सबक सिखाना चहाते हैं। और अब वे अमेठी में अपमानित को क्यों अपमानित कर रहे हैं। रायबरेली भी उन्हें हराने के लिए तैयार है।

-स्मृति ईरानी, केंद्रीय मंत्री

प्रबुद्ध लोगों की धरा

प्रधानमंत्री जी पीरजादा है इसलिए शहजादा बोल रहे है। वे पीरजादे यानि बुजुर्ग है। हम छोटे लोगों को कुछ भी बोल सकते हैं। लेकिन झूठ अधिक बोलते हैं। मिथिला की धरती प्रबुद्ध लोगों की धरा है यहां के लोग बेकार की नहीं काम की बात सुनते है।

-तेजस्वी यादव, राजद नेता

कैसे मदद कर सकते हैं

इसका नाम नाम जसप्रीत है। कुल्चे बेचता है। लेकिन उसकी शिक्षा प्रभावित नहीं होनी चाहिए। मुझे विश्वास है, वह दिल्ली के तिलक नगर में है। यदि किसी के पास उनका संपर्क नंबर हो तो कृपया इसे साझा करें ताकि पता लगाएं कि इसकी शिक्षा में कैसे मदद कर सकते हैं।

-आनंद महेंद्रा, उद्योगपति

लोगों को हंसाया

अपनी कुछ तस्वीरें देखने के बाद मुझे एहसास हुआ कि स्थिर मन के सामने मेरा व्यवहार आश्चर्यजनक रूप से अच्छा है। आइए बस एक ठंडी गोली लें और कुछ वीडियो दोबारा देखें, जिन्होंने अन्य लोगों को हंसाया है।

-काजोल, अभिनेत्री

करंट अफेयर

जर्मनी ने रूस से अपना राजदूत वापस बुलाया

जर्मनी ने सोमवार को कहा कि वह देश के चांसलर ओलाफ शोल्ज की पार्टी पर हुए कथित साइबर हमले के बाद रूस में अपने राजदूत को सलाह मशविरे के वास्ते एक हफ्ते के लिए बर्लिन बुला रहा है। जर्मनी ने पिछले हफ्ते रूस के सैन्य एजेंट पर शोल्ज की सोशल डेमोक्रेट्स पार्टी एवं अन्य संवेदनशील सरकारी औद्योगिक इकाइयों पर साइबर हमला करने का आरोप लगाया था। जर्मनी यह चेतावनी देने में नाटो और अन्य यूरोपीय देशों के साथ शामिल हो गया है कि रूस को साइबर जासूसी के परिणाम भुगतने होंगे। बर्लिन में विदेश कार्यालय ने कहा कि सरकार नयी घटना को 'गंभीरता' से रही है और विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक ने जर्मनी के राजदूत एक्लेजेंडर लैम्ब्सडॉर्फ को वापस बुलाने का फैसला किया है। कार्यालय ने कहा कि वह एक हफ्ते के बाद रूस लौटेंगे। बेयरबॉक ने कहा कि रूस के साइबर एजेंट सत्तारूढ़ गठबंधन की प्रमुख पार्टी सोशल डेमोक्रेट्स के ईमेल हैक करने में शामिल थे। जर्मन के गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा था कि हैकिंग अभियान रूस द्वारा यूक्रेन पर हमला करने के एक महीने बाद मार्च 2022 की शुरुआत में आरंभ हुआ था। साइबर हमले रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्रों सहित अन्य जर्मन कंपनियों के साथ-साथ यूक्रेन में युद्ध से संबंधित इकाइयों पर केंद्रित थे।

ऑफ बीट

पेड़ों पर छाल क्यों होती है? इसका क्या काम होता है

छाल पेड़ों को विविध सामग्री चारों ओर ले जाने में मदद करती है। कई पेड़ों की छाल दो अलग-अलग चीजों से बनी होती है। पहली चीज़ को फ्लोएम कहा जाता है और यह काफी जटिल चीज़ है। इसका मुख्य काम शर्करा और हार्मोन जैसे रसायनों को पेड़ के ऊपर, नीचे और आसपास पहुंचाना है। वास्तव में, फ्लोएम पेड़ के चारों ओर पौधे के लिए आवश्यक किसी भी चीज़ को स्थानांतरित कर सकता है। यह एक बहुत अच्छा कारण है कि पेड़ों की छाल क्यों होती है। दूसरी चीज़ को कॉर्क कहते हैं और कई पेड़ों में फ्लोएम और कॉर्क एक साथ मिले होते हैं. कॉर्क पेड़ को हानिकारक कीड़ों और कवक से बचाने में मदद करता है। यह पेड़ के कुछ हिस्सों को बहुत अधिक गर्म या बहुत ठंडा होने से बचाने में भी मदद करता है। हमारी तरह, पेड़ भी सही तापमान पर सबसे अच्छा काम करते हैं। तो यह सुरक्षा एक महत्वपूर्ण कारण है कि पेड़ों की छाल क्यों होती है। कुछ पेड़ों की छाल पतली चिकनी होती है जो हर साल झड़ जाती है। अन्य पेड़ों की छाल मोटी, रोएँदार या झुर्रीदार होती है जो महीनों या कई वर्षों में टुकड़ों में झड़ती है। जैसे-जैसे पेड़ बड़ा होता जाता है, छाल नियमित रूप से बदलती रहती है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016

aapkepatra.haribhoomi@gmail.com

पर भेज सकते हैं।

राजा, महाराजा, पूर्व मुख्यमंत्री के भाग्य का होगा फैसला

मुरैना और भिंड में बने त्रिकाणीय मुकाबले के हालात

चार लोकसभा सीटों में भाजपा-कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर, एक पर असमंजस, चार पर भाजपा भारी

विशेष प्रतिनिधि, भोपाल। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में मंगलवार 7 मई को प्रदेश की जिन 9 लोकसभा सीटों के लिए मतदान होने वाला है, उनमें राजा दिग्विजय सिंह की राजगढ़, महाराजा ज्योतिरादित्य सिंधिया की गुना और पूर्व मुख्मयंत्री शिवराज सिंह चौहान की विदिशा भी शामिल हैं। इन तीनों की किस्मत का फैसला भी ईवीएम में कैद हो जाएगा। मतदाताओं से बातचीत और माहौल को देखकर पता चलता है कि 4 लोकसभा सीटों मुरैना, ग्वालियर, भिंड और राजगढ़ में भाजपा-कांग्रेस के बीच कांटे का मुकाबला है। इनमें मुरैना और भिंड में बसपा के क्रमश: रमेश गर्ग बौर देवाशीष जजारिया मुकाबले को त्रिकोणीय बना रहे हैं। चार लोकसभा क्षेत्रों सागर, विदिशा, बैतूल और गुना में भाजपा भारी दिखती है। भोपाल सीट को लेकर लोग असमंजस में हैं क्योंकि यहां जातीय समीकरणों ने विश्लेषकों को पसोपेश में डाल रखा है।

मुरैना में नरेंद्र तोमर की प्रतिष्ठा दांव पर

भाजपा ने विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर की सिफारिश पर मुरैना सीट से शिवमंगल सिंह तोमर को मैदान में उतारा है। नरेंद्र तोमर यहां से सांसद रहते केंद्रीय मंत्री रहे हैं और अब जिले की दिमनी सीट से विधायक हैं। इस कारण इस सीट से उनकी प्रतिष्ठा खुद ब खुद जुड़ गई है। शिवमंगल सिंह का कांग्रेस के सत्यपाल सिकरवार से कड़ा मुकाबला है। कांग्रेस ने जब से सत्यपाल को प्रत्याशी घोषित किया तब से यह सीट भाजपा के लिए कठिन मानी जा रही है। सत्यपाल के पिता गजराज सिंह सिकरवार का क्षेत्र में अच्छा असर है। सत्यपाल के भाई सतीश सिकरवार ग्वालियर से विधायक और उनकी पत्नी शोभा सिकरवार महापौर हैं। नरेंद्र तोमर के साथ पार्टी को कांग्रेस की मजबूती का अहसास है। संभवत: इसीलिए श्योपुर जिले की विजयपुर सीट से 6 बार के कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक राम निवास रावत और मुरैना की महापौर शारदा सोलंकी को भाजपा में लाया गया है। बसपा से रमेश गर्ग मैदान में हैं। तोमर और सिकरवार से नाराज वैश्य और ब्राह्मण मतदाता इनके पक्ष में जा सकता है। बसपा से जुड़ा दलित वोट इन्हें मिलेगा ही। इस तरह मुरैना में त्रिकोणीय मुकाबले के आसार हैं।

सत्यपाल सिकरवार शिवमंगल सिंह

भिंड में तीन कोणीय मुकाबले के हालात

ग्वालियर- चंबल अंचल की भिंड लोकसभा सीट में तीन कोणीय मुकाबले के हालात हैं। यहां भाजपा की संध्या राय और कांग्रेस के फूल सिंह बरैया के बीच कड़ा मुकाबला है लेकिन कांग्रेस छोड़कर बसपा से चुनाव लड़ रहे देवाशीष जरारिया मुकाबले को त्रिकोणीय बना रहे हैं। जरारिया 2019 का चुनाव कांग्रेस के टिकट पर लड़े थे और बड़े अंतर से हारे थे। कांग्रेस ने टिकट नहीं दिया तो उन्होंने बगावत कर दी। प्रारंभ में भिंड में कांग्रेस के बरैया भारी पड़ते दिख रहे थे लेकिन बसपा से जरारिया के मैदान में उतरने के बाद चुनावी समीकरण बदले दिखाई पड़े। जरारिया द्वारा कांग्रेस को ज्यादा नुकसान पहुंचाने की संभावना है। भिंड जिले की लहार सीट से पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह विधायक रहे हैं और क्षेत्र की दतिया सीट से प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा। दोनों विधानसभा का चुनाव हार गए थे। लोकसभा चुनाव में उनकी प्रतिष्ठा भी दांव पर है क्योंकि कांग्रेस और भाजपा की नैया पार लगाने की जवाबदारी इनके ऊपर ही है। डॉ सिंह और मिश्रा पार्टी प्रत्याशियों के लिए क्षेत्र में खासी मेहनत कर रहे हैं।

संध्या राय देवाशीष जरारिया फूल सिंह

ग्वालियर में विधानसभा हारे प्रत्याशियों में टक्कर

ग्वालियर ऐसा लोकसभा क्षेत्र है जहां भाजपा और कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव हार चुके नेताओं पर दांव लगाया है। ये हैं भाजपा के भारत सिंह कुशवाहा और कांग्रेस के प्रवीण पाठक। चंबल-ग्वालियर अंचल की तासीर जातीय आधार पर मतदान करने की रही है। इसलिए पिछड़े वर्ग से जुड़ी अधिकांश जातियां भाजपा के पक्ष में खड़ी नजर आती है और ब्राह्मण, मुस्लिम और दलित समाज का रुझान कांग्रेस की ओर झुका नजर आता है। बसपा ने यहां केदार सिंह कंसाना को मैदान में उतारा है। वे पिछड़े वर्ग के वोट लेकर भाजपा के कुशवाहा और दलितों के वोट लेकर कांग्रेस के पाठक को नुकसान पहुंचाते दिख रहे हैं। भाजपा ने सांसद विवेक शेजवलकर को टिकट काट कर कुशवाहा को प्रत्याशी बनाया है, इसकी वजह से पार्टी के एक वर्ग में नाराजगी देखने को मिल रही है। क्षत्रिय समाज आमतौर पर ब्राह्मणों के साथ वोट नहीं करता लेकिन यह वर्ग इस समय भाजपा से बेजा नाराज है। करणी सेना जगह-जगह प्रदर्शन का भाजपा को सबक सिखाने की बात कर रही है। इसलिए यह वर्ग पहली बार ब्राह्मणों के साथ कांग्रेस में जा सकता है।

भारत सिंह कुशवाहा प्रवीण पाठक

गुना में महाराज के खिलाफ यादवों की चुनौती

लोकसभा के पिछले चुनाव में यादव समाज के केपी सिंह ने महाराज ज्योतिरादित्य सिंधिया को एक लाख से भी ज्यादा वोटों के अंतर से हराया था। भाजपा ने इस बार अपने इस सांसद का टिकट काट कर पिछला चुनाव हारे ज्योतरादित्य को ही प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस ने पिछला इतिहास दोहराने की मंशा से इस बार यादव समाज के दूसरे युवा नेता राव यादवेंद्र सिंह को मैदान में उतारा है। प्रदेश में समाज का मुख्यमंत्री होने के बावजूद गुना में यादव समाज कांग्रेस प्रत्याशी के साथ खड़ा होकर महाराज सिंधिया को चुनौती प्रस्तुत कर रहा है। गुना में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह का भी असर है लेकिन वे राजगढ़ में उलझ कर रह गए हैं और गुना में यादवेंद्र सिंह की कोई मदद नहीं कर रहे। संभवत: इसी के बदले सिंधिया ने भी राजगढ़ में दिग्विजय के खिलाफ प्रचार में रुचि नहीं ली। इस अघोषित समझौते की वजह से गुना में कांग्रेस प्रत्याशी को ताकत नहीं मिल पा रही है। कांग्रेस ने गुना का प्रभारी पूर्व मंत्री और दिग्विजय के बेटे जयवर्धन सिंह को बनाया था लेकिन वे भी राजगढ़ में अपने पिता का ही प्रचार देख रहे हैं।

ज्योतिरादित्य सिंधिया राव यादवेंद्र सिंह

सागर की एकमात्र कांग्रेस विधायक ने छोड़ा हाथ

बुंदेलखंड अंचल की सागर लोकसभा क्षेत्र की 8 विधानसभा सीटों में से सिर्फ बीना ही कांग्रेस के पास थी। वहां की विधायक निर्मला सप्रे ने भी हाथ का साथ छोड़ दिया। इससे कांग्रेस को बड़े झटके के तौर पर देखा जा रहा है। अब सभी 8 सीटों पर भाजपा का कब्जा हो गया। सागर में भाजपा की लता वानखेड़े का कांग्रेस के गुड्डू राजा बुंदेला से सीधा मुकाबला है। सागर भाजपा का गढ़ है। यह जानते हुए कांग्रेस के गुड्डू राजा ने प्रचार में अच्छी ताकत झोंकी। हेलीकाप्टर लेकर पूरे क्षेत्र में घूमे। कांग्रेस के सभी नेताओं को एकजुट किया लेकिन अंत में निर्मला सप्रे ने उनकी पूरी मेहनत पर पारी फेर दिया। हालांकि गुड्डू राजा की मेहनत के बावजूद भाजपा ही मजबूत थी और है। भाजपा की लता वानखेड़े महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष और राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रही हैं। इस नाते उनका महिलाओं से सतत संपर्क रहा है। चुनाव के दौरान उन्होंने जगह-जगह महिला सम्मेलन किए हैं। एक तरह से लता का पूरा चुनाव महिलाओं ने ही संभाल रखा है। ताकत देने के लिए भाजपा के दिग्गज मंत्री गोविंद सिंह राजपूत और पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह सहित पार्टी के अन्य विधायक हैं ही। कड़े मुकाबले में यहां भाजपा भारी दिखती है।

गुड्डू राजा बुंदेला लता वानखेड़े

दिग्विजय ने कठिन की रोडमल की राह

गुना के बाद राजगढ़ दूसरा हाई-प्रोफाइल संसदीय क्षेत्र है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह यहां अपना आखिरी चुनाव लड़ रहे हैं, इसलिए राजगढ़ के नतीजे पर सबकी नजर है। उनके सामने हैं भाजपा के रोडमल नागर। रोडमल पिछला चुनाव बड़े अंतर से जीते थे लेकिन इस बार दिग्विजय ने उनकी राह कठिन कर रखी है। राजगढ़ दिग्विजय का गृह क्षेत्र है। वे यहां से सांसद रहे हैं और क्षेत्र की राघौगढ़ एवं चाचौड़ा विधानसभा सीट से विधायक भी। दिग्विजय राघौगढ़ के राजा हैं ही, वे 10 साल तक लगातार प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे हैं। इस नाते उनका क्षेत्र से गहरा नाता है। नई युवा पीढ़ी से उनका ज्यादा संपर्क नहीं है, इसे जीवंत बनाने के लिए उन्होंने पद यात्रा के जरिए पूरे क्षेत्र में जनसंपर्क किया है। दूसरी तरफ भाजपा के अलावा संघ और उसके अनुषांगिक संगठनों को दिग्विजय हमेशा खटकते हैं। इसलिए दिग्विजय को शिकस्त देने के लिए प्रदेश की सरकार, भाजपा और संघ ने पूरी ताकत झोंक रखी है। ये संगठन दिग्विजय को राम द्रोही और हिंदू विरोध ठहराते हैं क्योंकि उनके अधिकांश बयान मुस्लिम समाज के पक्ष में आते हैं। हालांकि दिग्विजय कहते हैं कि भाजपा और संघ में उनसे बड़ा सनातनी कोई नहीं।

रोडमल नागर दिग्विजय सिंह

मामा शिवराज को टक्कर दे रहे प्रतापभानु

विदिशा लोकसभा सीट का चुनाव इसलिए चर्चित है क्योंकि यहां प्रदेश में सबसे ज्यादा समय तक मुख्यमंत्री रहने का रिकार्ड बनाने वाले शिवराज सिंह चौहान भाजपा की ओर से मैदान में हैं। वे इस क्षेत्र से कई बार सांसद रहे हैं और क्षेत्र की बुदनी विधानसभा सीट से विधायक। शिवराज का यह गृह और कर्म क्षेत्र दोनों है। इसलिए उनकी कोशिश रिकार्ड वोटों के अंतर से जीत दर्ज करने की है। उन्हें प्रचार की कला आती है और भाषण शैली में भी वे पारंगत हैं। लोगों के बीच मामा और मैया के नाम से चर्चित शिवराज को मालूम है कि उनकी जीत पक्की है फिर भी वे जी-तोड़ मेहनत कर रहे हैं। उनके सामने हैं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रतापभानु शर्मा। प्रतापभानु विदिशा से दो बार सांसद रहे हैं। उन्हें क्षेत्र में गंभीर, ईमानदार और स्वच्छ छवि के नेता के तौर पर जाना जाता है। बातचीत में वे लोगों को प्रभावित करते हैं। लोकसभा सीट के कई हिस्सों में वे शिवराज को कड़ी टक्कर देते नजर आते हैं। प्रतापभानु चूंकि लगभग तीन दशक बाद लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं, इसकी वजह से क्षेत्र में उनका सतत संपर्क नहीं रहा।

शिवराज सिंह चौहान प्रतापभानु शर्मा

जातीय समीकरणों में उलझा भोपाल का चुनाव

राजधानी होने के नाते भोपाल लोकसभा सीट के चुनाव पर सबकी नजर है। यहां भाजपा से पूर्व महापौर आलोक शर्मा का मुकाबला कांग्रेस के अरुण श्रीवास्तव से है। आलोक महापौर के साथ विधानसभा के दो चुनाव लड़ चुके हैं जबकि कांग्रेस के अरुण पहला चुनाव लड़ रहे हैं। भोपाल सीट भाजपा के गढ़ जैसी है लेकिन जातीय समीकरणों ने इस चुनाव को उलझा दिया है। कांग्रेस ने लंबे समय बाद किसी कायस्थ को टिकट दिया है। क्षेत्र में इस समाज की तादाद निर्णायक है। यह कांग्रेस के अरुण की ओर जाता दिख रहा है। दूसरा मुस्लिम समाज भी कांग्रेस के साथ है और दलित समाज का एक तबका भी। इससे कांग्रेस के अरुण भाजपा के आलोक को टक्कर देते दिखने लगे हैं। जहां तक आलोक शर्मा का सवाल है तो ब्राह्मणों के अलावा पिछड़ा वर्ग की अधिकांश जातियां भाजपा के साथ खड़ी नजर आती हैं। भाजपा का अपना वोट बैंक भोपाल में है ही। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुरेश पचौरी के साथ आने से भी भाजपा को ताकत मिली है। आलोक का खुद लोगों से सीधा संपर्क है, वे भाजपा के जिलाध्यक्ष रहे हैं। बहरहाल भोपाल का चुनाव जातीय समीकरणों में उलझा नजर आ रहा है।

अरुण श्रीवास्तव आलोक शर्मा

बैतूल में भाजपा के दुर्गादास, कांग्रेस के रामू में मुकाबला

भाजपा का गढ़ बन चुके बैतूल लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के मौजूदा सांसद दुर्गादास उइके और कांग्रेस के रामू टेकाम के बीच सीधा मुकाबला है। पहले यहां दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना था लेकिन बसपा प्रत्याशी की अचानक मृत्यु के कारण प्रक्रिया आगे बढ़ गई और अब यहां तीसरे चरण में मतदान होगा। लोगों से बातचीत के बाद पता चलता है कि भाजपा के दुर्गादास उइके 2019 में जीतने के बाद निष्क्रिय रहे, जबकि कांग्रेस के रामू टेकाम पिछला चुनाव हार जाने के बावजूद लगातार सक्रिय। हालांकि इन स्थितियों के बाद भी कांग्रेस के टेकाम भाजपा के उइके से पिछड़ते दिख रहे हैं। वजह है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अयोध्या में राम मंदिर के कारण भाजपा के पक्ष में चल रही लहर। यहां 1996 से लगातार भाजपा जीत रही है, इसलिए यहां का मतदाता भाजपा की मानसिकता वाला पहले से है। एक दूसरे का मुकाबला कर रहे कांग्रेस के रामू टेकाम और भाजपा के दुर्गादास उइके में कई समानताएं हैं। लोगों की नजर में दोनों सहज और सरल स्वभाव के हैं। दोनों वाकपटु भी हैं। चुनाव में इन दोनों के बीच ही मुकाबला है।

दुर्गादास उइके रामू टेकाम

शराब और फ्री बीज की जब्ती, 1200 बम और मिले कॉटेज

मप्र में 5 साल के बाद 300 गुना अधिक कैश की हुई जब्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र में लोकसभा के चुनाव के दौरान चुनाव आयोग ने वर्ष 2019 की तुलना में 300 गुना अधिक कैश, शराब और फ्रीबीज की सामग्री जब्त की है। साल 2019 में 85 करोड़ रुपए जब्त किए गए थे, जबकि साल 2024 में 280 करोड़ की सामग्री जब्ती हुई है, जिसमें मादक पदार्थ और मतदाताओं को लुभाने वाले सामान को भी आयोग ने जब्त किया है।

चुनाव आयोग ने बताया कि 22 करोड़ रुपए मूल्य की अवैध कैश और 29 लाख लीटर शराब, जिसकी कीमत 43 करोड़ रुपए है। अवैध सोना चांदी जिनकी कीमत 14 करोड़ रुपए आंकी गई है। वहीं अवैध मादक पदार्थ 255 किलो ग्राम जिनकी बाजार में कीमत 31 करोड़ रुपए है।

इसके अलावा अन्य सामग्री 167 करोड़ रुपए कि जब्त तक की गई है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि तीसरे चरण के लोकसभा चुनाव में कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए 1,17,000 व्यक्तियों पर प्रबंधक कार्रवाई की गई है।

1,53 लाख लाइसेंसी हथियार भी जमा

9 लोकसभा सीटों में 1,53,000 लाइसेंसी हथियार भी जमा कराए गए हैं। वहीं अब तक 2,84,000 लाइसेंसी हथियारों में से 2,73,000 हथियार जमा कराए गए हैं। वहीं 806 लाइसेंसी हथियारों को निरस्त किया गया है। 1920 लाइसेंसी हथियारों की जप्ती पुलिस ने की है। 8,172 लोगों को हथियार रखने की रियायत दी गई है। 46 मामलों में पुलिस की कार्रवाई जारी है। अब तक 4 हजार से अधिक अवैध हथियारों को जब्त किया गया है।

राजनीतिक दलों के लिए भी आयोग की हिदायत

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतदान के दिन अभ्यर्थी को अपने एक वाहन और एजेंट के लिए एक वाहन की पात्रता होगी। अभ्यर्थी और मतदान दल के 100 मीटर के भीतर ना तो प्रचार कर सकेंगे न ही प्रचार सामग्री लगा सकेंगे। अभ्यर्थी और उसके दल का कोई भी सदस्य लालच और डराने धमकाने की कोशिश करेगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

अवैध रेत परिवहन करते 17 डंपर, ट्रैक्टर 6 पकड़े

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर अवैध रेत परिवहन और भंडारण के विरुद्ध अभियान दूसरे दिन भी जारी। सोमवार खनिज विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने रीवा, शहडोल, अनूपपुर, उमरिया, सिंगरौली और सीधी में कार्रवाई करते हुए 28 प्रकरण दर्ज किए और 17 डंपर और ट्रैक्टर 6 पकड़े हैं। इनमें टीम ने अकेले शहडोल में 11 डंपर पकड़े हैं। इस तरह टीम ने कुल 23 वाहन पकड़े हैं।

भाजपा अध्यक्ष ने ली बूथ समिति सदस्यों की बैठक

भोपाल में मौजूद इस बूथ का एक भी मतदाता मतदान से वंचित न रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण मतदान प्रतिशत बढ़ाने भोपाल के दानिश हिल्स स्थित बूथ क्रमांक 223 के बूथ समिति मे सदस्यों के साथ बैठक की। शर्मा इसी बूथ के मतदाता हैं। शर्मा ने कहा कि मैं भी अपने बूथ का मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए आप सभी से यही अपील करने आया हूं। बूथ क्रमांक 223 में कुल 1179 मतदाता हैं, जिनमें 726 लोगां ने विधानसभा में मतदान किया है। मैं अपील करता हूं कि इस बूथ के जो सम्मानित मतदाता शहर के बाहर हैं, वे भी आकर मतदान करें और लोकतंत्र को और मजबूत बनाएं।

अधिक मतदान के लिए प्रयास करें

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता इस बूथ के अधिक से अधिक मतदाताओं से मतदान कराने का प्रयास करें। लेकिन इस बूथ के जितने मतदाता वर्तमान में भोपाल में हैं, उन सभी से भाजपा कार्यकर्ता अपील करें कि सभी लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करें। विधानसभा में 726 वोट पड़े थे, लेकिन लोकसभा में इस संख्या को और बढ़ाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता कल सुबह 6 बजे से लोगों से मतदान करने की अपील करें।

बुरहानपुर में सीएम ने निकाला रोड शो

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव खंडवा सोमवार की शाम लोकसभा क्षेत्र के बुरहानपुर में रोड शो में शामिल हुए। इस दौरान सीएम डॉ. यादव ने रोड शो के दौरान भाजपा के चुनाव चिन्ह कमल का फूल दिखाकर प्रत्याशी ज्ञानेश्वर पाटिल को जिताने की अपील की। इस अवसर पर स्थानीय युवाओं से लेकर बुजुर्गों और लाड़ली बहनों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का जोरदार स्वागत किया। रथ पर सवार मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भी अपनी जनता का पुष्प वर्षा करते हुए अभिवादन किया।

कांग्रेस ने की निर्वाचन आयोग से शिकायत

बौखलाई भाजपा, कांग्रेस कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित करवा रही : श्रीवास्तव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल लोकसभा क्षेत्र में भाजपा लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रशासन के सहारे ध्वस्त करने का प्रयास कर रही है। पूरे क्षेत्र में उसके खिलाफ माहौल है, जिससे पार्टी के नेता बौखला गए हैं। इसलिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को झूठे मामले बना कर जेल भेजने का सिलसिला कल रात से शुरू हो गया है। श्रीवास्तव ने मीडिया से चर्चा में बताया कि कल रात्रि 12 बजे के बाद नरेला विधानसभा (153) क्षेत्र के सभी थानों की पुलिस द्वारा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं के घर जाकर उनको नींद से उठाया गया तथा उनको धमकी दी गई कि वे कांग्रेस पार्टी का कार्य एवं प्रचार छोड़कर भाजपा की सदस्यता प्राप्त करें।

श्रीलंका और फिलीपीन का दल पहुंचा भोपाल

विदेशी डेलीगेशन ने देखा मतदान सामग्री वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

लोकसभा चुनाव की सभी प्रक्रियाओं को देखने एवं उससे जुड़े विभिन्न चरणों को समझने श्रीलंका और फिलीपीन्स का 11 सदस्यीय डेलीगेशन भोपाल आया हुआ है। इस इन्टरनेशनल डेलीगेशन ने 6 मई को सुबह भोपाल में मतदान सामग्री वितरण स्थल पर पहुंचकर मतदान सामग्री वितरण प्रक्रिया को देखा और उसकी सिलसिलेवार जानकारी ली। इस दौरान डेलीगेशन के साथ संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मनोज खत्री, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, सीईओ जिला पंचायत ऋतुराज सिंह उपस्थित रहे। प्रतिनिधि दल को कलेक्टर सिंह एवं मास्टर ट्रेनर ने निर्वाचन प्रक्रिया की चरणवार विस्तृत जानकारी दी गयी। इवीएम, वीवीपैट, मतदान दल गठन, मतदान सामग्री वितरण, मॉनिटरिंग, सुरक्षा संबंधी व्यवस्था सहित निर्वाचन संबंधी अन्य प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया।



ये हैं प्रतिनिधि मंडल के सदस्य

डेलीगेशन में फिलीपीन्स के 'कमीशन ऑन इलेक्शन्स' की एसोसिएट कमिश्नर सोकोर्रो बी. इंटिंग, डायरेक्टर सेलिया बी. रोमेरो एवं एग्जीक्युटिव असिस्टेंट लेसली एन सी. कॉनक्विला तथा श्रीलंका के 'प्रेसीडेंशियल कमीशन ऑफ इक्वायरी टू मेक रिकमंडेशन्स फॉर इलेक्शन लॉ रिफार्म्स' के चेयरमैन जस्टिस वीवेज प्रियसथ गेराड डेप, सुंथारम अरूमैनायाहम, अलीसंदारालेज सेनानायके, अहमद लेब्बे मोहम्मद सलीम, निमालका फर्नान्डो, थिरानागे दीपानी सामंथा रॉडरिगो,एलन करमाइकल वेरे तंबिनायागम डेविड सहित कमीशन सेकेट्री माधवा देवा सुरेन्द्र भोपाल आए हैं।

खुद को बताया था मुंबई क्राइम ब्रांच का अधिकारी, स्काइप कॉल के माध्यम से ब्लैकमेल कर की थी ठगी

मनी लांड्रिंग में फंसाने की धमकी देकर 68.49 लाख की ठगी करने वाला एक और आरोपी राजस्थान के दौसा से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

साइबर क्राइम ब्रांच की टीम ने मनी लांड्रिंग में फंसाने की धमकी देकर 68.49 लाख रुपए की ठगी करने वाले एक अन्य आरोपी को राजस्थान के दौसा से गिरफ्तार किया है। इस धोखाधड़ी के मामले में पुलिस पूर्व में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपियों में एक ने खुद को फेडेक्स कंपनी का कर्मचारी बताकर आवेदक के नाम से ड्रग का पार्सल मुंबई से ताईवान भेजे जाने के संबंध में बताया था। बाद में उसके साथियों में एक आरोपी ने स्काइप पर कॉल कर खुद को क्राइम ब्रांच मुंबई का डीसीपी बताकर फरियादी के नाम का 200 एमजी एमडीएमए ड्रग पार्सल पकड़े जाने का कहा था। वीडियो कॉल पर आरोपी ने फरियादी को ऑब्जर्वेशन में रखा। (सेल्फ अरेस्ट कर) व मनी लांड्रिंग का झूठा आरोप लगाकर आरोपियों ने फरियादी से 68.49 लाख रुपए ऐंठ लिए थे।

ठगी करने के मामले में चार आरोपियों की पूर्व में हो चुकी है गिरफ्तारी

लोकेश सेनी | अब्दुल रहमान | अब्दुल कादर | राजेंद्र मीणा | नमो नारायण मीणा

साइबर क्राइम ब्रांच की टीम ने बताया कि फरियादी द्वारा शिकायत की गई थी कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने खुद को फेडेक्स कंपनी का कर्मचारी बताकर कहा था कि आपके नाम से ड्रग का पार्सल मुंबई से ताईवान भेजा गया है। इसके बाद फरियादी के पास एक स्काइप कॉल आया। कॉलर ने उन्हें बताया कि वह क्राइम ब्रांच मुंबई का डीसीपी है। इसके बाद ड्रग पार्सल से जेल जाने की धमकी दी। बाद में वीडियो कॉल पर ऑब्जर्वेशन में उन्हें रखा गया। (सेल्फ अरेस्ट कर) व मनी लांडरिंग का झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर फरियादी से 68.49 लाख रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए थे।

इस तरह करते थे वारदात

जयपुर राजस्थान से गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि खाता धारक राजेंद्र मीणा निवासी सवाई माधोपुर राजस्थान द्वारा फर्जी पते व कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर अव स्मॉल फाइनेंस बैंक में करेंट अकाउंट ओपन कराया एवं अव स्मॉल फाइनेंस बैंक के कर्मचारी लोकेश सैनी ने उक्त बैंक खाता को गलत तरीके से वेरीफाई कर फर्जी पते व कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर बैंक की खाता खोलने में मदद की थी। खाता धारक राजेन्द्र मीणा द्वारा उक्त खाते को नमो नारायण को एक लाख पचास हजार रुपए में बेच दिया । केरला से गिरफ्तार आरोपी इस तरह करते थे वारदात खाता धारक अब्दुल कादर एएन निवासी कासरगोड केरल ने अन्य आरोपी अब्दुल रहमान के कहे अनुसार ठगी की राशि अपने बैंक खाते में ली थी और नगदी निकालकर अब्दुल रहमान को दे दी। खाताधारक अब्दुल कादर ने इसके बदले में अपना कमीशन लिया था। आरोपी अब्दुल रहमान निवासी कासरगोड केरल ठगी की राशि को अलग-अलग बैंक खातों में जमा कराकर खाताधारकों से नगदी निकलवाकर अपना कमीशन रखता था। नगदी शाफी निवासी कासरगोड केरला हाल पता दुबई में रहकर ठगी करने वाले के पास पहुंचाता था।

राजस्थान के दौसा से गिरफ्तार आरोपी ने इस तरह की वारदात

आरोपी नमो नारायण मीणा, ग्राम बानोर थाना बामनवास जिला सवाई माधोपुर राजस्थान ने अपराध में प्रयुक्त बैंक खाता खाताधारक राजेन्द्र मीणा से खरीदकर अन्य ठग को बेचा था। इसके बदले आरोपी नमो नारायण मीणा ने साढ़े तीन लाख रुपए कमीशन लिया था। आरोपी ने पूछताछ में बताया गया कि वह खाते में प्रतिदिन हुए ट्राजेक्सन का तीन फीसदी कमीशन के रूप में लेता है। आरोपी नमो नारायण को वारदात में कुल पांच लाख रुपए का कमीशन मिला था।

खबर संक्षेप



श्रद्धा-भाव से मनाई संत सेनजी महाराज की जयंती

औबेदुल्लागंज। आराध्य श्री संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती सोमवार को श्रद्धा भाव से बनाई गई। सर्वसेन समाज बंधुओं ने श्री सेन जी महाराज के आदर्शों का पालन एवं उनके मार्गदर्शन पर चलने का संकल्प लिया एवं समाज को संगठित रहने का निर्णय लिया। नगर के जाने माने बलवीर जी सेन, नारायण प्रसाद, माखन सिंह सेन, मुकेश सेन, दिनेश सेन, प्रमोद सराठे सेन, दिनेश सेन, विष्णु प्रसाद सेन, दुर्गा प्रसाद, प्रमोद श्रीवास सेन सहित समाजिक बंधुओं ने श्री संत शिरोमणि सेन जी महाराज की पूजा अर्चना की।

युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

भोपाल। निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित ऐहसान नगर में एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। एसआई एमएल सोलंकी ने बताया कि छन्नी पारदी पिता ललित सिंह पारदी (18) एहसान नगर, हाउसिंग बोर्ड करोंद में रहती थी। रविवार रात परिवार ने खाना खाया और छन्नी अपने कमरे में चली गई। उसने कमरे में फांसी लगा ली। इसके बाद फंदे से उतारकर छन्नी को भानपुर स्थित निजी अस्पताल पहुंचे, वहां डॉक्टर मृत घोषित कर दिया।

राष्ट्रहित में जैन समाज करेगा 100% मतदान

मंडीदीप। औद्योगिक नगर में मंगलवार को होने वाले मतदान में जैन समाज अपना महत्वपूर्ण योगदान देगा। मुनि व्यवस्था समिति अध्यक्ष विनोद जैन ने बताया कि राष्ट्र हित में हमें अपना योगदान देना चाहिए और आवश्यक रूप से मतदान करना चाहिए। उन्होंने सभी सामाजिक बंधुओ से आह्वान किया है कि वह किसी भी स्थिति में पूर्ण मतदान करें। इस अवसर पर सभी ने 100 प्रतिशत मतदान का संकल्प लिया। जैन समाज ने पूरे प्रदेश तथा नगर की जैन मंदिर समिति एवं सामाजिक संस्थाओं से निवेदन किया है कि वह प्रत्यक्ष रूप से एवं सोशल मीडिया के माध्यम से सभी को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करें।

17 मई तक भराए जाएंगे बीयू के परीक्षा फॉर्म

भोपाल। बरकतउल्ला विवि ने संबद्ध कॉलेजों में संचालित मास्टर ऑफ एजुकेशन (एमएड) फोर्थ सेमेस्टर की परीक्षा के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। छात्र सामान्य फीस के साथ 17 मई तक आवेदन कर सकते हैं। इसी दौरान बैचलर ऑफ एजुकेशन (बीएड) फोर्थ सेमेस्टर एवं एमएड फोर्थ सेमेस्टर (इंटेलेक्शुअल डिसेबिलिटी) के छात्रों के परीक्षा फॉर्म भी भरे जाएंगे। छात्रों को अंतिम अवसर के लिए परीक्षा शुरू होने की तारीख के दो दिन पहले से परीक्षा शुरू होने की दिनांक तक भी विशेष विलंब फीस के साथ आवेदन करने की सुविधा दी गई है।

प्रगति पेट्रोल पंप के पास हुआ विवाद, दर्जन भर घायल

किन्नरों के दो पक्षों में वर्चस्व का विवाद, लाठी-डंडों से की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एमपी नगर थाना क्षेत्र स्थित प्रगति पेट्रोल पंप के पास सोमवार दोपहर उस समय अफरा तफरी का माहौल बन गया, जब किन्नरो के दो पक्ष आमने-सामने हो गए। एक पक्ष द्वारा भाड़े पर लाए गए गुंडों की मदद ली गई। दूसरे पक्ष के किन्नरों के ऑटो पर हमला बोल दिया। लाठी-डंडे, रॉड और चाकू छुरी लेकर पहुंचे किन्नरों और उनके साथ मौजूद बदमाशों ने ऑटो में तोड़फोड़ करते हुए उसमें बैठे किन्नरों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। प्रगति पेट्रोल पंप जैसे भीड़भाड़ वाले इलाके में हुई इस वारदात के बाद आम आदमी में खौफ का माहौल निर्मित हो गया था। स्थिति यह बन गई कि लोगों को अपनी जान बचाने यहां वहां छुपना पड़ा।

एमपी नगर में घेरकर पीटा, भाड़े पर बुलाए बदमाश

उल्लेखनीय है कि किन्नरों का यह विवाद एक दिन पहले कोलार से शुरू हुआ था। कोलार में भी दोनों पक्षों ने एक दूसरे से मारपीट की थी। पुलिस के मुताबिक बुधवारा निवासी पल्लवी किन्नर गुरू पूजा ठाकुर (40) सोमवार सुबह अपनी साथियों मनीषा, गुलशन व सलोनी किन्नर समेत दो दर्जन किन्नरों के साथ नेग मांगने के लिए निकले थे। सभी लोग पांच से छह ऑटो में सवार होकर एमपी नगर पहुंचे। प्रगति पेट्रोल पंप के पास पहुंचते ही काजल ठाकुर, नानू विश्वास, रितिका और मयूरी समेत 60 से 70 लोगों ने उन्हें रोक लिया। इनमें कुछ किन्नर थे और किराए पर लाए गए गुंडे थे। रोकते ही आरोपियों ने डंडे और रॉड से ऑटो पर हमला कर दिया। अंदर मौजूद किन्नरों ने भागने का प्रयास किया था, लेकिन आरोपियों की संख्या अधिक होने के कारण वे भाग नहीं सके। लिहाजा आरोपियों ने घेरकर उनके साथ मारपीट की और कुछ लोगों के बाल काट दिए। मारपीट में दर्जनभर किन्नरों को गंभीर चोट आई है।

एक दिन पहले कोलार में हुआ था विवाद

मंगलवारा और बुधवारा के किन्नरों के गुटों में वर्चस्व को लेकर पुराना विवाद चल रहा है। विवाद ने नया मोड़ रविवार सुबह कोलार के बीमाकुंज इलाके से ले लिया। यहां नेग मांगने पहुंचे किन्नरों के बीच विवाद हुआ और दोनों पक्षों ने एक दूसरे के साथ लात मुक्कों से मारपीट की थी। विवाद में दोनों ओर से 5 किन्नर घायल हुए थे। कोलार पुलिस ने रविवार को मंगलवारा गुट की किन्नर रितिका ठाकुर गुरु सुरैया नायक (24) की शिकायत पर पल्लवी, जमीला, मोना व सिमरन किन्नर के खिलाफ और बुधवारा गुट की पल्लवी किन्नर गुरु पूजा ठाकुर (40) की रिपोर्ट पर काजल ठाकुर, काजल बंबईया, नानू विश्वास तथा नेहा शर्मा किन्नर के विरुद्ध गाली-गलौज, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया था।

चुनाव के बाद होनी थी पंचायत

रविवार को विवाद होने के बाद किन्नरों के गुरुओं के बीच बातचीत हुई थी। पल्लवी की गुरु पूजा ठाकुर ने बताया कि बात यह तय हुई थी कि बार बार विवाद न हो इसके लिए समाज की पंचायत बैठाई जाएगी। पूजा ठाकुर ने कहा कि अभी चुनाव का समय है और चुनाव होने के बाद बैठक बिठाकर विवाद न हो इसके लिए नियम बना लिए जाएगा। बात यह भी तय हुई थी कि जब तक बैठक नहीं होती है सभी अपना अपना काम करेंगे और आपस में विवाद और खूनखराब नहीं करेंगे। गुरु पूजा ठाकुर ने नेग मांगने जा रहे पल्लवी समेत अन्य किन्नरों को मना किया था कि कल ही विवाद हुआ है और अभी नेग मांगने जाने की जरूरत नहीं है। बावजूद इसके पल्लवी अपने साथियों के साथ नेग मांगने गई। विवाद होने की आशंका गुरु को थी और उन्होंने सभी को साथ रहने की बात कही थी और विवाद न करने की बात कही थी।

मतदान के लिए आज बंद रहेगा संतनगर का कपड़ा बाजार

मतदाताओं को प्रेरित कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने 50 बूथों पर दिन में तीन बार निकाला जाएगा लक्की ड्रॉ

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

लोकसभा चुनाव के लिए मंगलवार को मतदान किया जाएगा। मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए राजनीतिक दलों के अलावा जिला प्रशासन के साथ ही बैरागढ़ के व्यापारिक और सामाजिक संगठन भी प्रयास कर रहे हैं। प्रशासन की पहल पर यहां की प्रमुख बर्तन व्यापारी संघ ने बैरागढ़ के प्रत्येक बूथ पर दिन में तीन बार लक्की ड्रॉ निकालकर मतदाताओं को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा थोक कपड़ा बाजार भी बंद रखने का निर्णय लिया गया है ताकि मतदान अधिक से अधिक हो सके। सराफा बाजार भी आधा दिन के लिए बंद रहेगा।

दिन में तीन बार खुलेगा ड्रॉ

बर्तन व्यापारी संघ अध्यक्ष रामचंद मूलचंदानी ने बताया कि बैरागढ़ के अधिकांश बूथों पर बर्तन व्यापारी संघ के सदस्य मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। यहां 50 बूथों पर दिन में तीन बार लक्की ड्रॉ निकाला जाएगा। मतदान करने वाले किसी एक मतदाता को इंसुलेटेड पीवीसी बोतल पुरस्कार के रूप में दी जाएगी। प्रत्येक बूथ पर सुबह दस बजे, दोपहर दो बजे एवं शाम पांच बजे ड्रॉ निकाला जाएगा। संघ के जवाहर मूलचंदानी, नारायण तोलानी व भगवान तेजवानी आदि ने सभी से मतदान करने की अपील की है। वहीं कपड़ा संघ के अध्यक्ष कन्हैया इसरानी और महासचिव दिनेश वाधवानी ने बताया कि मंगलवार को मतदान के दिन थोक कपड़ा बाजार बंद रहेगा और लोगों से अपील की जाती कि अधिक से अधिक मतदान करें।

ट्रक की टक्कर से घायल एंबुलेंस चालक की मौत

भोपाल। बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित तरावली के पास गत 30 अप्रैल की दोपहर ट्रक ने एंबुलेंस को टक्कर मार दी। वैन में बनी एंबुलेंस में सामने से जोरदार टक्कर लगने से एंबुलेंस के परखच्चे उड़ गए थे। स्थानीय लोग और पुलिस ने एंबुलेंस में फंसे घायल को बाहर निकालकर बैरसिया के अस्पताल पहुंचाया था। वहां स्थिति गंभीर देखते हुए घायल चालक को हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया। हमीदिया अस्पताल में चले इलाज के दौरान रविवार देर रात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ऋषि कुशवाह पुत्र स्वर्गीय राज कुशवाह (25) नारियलखेड़ा गौतम नगर में रहता था और एंबुलेंस चलाता था। गत 30 अप्रैल को वैन में बनी एंबुलेंस से मरीज को छोड़ने बैरसिया गया था।

संत हिरदाराम कॉलेज के जर्नल ऑफ रिसेंट रिसर्च का चौथा संस्करण जारी

संतनगर। संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज की अनुसंधान समिति ने एसएचजीसी जर्नल ऑफ रिसेंट रिसर्च इन साइंस एंड ह्यूमैनिटीज का चौथा संस्करण जारी किया है। प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी ने अनुसंधान समिति को बधाई देते हुए कहा कि यह जर्नल संस्था की विभिन्न विषयों में ज्ञान और अनुसंधान को आगे बढ़ाने के संकल्प और विशेषज्ञता का प्रमाण है। अनुसंधान समिति की संयोजक, डॉ. माधवी गौड़ ने संस्था के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की और समिति के सभी सदस्यों के अथक प्रयासों और संस्था के उच्च शैक्षणिक स्तर को बनाने में उनकी अविचल निष्ठा के लिए धन्यवाद दिया। विज्ञान एवं मानविकी का यह जर्नल शोधकर्ताओं एवं मेधावी छात्रों को अपने शोध विषयक कार्य को प्रकट करने के लिए एक मंच प्रदान करता है तथा उन्हें अन्य शोध कर्ताओं, विषय विशेषज्ञों के समुदाय से परिचित भी कराता है।

कक्षा 10वीं और 12वीं की मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित

शासकीय सरोजिनी नायडू कन्या उमावि बैरसिया में आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैरसिया

पीएम श्री शासकीय सरोजिनी नायडू कन्या उमावि बैरसिया की प्राचार्या गीता जोशी एवं वरिष्ठ शिक्षक दिनेश कुमार शुक्ला ने बताया कि हाई स्कूल की 54 एवं हायर सेकंडरी की 125, कुल 179 क्षात्राओं ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण किया है।

शाला प्रबंधन द्वारा आयोजित किए गए सम्मान कार्यक्रम में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली क्षात्राओं को प्रशस्ति-पत्र, प्रमाण-पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। इस अवसर पर सम्मान समारोह में शाला की प्राचार्या गीता जोशी ने छात्राओं

के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आगे भी छात्राएं इसी प्रकार की मेहनत और लगन से पढ़ाई करते हुए अपनी शाला, परिवार का नाम रोशन करेंगी, ऐसी अपेक्षा है। वहीं पीएम श्री योजना अन्तर्गत शासकीय सरोजिनी नायडू कन्या उमावि बैरसिया में 13 मई तक समर कैम्प आयोजित किया जा रहा है, जिसमें कक्षा 6 से 12 तक की लगभग 250 क्षात्राओं ने अपना पंजीकरण कराया है।

शत-प्रतिशत मतदान के लिए सभी तैयारियां पूर्ण

औबेदुल्लागंज। लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत चुनाव के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी सोनाली शर्मा निर्देश अनुसार वार्डों एवं विशनखेड़ा, हिरानिया खेड़ापति मंदिर, रेलवे कॉलोनी एवं राम मन्दिर सहित अन्य क्षेत्रों में घर-घर जाकर लोगों को पीले चावल, आमंत्रण पत्र और बैनर पोस्टर के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक कर रहे हैं। मंगलवार को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मतदान करने को कहा है। वहीं मंगलवार को मतदान के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इस दौरान कर्मचारी-अधिकारी, राजकुमार शर्मा, प्रमोद तिवारी, प्रमोद कुमार पांडेय, विनोद यादव, सुशील चतुर्वेदी, कन्हैया धुर्वे, आशीष यादव, बृजकिशोर यादव, हरिशंकर सहित बीएलओ कर्मचारी उपस्थित है।

मतदान का निशान दिखाओ, पेट्रोल और सीएनजी में एक रुपए की छूट पाओ

मतदान प्रतिशत बढ़ाने विशनखेड़ा पेट्रोल पंप संचालिका की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

नगर के समीप टोल नाके के पास स्थित निशिता पेट्रोल पम्प संचालिका रश्मि सेंगर ने मतदाता को जागरूक करते हुए शत प्रतिशत मतदान कराने के संकल्प के लिए अपने पेट्रोल पंप पर बोर्ड लगाया है, जिसमें उल्लेख है कि मतदान कर निशान दिखाओ और पेट्रोल या सीएनजी में एक रुपए प्रति लीटर में छूट पाओ आ ऑफर दे रहीं हैं।

इस अवसर पर बीपीसीएल के अधिकारी गौरव कौशिक, राम कुमार, आशीष श्रीवास्तव ने पेट्रोल टैंक संचालक की प्रशंसा की है।

वहीं नागरिकों ने भी बताया कि इस पेट्रोल टैंक संचालक द्वारा समय-समय पर कई आयोजन किया जाता है, जिसका क्षेत्र के लोगों के साथ-साथ दूर दराज से आने जाने लोगों को भी फायदा होता है। इस संबंध में निशिता पेट्रोल पंप विशनखेड़ा की संचालिका रश्मि सेंगर ने बताया की मतदान के दिन जो भी व्यक्ति मतदान का निशान दिखाएगा उसे 1 रुपए प्रतिलीटर पेट्रोल और सीएनजी में छूट दी जाएगी। इस छूट का उद्देश लोगों को अधिक से अधिक मतदान करवाना है।

मतदान आजः 2,60,639 मतदाता बटन दबाकर चुनेंगे अपना सांसद

लोकसभा चुनावः मंडीदीप में बनाए 310 मतदान केंद्र 1050 जवानों के हाथों में होगी बूथों की सुरक्षा व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में लोकतंत्र के महापर्व पर मगंलवार को मतदाता अपनी सहभागिता निभाएंगे। विदिशा लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होगा, जिसमें भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के 2 लाख 60 हजार 639 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर प्रत्याशियों का चयन करेंगे। क्षेत्र का सांसद बनने भोजपुर के भगवान शिव के साथ जनता का आशीर्वाद किसको मिलेगा, इसका फैसला आने वाली 4 जून को परिणाम आने के बाद होगा। क्षेत्र में मंगलवार को सुबह 7 बजे से शाम छह बजे तक वोट डाले जाएंगे। इसके लिए पूरे क्षेत्र में 310 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 1,35,203 पुरुष मतदाता, 1,25,423 महिला मतदाता और 13 अन्य मतदाता मतदाता ईवीएम का बटन दबाकर अपना सांसद चुनेंगे। इसी प्रकार जेंडर रेशो 928, इपी रेशो 68.08, पीडब्ल्यूडी मतदाता 3315, 18 से 19 वर्ष के 8402 मतदाता, 80 वर्ष से अधिक आयु के 3130 मतदाता और 109 सर्विस मतदाता हैं।

निष्पक्ष चुनाव के लिए की विशेष तैयारी

क्षेत्र में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव कराने और मतदाता निर्भीक होकर मतदान कर सकें, इसके लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने विशेष तैयारी की है। चुनाव से जुड़े अधिकारियों के अनुसार क्षेत्र के सभी 310 मतदान केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था आरएएफ, एसएएफ व होम गार्ड के करीब 1050 से अधिक जवान संभालेंगे। संवेदनशील मतदान केंद्रों की विशेष निगरानी होंगी। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए मोबाइल वाहन (हर वाहन में दस से पंद्रह जवानों का अमला) होगा। इसके इलावा थाने में सात एवं एक-एक वाहन मजिस्ट्रेड के पास रहेंगे। वहीं स्पेशल स्कॉट क्युक रिसर्व फोर्स (क्यूआरएफ) के पचास जवान रिटर्निंग ऑफीसर के अधिनस्त रहेंगे। जो लड़ाई-झगड़े के दौरान रिटर्निंग अधिकारी के आदेश पर काम करेंगे।

क्रिटीकल पोलिंग बूथ पर रहेगी सुरक्षा बलों की विशेष नजर

क्षेत्र में 83 क्रिटीकल बूथ हैं, जिन पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। आयोग ने किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए हैं। सामान्य मतदान केंद्रों पर जहां पुलिस फोर्स के 3-4 जवान तैनात रहेंगे। वहीं संवेदनशील केंद्रों पर पांच-छः जवानों को सुरक्षा में लगाया जाएगा।

जिले भर में आज मतदान के लिए सवैतनिक अवकाश घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडीदीप

औद्योगिक क्षेत्र में लगभग 60 हजार कर्मचारी कार्यरत है। उनमें से 80 फीसदी मतदाता भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के रहवासी हैं, जो 7 मई को मतदान करेंगे। एसोसिएसन ऑफ ऑल इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने बताया कि सभी उद्योगों के कर्मचारियों को मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। 100 फीसदी कर्मचारी मतदान करें इसके लिए मतदान के दूसरे दिन अंगुली पर मतदान की इंक लगी देखकर ही गेट के अंदर प्रवेश दिया जाएगा। साथ ही मतदान करने वाले श्रमिकों को अंगुली पर निशान देखकर प्रोत्साहन स्वरूप उपहार भी दिए जाएंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे द्वारा विधानसभा क्षेत्र भोजपुर में 7 मई को मतदान के लिए रायसेन जिले की सीमा में स्थित समस्त कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापना में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति जो मतदाता के रूप में मतदान करने का हकदार है, को मतदान दिवस पर सवैतनिक अवकाश स्वीकृत किया गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी दुबे द्वारा जारी आदेश के तहत दैनिक मजदूर, आकस्मिक श्रमिक भी मतदान के दिन अवकाश और मजदूरी के लिए पात्र होंगे। सवैतनिक अवकाश का लाभ जिले की सीमा अंतर्गत पड़ोसी जिलों की दुकानों, फैक्ट्रियों, ऑफिसों आदि में कार्य करने वाले श्रमिकों को भी प्राप्त होगा।

दुष्यंत कुमार संग्रहालय में लघुकथा शोध केंद्र समिति ने किया कार्यक्रम आयोजित

साहित्य सृजन में धैर्य और समर्पण की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

साहित्य सृजन के साथ संपादन और कार्यक्रम संयोजन वो भी सफलता पूर्वक करना कोई सहज कार्य नहीं, इसके लिए समर्पण और साधना की जरूरत है। यह सब विशेषताएं कांता राय में हैं, जो उन्हें सबसे अलग और विशिष्ट बनाती हैं। यह उद्गार हैं संतोष चौबे वरिष्ठ कवि कथाकार एवं कुलाधिपति रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय भोपाल के जो दुष्यंत कुमार स्मारक पांडुलिपि के राज-सभागार में आयोजित कांता रॉय : सृजन के विविध आयाम विषय पर लघुकथा शोध केंद्र समिति भोपाल द्वारा आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। कार्यक्रम का संचालन घनश्याम मैथिल 'अमृत' ने किया।

विसंगतियों और चिंताओं को चिन्हित कर किए सटीक प्रहार

इस अवसर पर वरिष्ठ लघुकथा लेखक और समीक्षक गोकुल सोनी ने कांता रॉय की लघुकथाओं पर समीक्षा करते हुए इन लघुकथाओं में व्याप्त विसंगतियों चिंताओं को चिन्हित कर उनपर सटीक प्रहार किए गए हैं। कांता की कविताओं पर बात करते हुए वरिष्ठ कवि और व्यंग्यकार कुमार सुरेश ने कहा कि कांता की कविताएं आम पाठक को अपनी सी लगती हैं। उनके विषय हमारे बीच के हैं, उनका शिल्प और भाषा सहज है।

सर्व के प्रति कल्याण का भाव निहित है...

इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए डॉ. विकास दवे निदेशक साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश ने कहा कि -कांता के समूचे साहित्य में समाज और राष्ट्र के प्रति निष्ठा का भाव, सर्व के प्रति कल्याण का भाव निहित है , जो उन्हें समाज में एक विशिष्ठ पहचान दिलवाता है। इस अवसर पर लेखिका कांता रॉय ने भी अपनी सृजन यात्रा अपने साहित्यिक अनुभवों के बारे में अपनी बात रखी कार्यक्रम के अंत में मुजफ्फर इकबाल सिद्दीकी ने उपस्थित साहित्य सेवियों का आभार प्रकट किया। इस आयोजन में नगर के सभी साहित्य प्रेमी पाठक व लेखक उपस्थित थे।

बाल नाट्य कार्यशाला का छठवां दिन

ढोलक, पेटी, घुंघरू बाजे पर छुनक छुनक थिरके बच्चे

विशेष सत्र में कवि रंगकर्मी हेमंत देवलेकर ने बच्चों से की कविता पर बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विहान की बाल नाट्य कार्यशाला के छठवें दिन ताल संगीत के साथ शुरुआत हुई। कार्यशाला में शुरुआत के आधे घंटे रोजाना व्यायाम हुआ, वहीं इसके बाद संगीत की लय ताल पर शरीर को थिरकाते हुए नृत्य की तरह हुआ वार्म अप सेशन। इसके बाद खूब उछलने कूदने, पसीना बहाने के बाद मधुर बांसुरी की धुन पर बच्चों को आंख मूंद कर लिटा दिया जाता है। इस तरह फिर से ताकत बटोरने के बाद शुरू हुआ गीत ढोलक बाजे, पेटी बाजे घुंघरू बाजे, धिन तक धिन तक तक धिन्ना छुनक छुनक। इस गीत पर कोरियोग्राफर श्वेता केतकर ने बच्चों को नृत्य सिखाया। इस गीत को गाते हुए बच्चों ने डांस का अभ्यास किया।

बाल कविताओं के साथ पिक्चर राइटिंग

विहान स्वप्नयान की नाट्य कार्यशाला में विशेष सत्रों की कड़ी में कवि- रंगकर्मी हेमंत देवलेकर ने बच्चों के साथ कविता पर बातचीत की। मनके मनके सत्र की शुरुआत कविताएं पढ़ने से हुई। विख्यात साहित्यकारों द्वारा लिखी गई बाल कविताएं बच्चों ने पढ़ीं। पिक्चर राइटिंग गतिविधि करवाते हुए बच्चों को कई चित्र दिए गए। उन्हें देखते हुए विचार और कल्पना करते हुए बच्चों ने उन पर कविताएं लिखीं। कई बच्चों में कविता के शिल्प की अच्छी समझ दिखी। जंगल है बहुत बड़ा, बहुत घना हरा भरा, इस जंगल में बड़ी नदी, लंबी साथ ही गहरी, गुब्बारे में भी तो लकड़ी का तख्ता होता है और लकड़ी से करंट भी तो नहीं लगता है, तो क्या कोई लकड़ी जादू की छड़ी होती है? पंक्तियों से सजी कविताएं बच्चों ने लिखी।

म्युजिकल कंसर्ट व सम्मान समारोह

केकेएफसी इंडिया म्यूजिक अवॉर्ड रूमी जाफरी को मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

किशोर कुमार फैंस क्लब (केकेएफसी) के 11वें स्थापना दिवस के मौके पर सोमवार को म्युजिकल कांसर्ट का आयोजन भोपाल हाट स्थित रेस्टोरेंट में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय किशोर कुमार अलंकरण प्राप्त पटकथा लेखक रूमी जाफरी थे। इस मौके पर उन्हें केकेएफसी इंडिया म्यूजिक अवॉर्ड प्रदान किया गया। क्लब के फाउंडर और सिंगर कुमार राजेश एवं सचिव अंजना मालवीय ने यह सम्मान उन्हें प्रदान किया। क्लब द्वारा अभी तक कुमार सानू, अलका याग्निक, शंकर महादेवन, मीत ब्रदर्स, मोहित चौहान,शान और गुंदेचा बंधुओं को यह अवॉर्ड प्रदान किया जा चुका है।

सानू सांग विथ कुमार राजेश की प्रस्तुति

सम्मान के बाद प्रस्तुति की सिलसिला आरंभ हुआ और सर्वप्रथम कुमार राजेश ने कुमार सानू के गीतों की सीरीज सानू सांग विथ कुमार राजेश प्रारंभ की। उन्होंने चांद से पर्दा...,तेरे दर्द से दिल आबाद रहा..., तू मेरी प्रेम की भाषा..., मदहोश दिल की धड़कन... जैसे गीत सुनाए। इसके बाद राजेंद्र मालवीय ने छोड़ दो आंचल..., गोरे रंग पे..., अनिल मयूर ने कोई रोको न..., तुम्हे अपना बनाने की.., शिवा ने शमा है सुहाना..,प्रवीण ने बाते ये कभी भी न... और पीयू देव ने ए खुदा है फैसला...गीत सुनाया। दोपहर में हुए इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संगीत प्रेमी मौजूद रहे।

आईसीएसई और आईएससी का रिजल्ट घोषित

10वीं में 99.2% के साथ कोयना लहरी बनीं सिटी और स्टेट टॉपर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन ने आईसीएसई 10वीं और आईएससी 12वीं का रिजल्ट जारी कर दिया है।

कुल 99.47% स्टूडेंट्स एग्जाम में पास हुए हैं, जिसमें 10वीं का पास प्रतिशत 99.47% रहा है और कक्षा 12वीं का पास प्रतिशत 98.19% रहा है। 10वीं कक्षा में माउंट कार्मल की कोयना लहरी सिटी और स्टेट टॉपर बनीं, कोयना ने 99.2% हासिल किए वहीं शहर के विशेष पांडे ने 96% लाए।

नाम कोयना लहरी
रैंक- सिटी व स्टेट टॉपर (99.2%)
क्लास- 10वीं

ऑनलाइन वीडियो देखकर की तैयारी, नहीं ली कोई कोचिंग

दसवीं क्लास में माउंट कार्मल की कोयना लहरी ने सिटी और स्टेट में पहली रैंक हासिल की है। 99.2% हासिल करने वाली कोयना का कहना है कि मेरा शुरू से ही टारगेट मेरिट में आने का था । इसीलिए मैं उसे हिसाब से तैयारी कर रही थी, रोजाना 8 से 9 घंटे पढ़ती थी और एग्जाम टाइम में मैंने अपने आपको 11 से 12 घंटे पढ़ाई करने के लिए पुश किया। उन्होंने कहा कि मैंने कभी भी कोचिंग नहीं ली, ऑनलाइन वीडियो देखकर सब्जेक्ट की तैयारी अच्छे से कर लेती थी। उनका कहना है कि इतने घंटे पढ़ाई करने के बाद में रिलेक्सेशन के लिए शाम को अपने दोस्तों के साथ वॉक पर जाती थी और मेरे घर में एक पप्पी है तो उसके साथ भी खेलती थी। कोयना का कहना है कि मेरी दीदी मेरे से 9 साल बड़ी है और वह डॉक्टर है और उनको भी मैंने काफी पढ़ते हुए, मेहनत करते हुए देखा है तो वही चीज मेरे भीतर भी रही है और आगे चलकर मैं एयरोनॉटिकल इंजीनियर बनना चाहती हूं और मैथ्स सब्जेक्ट लेकर इसमें भी टॉपर की श्रेणी में ही आना चाहूंगी।

एग्जाम के एक महीने पहले की थी तैयारी

नाम जयंत पांडे
रैंक 96%)
क्लास 12वीं

12वीं कक्षा के माउंट कार्मल के स्टूडेंट जयंत पांडे ने 96% हासिल किए, जयंत का कहना है कि पूरे साल मेरा पूरा फोकस नीट एग्जाम पर ही था और इसीलिए मैंने एग्जाम के 1 महीने पहले ही इसकी तैयारी शुरू की और साल भर नीट की तैयारी करता रहा। उसके बाद भी मेरे इतने परसेंट आ गए क्योंकि मैं फुल फोकस के साथ पढ़ता था, और पूरे कंसंट्रेशन के साथ में पढ़ता हूं। उन्होंने कहा कि आगे चलकर मुझे डॉक्टर बनना है और समाज की सेवा करनी है। जयंत ने कहा कि मेरा पिता पुलिस विभाग में है और मां हाउसवाइफ है, उनका मेरी सफलता में बहुत बड़ा योगदान है।

इंदौर की दो विभूतियां भी हो रही सम्मानित

सिंधी बोली साहित्य सभा का 'सुहिणा सिंधी' 19 को इंदौर में

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अखिल भारत सिंधी बोली साहित्य सभा का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह सुहिणा सिंधी इंदौर में रविवार 19 मई को होने जा रहा है। पहली बार इंदौर को इस तरह के

आयोजन का गौरव मिल रहा है। यह कार्यक्रम स्टेट प्रेस क्लब अ भि न व कला समाज, गांधी हॉल में होगा। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष सभा का वार्षिक समारोह सुहिणा सिंधी भोपाल में गत वर्ष अक्टूबर माह में हुआ था। यह निरंतर दूसरा वर्ष है जब इस अखिल भारतीय संस्था का कार्यक्रम मध्य प्रदेश में हो रहा है।

सभा के अध्यक्ष ,स्वतंत्रता सेनानी शंभू जयसिंघाणी (96 वर्ष) ने गूगल मीट के माध्यम से कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी ली। कार्यक्रम संयोजक किशोर कोडवानी ने इंदौर में एक बैठक लेकर कार्यक्रम की रूपरेखा पर सभा पदाधिकारियों और नाट्य कर्मियों से बातचीत की। उल्लेखनीय है कि अखिल भारत सिंधी बोली साहित्य सभा प्रतिवर्ष सिंधी साहित्य, नृत्यकला, मूर्ति कला, चित्रकला, पत्रकारिता, रंगमंच और सिंधी संगीत के क्षेत्र में कार्य करने वाली उत्कृष्ट विभूतियों को समारोह पूर्वक सम्मानित करती है। इसके अंतर्गत करीब 5 लाख रुपए राशि के पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। इसके साथ ही लुप्त हो रही सिंधी लोक कला भगत गायन शैली भगत का आयोजन भी होता है। सिंधी नाटकों और सिंधी गीत संगीत का कार्यक्रम भी प्रख्यात कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया जाता है।

विश्व मैत्री मंच कहानी संवाद का ऑनलाइन आयोजन

आज के कहानीकारों ने हिंदी कहानी के कैनवास को दिया नया विस्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अंतरराष्ट्रीय विश्वमैत्री मंच का एक अभिनव आयोजन, कहानी संवाद का आयोजन ऑनलाइन किया गया। इस मौके पर अपने बीज वक्तव्य में संस्था की संस्थापक अध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव ने कहा कि - अंतरराष्ट्रीय विश्व मैत्री मंच का उद्देश्य नए कहानीकारों को आप तक पहुंचाना है। आपने कहानी की तकनीक पर बात करते हुए कहा कि आज के कहानीकारों ने हिंदी कहानी के कैनवास को नया विस्तार दिया है।

ये नारी मन की परतें खोलने वाली कहानी

अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. विपिन पवार ने अपने सम्बोधन में कहा कि वही कहानी पाठकों को पसंद आती है जिसका अंदाजा पाठक न लगा सके। आपने विद्या गुप्ता की कहानी कौन सा सच झूठ था ...!! की गहन विवेचना की। आपने कहानी के अनकहे पहलुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि यह नारी मन की परतों को खोलने वाली कहानी है। विद्या गुप्ता ने बहुत ही संयत भाषा का प्रयोग करके तलवार की धार पर चलने का काम किया है।

करूणाधाम आश्रम में 100 से अधिक लोगों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

भोपाल। करुणाधाम आश्रम में मातृशक्ति ब्रह्मलीन मातुश्री दुर्गा शाण्डिल्य के स्मृति दिवस पर 100 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। पीठाधीश्वर गुरुदेव सुदेश शांडिल्य महाराज की मौजूदगी में आश्रम परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आश्रम के शिविर में युवाओं ने बढ़चढ़कर भाग लिया।

राजधानी

पुराने शहर में था धुएं का गुबार, सूखी झाड़ियों व कुंए में भरे प्लास्टिक कचरे में लगी आग

यूनियन कार्बाइड कारखाने में लगी भीषण आग घर से बाहर निकले गैस राहत बस्ती के लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के बंद पड़े यूनियन कार्बाइड कारखाने में सोमवार को दोपहर में आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि पुराने शहर के सभी हिस्सों से धुएं के गुबार दिखाई दे रहे थे। वहीं कारखाने के आसपास की गैस राहत बस्तियों में भी आग की सूचना मिलते ही अफरा-तफरी मच गई। कारखाने के अंदर सूखी झाड़ियों के अलावा एक प्लास्टिक के टैंक और कचरे से भरे कुए में आग लग गई। आग का धुआं और लपटें देखकर लोगों को शंका इस बात की हुई कि कारखाने के अंदर गैस के टैंकों में तो आग नहीं लगी, जबकि इन टैंकों में अब गैस नहीं है, लेकिन फायर कर्मियों के अनुसार गैस के कुछ तो अवशेष होंगे, जिनसे विस्फोट हो सकता था। वहीं कारखाने के अंदर अभी जहररीले कचरे का निष्पादन भी नहीं हुआ है, जिससे आग अगर वहां तक पहुंचती तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।

फायर अधिकारी रामेश्वर नील के अनुसार आग गैस के टैंकों तक नहीं पहुंची थी। कारखाना परिसर में सूखी झाड़ियों का जंगल होने के साथ ही प्लास्टिक की टंकियां रखी हुई है। सूखे जंगल के साथ ही प्लास्टिक की टंकियों ने आग पकड़ ली। तेज गर्मी के कारण हो सकता है कि पेड़ों के घर्षण से यह आग लगी हो, लेकिन आग लगने का कारण जांच के बाद ही मालुम हो सकेगा। नगर निगम को कारखाना परिसर में आग लगने की सूचना छोला रोड निवासी राहगीरों ने दी थी।

राजधानी में सोमवार को तेज गर्मी के बीच 8 जगह आग की घटनाएं हुईं

अहमदपुर में नरवाई समेत कोलार के कई इलाकों में आग

कोलार के बाबड़िया कलां क्षेत्र में स्थित अहमदपुर में खेतों की नरवाई में आग लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नरवाई में आग लगाई गई थी, जबकि किसान बोल रहे हैं कि किसी ने बीड़ी या सिगरेट फेंकी जिससे आग लग गई। वहीं बाबड़ियां कला में कचरे में लगी आग को बुझाने में भी फायर ब्रिगेड को काफी मशक्कत करनी पड़ी। फायर ब्रिगेड कोलार के पंकज खरे के अनुसार कचरे और नरवाई के साथ ही कबाड़ में आग लगने की कई सूचनाएं आईं, जहां पहुंचकर तुरंत ही आग पर काबू पा लिया गया।

टैंक में लपटें उठती दिखाई दी

यूनियन कार्बाइड कारखाना परिसर के सामने स्थित जेपी नगर की गली नंबर 10 में रहने वालों के अनुसार सोमवार दोपहर करीब 3.30 बजे वे कारखाने के सामने से गुजर रहे थे। तभी फैक्ट्री परिसर में धुंआ उठता दिखाई दिया। फैक्ट्री की बाउंड्रीवॉल के पास जाकर देखा तो अंदर एक टैंक से लपटें उठती हुई दिखाई दी। नगर निगम के फायर कंट्रोल रूम को सूचना दी। 10 मिनट बाद पहुंची दमकलों ने कारखाना परिसर में लगी आग पर काफी मशक्कत के बाद काबू पा लिया।

कचरे में लगी आग से जला बिजली का ट्रांसफॉर्मर

दूसरी घटना भी पुराने शहर की ही है, जहां कचरे में लगी आग के कारण बिजली का ट्रांसफार्मर जल गया। यह घटना नूर महल गली की है। दोपहर कबाड़ में आग की लपटों से बिजली का ट्रांसफॉर्मर जल गया।

जहरीला कचरा बच गया

यूनियन कार्बाइड कारखाने के पास आग की सूचना मिली थी। चूंकि, सभी अधिकारी चुनाव ड्यूटी में गए हुए हैं, इसलिए तत्काल निरीक्षण नहीं कर पाए हैं। जल्द ही मौके का निरीक्षण करके पूरे हालात पर नजर रखी जाएगी। मेरी प्राथमिक जानकारी के अनुसार आग उस स्थान तक नहीं पहुंची है, जहां जहरीला कचरा रखा गया है। वह सील बंद करके रखा गया है, इसलिए आग के कारण उठे धुएं आदि से जान का खतरे होने की आशंका न के बराबर है।

ब्रजेश शर्मा,
क्षेत्रीय अधिकारी, पीसीबी, भोपाल

बीच बचाव करने पहुंची बुजुर्ग मां को भी मारी लात

पैतृक मकान नहीं बेचने पर बेटे ने बुजुर्ग पिता को पीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित वार्ड नंबर-3, बसई गांव में जवान बेटे द्वारा पिता से बेरहमी से मारपीट करने का मामला सामने आया है। पति के साथ बेटे द्वारा की जा रही मारपीट में बीच बचाव करने पहुंची बुजुर्ग मां को भी आरोपी ने नहीं बख्शा उन्हें भी लात मार दी। मामला उस समय बिगड़ गया, जब बुजुर्ग दंपती को बेटे ने घर से बेदखल कर दिया। बुजुर्ग दंपती थाने पहुंचे थे और पुलिस को शिकायत की। पुलिस ने बुजुर्ग पिता के शरीर पर गंभीर चोट देखकर पहले तो उनका मेडिकल कराया फिर उनकी शिकायत पर आरोपी बेटे के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। फिलहाल आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

पुलिस के अनुसार 70 साल के जगदीश चौहान, वार्ड नंबर-3, गांव बसई तहसील बैरसिया में रहते हैं। वे मेहनत मजदूरी करते थे, लेकिन उम्रदराज होने के कारण फिलहाल घर में ही रहते हैं। बसई गांव में पैतृक मकान है। सोमवार सुबह भी सुनील ने पिता से मकान बेचने की बात कही थी। पिता ने उसे हर बार की तरह मना कर दिया। इस पर सुनील भड़क गया और पिता के साथ लात मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी। बीच बचाव करने मां पहुंची तो मां को भी लात मारकर गिरा दिया।

बॉयो मेडिकल वेस्ट को सामान्य कचरे के साथ देने पर 10 हजार रुपए जुर्माना

साक्षी अस्पताल का मामला

भोपाल । बॉयो मेडिकल वेस्ट को सामान्य कचरे के साथ मिलाकर देने पर नगर निगम ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए साक्षी अस्पताल पर 10 हजार का जुर्माना किया।

नगर निगम के जोन 14 के अमले ने यह कार्रवाई की। अन्य वार्डों में कुल 28 प्रकरण में 13 हजार रुपए की राशि वसूल की गई। निगम के प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी राकेश शर्मा ने बताया कि साक्षी अस्पताल से 10 हजार रुपये का जुर्माना वसूला और गीला सूखा व अन्य प्रकार का कचरा पृथक पृथक रखने व अलग अलग ही कचरा वाहन को देने की समझाइश दी गई। निगम अमले ने गंदगी फैलाकर साफ सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध भी कार्रवाई की। निगम कमिश्नर हरेंद्र नारायण के निर्देश पर अमला लगातार कार्रवाई कर रहा है।

कैंसर से पीड़ित ने वीर सावरकर सेतु से कूदकर दी अपनी जान

भोपाल। हबीबगंज स्थित वीर सावरकर सेतु से युवक ने छलांग लगा दी। 27 अप्रैल को उसने छलांग लगाई थी। पैरों में फ्रैक्चर और शरीर में चोट होने के कारण उनका एम्स में इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान सोमवार को उनकी मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि वह मुंह के कैंसर से पीड़ित था।

दरअसल, बी-9 साकेत नगर निवासी 48 साल का अरुणव पाल प्राइवेट कंपनी में जॉब करता था। माउथ कैंसर की वजह से सालभर पहले उसने नौकरी छोड़ दी थी। 27 अप्रैल को वह घर में किसी को बिना बताए निकला था। जब वह घर नहीं पहुंचा तो परिजन 28 अप्रैल को गुमशुदगी दर्ज कराने बागसेवनिया थाने पहुंचे। 2 मई को परिजन को पता चला कि अरुण एम्स में एडमिट हैं। पत्नी एम्स पहुंची थी, लेकिन अरुण कुछ कहने की स्थिति में नहीं था। सोमवार को अरुणव की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि उन्होंने 27 अप्रैल को ही आत्महत्या के लिए ओवर ब्रिज से छलांग लगा दी थी।

पीएम मोदी ने ओडिशा के बेहरामपुर, नबरंगपुर और गंजम में भरी हुंकार

परमात्मा ने ओडिशा को सबकुछ दिया, ओड़िशा अमीर, लेकिन यहां के लोग गरीब, प्रभु जगन्नाथ की धरती पर हूं और आशीर्वाद लेने आया हूं

एजेंसी ⏭ बेरहामपुर

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और स्टार प्रचारक पीएम नरेंद्र मोदी सोमवार को ओडिशा और आंध्र प्रदेश के चुनावी दौरे पर हैं। पीएम मोदी ने ओडिशा के बेरहामपुर में एक रैली को संबोधित किया। इस दौरान जनसभा में उपस्थित लोगों से पीएम मोदी ने कहा कि कल मैं प्रभु राम की नगरी अयोध्या में था वहां मैंने रामलला और अयोध्या दर्शन किए आज मैं प्रभु जगन्नाथ की धरती पर हूं और आशीर्वाद लेने आया हूं।

उन्होंने कहा कि ओडिशा में उपजाऊ भूमि, खनिज संसाधन, समुद्री तट, बेरहामपुर जैसा व्यापार केंद्र, संस्कृति, विरासत और न जाने क्या-क्या है, परमात्मा ने ओडिशा को सबकुछ दिया हैं फिर भी इतने अमीर ओडिशा के लोग गरीब रह गए हैं। ओडिशा अमीर है लेकिन जनता गरीब हैं। उन्होंने कहा कि ओडिशा में बीजेडी अस्त है, कांग्रेस पस्त है और लोग भाजपा पर आश्वस्त हैं और सिर्फ भाजपा उम्मीदों का नया सूरज बनकर आई है।

ओडिशा के चुनाव दौरे पर आए पीएम मोदी ने कहा कि यहां बीजेडी अस्त है, कांग्रेस पस्त है और लोग भाजपा पर आश्वस्त हैं और सिर्फ भाजपा उम्मीदों का नया सूरज बनकर आई है। उन्होंने कहा कि 4 जून को बीजेडी सरकार की एक्सपाइरी डेट लिखी हुई है।

ओडिशा में सिर्फ भाजपा उम्मीदों का नया सूरज बनकर आई है

ओडिशा में बीजेडी अस्त है, कांग्रेस पस्त है और लोग भाजपा पर आश्वस्त हैं

4 जून बीजेडी सरकार की एक्सपाइरी डेट

गंजम में चुनावी रैली में पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा जो कहती है वह करके दिखाती है, यहां सरकार बनने के बाद हम पूरी शक्ति से हमारी सभी घोषणाओं पर अमल करेंगे। 4 जून को बीजेडी सरकार की एक्सपाइरी डेट लिखी हुई है। आज 6 मई है और 6 जून को भाजपा के मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार तय होगा, 10 जून को भुवनेश्वर में भाजपा पार्टी के मुख्यमंत्री पद का शपथ समारोह होगा।

ओडिशा सरकार को महिलाओं के हितों की परवाह नहीं

पीएम मोदी ने कहा कि आज ओडिशा में जो सरकार है, उसे महिलाओं के हितों की कोई परवाह ही नहीं है। केंद्र सरकार हर गर्भवती महिला को 6 हजार रुपए की आर्थिक मदद दे रही है। ओडिशा सरकार ने इतनी महत्वपूर्ण और पवित्र योजना पर भी ताला लगा दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। ओडिशा भाजपा की सुभद्रा योजना, यहां महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करेगी।

बीजेडी सरकार में लोगों को अवसर नहीं

नबरंगपुर में पीएम मोदी ने कहा कि नबरंगपुर से छत्तीसगढ़ की दूरी 50-60 किलोमीटर है। वहां, भाजपा सरकार 3,100 रुपए प्रति क्विंटल पर धान खरीदती है। जबकि यहां ओडिशा 2100 रुपए में धान खरीदा जाता है। ओडिशा भाजपा ने घोषणा की है कि भाजपा सरकार बनने के दूसरे ही दिन 3,100 रुपए प्रति क्विंटल पर धान खरीदा जाएगा। पीएम ने कहा कि मुझे यह देखकर दुख होता है कि बीजेडी सरकार ने आपको सही अवसर नहीं दिए।

केंद्र सरकार ने 10 हजार करोड़ दिए

पीएम ने कहा कि 10 साल में साढ़े तीन लाख करोड़ रुपए से ज्यादा ओडिशा को दिए हैं। केंद्र सरकार ने जल जीवन मिशन के लिए 10 हजार करोड़ रुपए ओडिशा को दिए। वो पैसे यहां की सरकार सही से खर्च ही नहीं कर पाई। वे गांव में सड़कें बनाने के लिए पैसा भेजता है, लेकिन यहां गांवों में सड़कों की हालत खराब है। दिल्ली से मुफ्त चावल के लिए केंद्र पैसे भेजता है, लेकिन बीजेडी सरकार इस पर भी अपना फोटो चिपका देती है।

चुनाव देखने भारत पहुंचे 23 देशों के 75 प्रतिनिधि

नई दिल्ली। 23 देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले 75 प्रतिनिधि भारतीय आम चुनावों को देखने के लिए इस समय भारत में हैं। ये प्रतिनिधि विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव और संबंधित तैयारियों का निरीक्षण करने के लिए छह राज्यों का दौरा करेंगे। इनमें महाराष्ट्र, गोवा, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश शामिल हैं। यह कार्यक्रम 9 मई को समाप्त होगा। निर्वाचन आयोग ने बताया कि विदेशी प्रतिनिधियों को भारत की चुनावी प्रणाली की बारीकियों के साथ-साथ भारतीय चुनाव में सर्वोत्तम प्रथाओं से परिचित कराया जा रहा है। जिन 23 देशों के संगठन भारत आए हैं, उनमें भूटान, मंगोलिया, ऑस्ट्रेलिया, मेडागास्कर, फिजी, किर्गिज़ गणराज्य, रूस, मोल्दोवा, ट्यूनीशिया, सेशेल्स, कंबोडिया, नेपाल, फिलीपींस, श्रीलंका, जिम्बाब्वे, बांग्लादेश, कजाकिस्तान, जॉर्जिया, चिली, उज्बेकिस्तान, मालदीव, पापुआ न्यू गिनी और नामीबिया शामिल हैं।

प्रमोद कृष्णम का दावा, राहुल ने कहा था

कांग्रेस सरकार बनने पर पलट देंगे राम मंदिर फैसला

संभल। पूर्व कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा है कि जब राम मंदिर का फैसला आया तो राहुल गांधी ने अपने करीबियों के साथ बैठक की थी। इसमें कहा था कि कांग्रेस सरकार बनने के बाद वह एक सुपरपावर कमेटी का गठन करेंगे। राम मंदिर के फैसले को वैसे ही पलट देंगे जैसे राजीव गांधी ने शाह बानो के फैसले को पलट दिया था। कहा कि राहुल गांधी और उनकी टीम इस देश को किसी न किसी बहाने से तोड़ना चाहती है। राहुल गांधी और उनकी टीम देश को जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्र के नाम पर तोड़ने में लगी है।

500 लोगों की कोर टीम, 20 गांवों का रोजाना दौरा

अमेठी-रायबरेली के लिए प्रियंका का मेगा प्लान

लखनऊ। प्रियंका गांधी वाड्रा 12 दिनों के लिए रायबरेली के भुवेमऊ गेस्ट हाउस में डेरा डालेंगी। क्योंकि उनके सामने पारिवारिक विरासत को बचाने और बीजेपी से अमेठी को वापस जीतने की सबसे बड़ी चुनौती है। प्रियंका यहां 12 दिन में रोजाना 20 गांव में दौरा करेंगी। उनकी कोर टीम में 500 लोग शामिल हैं। ये सभी विश्वासपात्र कार्यकर्ता हैं।

जेपी नड्डा का कांग्रेस पर निशाना

वो फर्जी वादों और अपराधियों के सहारे सत्ता में आना चाहते हैं

पेद्दापल्ली (तेलंगाना)। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को कांग्रेस पार्टी पर जमकर निशाना साधा। नड्डा ने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी फर्जी वादों, फर्जी नारों, वोट बैंक की राजनीति और अपराधियों के जरिए किसी भी तरह से सत्ता में आने की कोशिश करती है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने तेलंगाना के पेद्दापल्ली में एक जनसभा रैली को संबोधित करते हुए कहा कि हमने वह युग देखा है जब कांग्रेस शासन कर रही थी

और जब हम इसे याद करते हैं, तो हमें भ्रष्टाचार, नीतिगत पंगुता और अनिर्णय की चिंताओं को याद करना चाहिए जो उनके कारण हुई। शासन मॉडल और कांग्रेस फिर से देश को उसी युग में पीछे धकेलना चाहती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस फर्जी वादों, फर्जी नारों, वोट बैंक की राजनीति और अपराधियों के जरिए किसी भी तरह से सत्ता में आने की कोशिश करती है। आज, मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने वंशवादी राजनीति को त्याग दिया है और विकास की राजनीति आगे बढ़ रहा है। जेपी नड्डा ने पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की भी सराहना की और दावा किया कि देश आत्मनिर्भर भारत बनने की दिशा में प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि हम 'सबका साथ, सबका विकास' के विचार के साथ आगे बढ़ रहे हैं। भारत एक वैश्विक नेता के रूप में चमक रहा है।

बिहार में गरजे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा

विरोधी कांग्रेस की गोद में लालू व इनके बेटे बैठे हैं

पटना। गृह मंत्री अमित शाह ने उजियारपुर में कहा कि मैं लालू यादव को कहना चाहता हूं। इसी कांग्रेस ने पिछड़ों का विरोध किया। मंडल कमीशन का विरोध किया। पिछड़ा समाज के विरोधी कांग्रेस की गोद में लालू व इनके बेटे बैठे हैं। भाजपा ने सबसे पहले पिछड़ा-अति पिछड़ा वर्ग का पीएम बनाया है। गरीब चाय बेचने वाले को पीएम बनाया है। लालू जी के लालटेन व पंजे के साथ अन्याय, भूखमरी, गरीबी तो एनडीए के साथ आने पर डबल इंजन सरकार मिलेगी जो बिहार को आगे बढ़ाएगी।

पीएम मोदी ने कर्पूरी ठाकुर को सम्मान दिया

गृह मंत्री शाह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी जी ने 'भारत रत्न' देकर जननायक भारत रत्न बनाने का काम किया है। उन्होंने जीवन की अंतिम सांस तक गरीबों-पिछड़ों के लिए काम किया।

भाजपा बहुत दिन से सपना देख रही: नवीन

बीजेडी नेता वीके पांडियन ने एक वीडियों में नवीन पटनायक से पूछते

हैं कि भाजपा बोल रही है कि वो उड़ीसा में सरकार बनाएंगी। इस पर उड़ीसा के सीएम नवीन पटनायक ने हंसते हुए कहा कि भाजपा बहुत दिनों से दिन में सपना देख रही है।

नेशनल कॉन्फ्रेंस की कारगिल यूनिट का इस्तीफा

कारगिल। नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) को केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में सोमवार को बड़ा झटका लगा जब उसकी पूरी कारगिल इकाई ने लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार के चयन को लेकर सामूहिक इस्तीफे की घोषणा की। लद्दाख के अतिरिक्त महासचिव कमर अली अखून ने एक पत्र में पार्टी अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला को इकाई के फैसले से अवगत कराया।

खबर संक्षेप

भाजपा के पूर्व सांसद समेत सात लोग बरी

गांधीनगर। गुजरात उच्च न्यायालय ने आरटीआई कार्यकर्ता अमित जेठवा की हत्या के मामले में भाजपा

के पूर्व सांसद समेत सात लोगों को बरी कर दिया है। इन लोगों को सीबीआई अदालत ने दोषी ठहराया था। इसी के खिलाफ भाजपा के पूर्व सांसद दीनू सोलंकी और अन्य छह लोगों ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था और अपील दी थी, जिसे अदालत ने सोमवार को स्वीकार कर लिया।

के. कविता की जमानत याचिका खारिज

नई दिल्ली। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को एक्साइज पॉलिसी केस में सीबीआई और ईडी

के केस में बीआरएस नेता के. कविता की जमानत याचिकाएं खारिज कर दीं। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने कहा कि उन्हें राहत देने के लिए यह सही समय नहीं है। इससे पहले 23 अप्रैल की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने के. कविता और एक अन्य आरोपी चरनप्रीत की कस्टडी भी 7 मई तक बढ़ाई थी।

सड़क हादसे में 5 की मौत, 20 घायल

जयपुर। राजस्थान के झुंझुनू जिले में एक मिनी बस और कार के बीच



टक्कर में 5 लोगों की मौत हो गई और 20 घायल हो गए। सिंघाना के थाना प्रभारी कैलाश चंद यादव ने बताया यह हादसा सोमवार सुबह थली गांव के पास उस समय हुआ जब एक कार मोटरसाइकिल को टक्कर मारने के बाद एक मिनी बस से टकरा गई। हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

फिर विवादों में घिरे राहुल गांधी, कुलपतियों और पूर्व कुलपतियों ने लिखा खुला पत्र

181 शिक्षाविदों ने कांग्रेस नेता के दावों को किया खारिज, कानूनी कार्रवाई की मांग की

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। बीते दिनों विश्वविद्यालय प्रमुखों की चयन प्रक्रिया पर राहुल ने सवाल खड़ा किया था। जिसका विरोध जताते हुए अब कई विश्वविद्यालय के कुलपतियों और पूर्व कुलपतियों समेत 181 शिक्षाविदों ने खुला पत्र लिखा है। उन्होंने नियुक्ति प्रक्रिया के संबंध में 'झूठ फैलाने' का आरोप लगाया। साथ ही उन्होंने कांग्रेस नेता के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

शिक्षाविदों ने एक खुले पत्र में कहा कि कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया है कि कुलपतियों की नियुक्ति योग्यता के बजाय केवल किसी संगठन से संबद्धता के आधार पर की जाती है। उन्होंने पत्र में राहुल के दावों को खारिज किया है। उन्होंने दावा किया कि कुलपतियों के चयन की प्रक्रिया सख्त और पारदर्शी है तथा इसमें योग्यता, विद्वत विशिष्टता और निष्ठा के मूल्य समाहित हैं।

कई विश्वविद्यालय के कुलपतियों और पूर्व कुलपतियों समेत 181 शिक्षाविदों ने नियुक्ति प्रक्रिया के संबंध में राहुल गांधी पर 'झूठ फैलाने' का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि कुलपतियों के चयन की प्रक्रिया सख्त और पारदर्शी है तथा इसमें योग्यता, विद्वत विशिष्टता और निष्ठा के मूल्य समाहित हैं।

चयन प्रक्रिया पूरी तरह अकादमिक और प्रशासनिक

खास बातें

- राहुल गांधी ने झूठ का सहारा लिया
- चयन की प्रक्रिया सख्त और पारदर्शी
- इसमें योग्यता, विद्वत विशिष्टता और निष्ठा के मूल्य समाहित

कार्यालय को बदनाम किया

पत्र में लिखा गया है कि देश भर के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के कुलपति और अकादमिक नेताओं के चयन प्रक्रिया के संबंध में हाल ही में दिए गए आधारहीन आरोपों का खंडन किया जाता है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि राहुल गांधी ने झूठ का सहारा लिया है और कार्यालय को बदनाम किया है। इसलिए मांग है कि कानून के अनुसार उनके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए।

क्या कहा था राहुल गांधी ने?

राहुल गांधी ने अपने बयानों में हाल ही में आरोप लगाया था कि विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति योग्यता और अहर्ता को ताक पर रख कर कुछ संगठनों राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबंधों के आधार पर की जा रही है।

विश्वविद्यालयों को आगे ले जाने का दृष्टिकोण रहा

पत्र में लिखा गया है कि जिस प्रक्रिया से कुलपतियों का चयन किया जाता है, वह योग्यता, विद्वतापूर्ण विशिष्टता और अखंडता के मूल्यों पर आधारित कठोर, पारदर्शी कठोर प्रक्रिया की विशेषता है। कुलपति चयन की प्रक्रिया पूरी तरह अकादमिक और प्रशासनिक कौशल पर आधारित रही है और इसमें विश्वविद्यालयों को आगे ले जाने का दृष्टिकोण रहा है।

ब्रिगेडियर रैंक पदोन्नति पर सीजेआई बोले

प्रमोशन से जुड़ी कार्रवाई से हम संतुष्ट, अवमानना का मामला नहीं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सेना में ब्रिगेडियर रैंक में पदोन्नति में महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव के मामले में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि सेना में अधिकारियों के प्रमोशन से जुड़ी कार्रवाई से हम संतुष्ट है। सेना के इस कदम से अदालत के अवमानन का मामला नहीं बनता है।

चंद्रचूड़ ने कहा कि हमने ही फैसला सुनाया है कि सेना में प्रमोशन के लिए पहले से ही बने पैनल में शामिल अधिकारियों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए लेकिन आदेश सेना की बेंचमार्किंग को रोकने के लिए नहीं है।

दिल्ली में कार डीलर पर ताबड़तोड़ फायरिंग, मांगी 5 करोड़ की रंगदारी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के तिलक नगर इलाके में सोमवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब वहां एक दुकान पर हमलावरों ने कई राउंड गोलियां चलाईं। बताया जा रहा है कि हथियारों से लैस हमलावरों ने यहां स्थित फ्यूजन कार डीलर के यहां ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं। दिल्ली पुलिस भारी दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंची और इलाके को चारों तरफ से घेर लिया। डीसीपी रैंक के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बताया कि करीब 20 राउंड गोलियां चलाई गई है और इस हमले में कुछ लोग घायल भी हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एसओएल का 62वां स्थापना दिवस

उपराष्ट्रपति बोले- शिक्षा प्रगति और समृद्धि के द्वार खोलती है

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग (एसओएल) के 62वें स्थापना दिवस समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्त करने का साधन नहीं है; बल्कि, यह प्रगति, सशक्तिकरण और सामाजिक परिवर्तन की आधारशिला है। यह वह कुंजी है जो प्रगति, समृद्धि और सशक्तिकरण के द्वार खोलती है। शिक्षा सबसे बड़ा अधिकार और दान है।

एसओएल ने खोले दरवाजे

इस दौरान उन्होंने और शिक्षा के केंद्र के रूप में भारत की ऐतिहासिक प्रतिष्ठा को रेखांकित किया और कहा कि देश दृढ़ता से अपने पिछले गौरव को फिर से हासिल करने की राह पर है। नालंदा और तक्षशिला जैसे संस्थानों की शानदार विरासत का उल्लेख करते हुए, उपराष्ट्रपति ने समकालीन समय में भारत के शैक्षिक परिदृश्य में आदर्श बदलाव और पुनरुत्थान पर प्रकाश डाला। उपराष्ट्रपति ने कहा कि एसओएल ने उन लोगों के लिए दरवाजे खोल दिए हैं जो पहले परिस्थितियों से मजबूर थे, जिससे वे अपनी दिनचर्या को बाधित किए बिना शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। ज्ञान और कौशल के माध्यम से हाशिए पर रहने वाले समुदायों को सशक्त बनाया।

अनुयायियों ने आरती, फूल, माला अर्पित की

गोपाल कृष्ण गोस्वामी का वृंदावन में किया अंतिम संस्कार

गोशाला में दी गई भू समाधि, इस्कॉन से जुड़े करीब दस हजार से अधिक भक्तों ने किए अंतिम दर्शन, दी श्रद्धांजलि

एजेंसी ⏭ मथुरा

इस्कॉन गवर्निंग कॉउंसिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन गोपाल कृष्ण गोस्वामी का सोमवार को वृंदावन में अंतिम संस्कार किया गया। गोपाल कृष्ण गोस्वामी को उनके अनुयायीयों ने इस्कॉन गोशाला में समाधि दी। 6 मई की सुबह 10 बजे इस्कॉन से जुड़े अनुयायी उनके पार्थिव शरीर को दिल्ली से लेकर वृंदावन पहुंचे। जहां रमणरेती क्षेत्र स्थित इस्कॉन मंदिर में पार्थिव शरीर रखने के बाद पार्थिव शरीर महामंत्र करते हुए करीब 500 मीटर दूर स्थित इस्कॉन गोशाला ले जाया गया।

राष्ट्रपति प्रधानमंत्री ने जताया दुख

अंतिम संस्कार के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

विधि-विधान से दी गई समाधि

शाम 5 बजे तक अंतिम दर्शन के लिए पार्थिव शरीर को रखा गया। इसके बाद भू समाधि दी गई। गौशाला के बलराम हॉल में भक्तों ने पार्थिव शरीर के दर्शन कर श्रद्धांजलि दी। अंतिम दर्शन के लिए 10 हजार से ज्यादा भक्त पहुंचे। भक्तों ने उनको जमीन के अंदर करीब 8 फीट नीचे भू समाधि दी। भू समाधि देने से पहले उनके अनुयायियों ने उनकी आरती की, फूल, माला अर्पित की।

सिविल फोर्स भी तैनात

इस्कॉन वृंदावन के प्रवक्ता रवि लोचन दास ने बताया कि अंतिम संस्कार पूरे नियमानुसार विधि विधान से किया गया है। अंतिम संस्कार के दौरान सुरक्षा के भी इंतजाम किए गए।

महाराज आध्यत्मिक प्रतीक: पीएम मोदी

गोपाल कृष्ण गोस्वामी के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम नरेंद्र मोदी ने दुख जताया। सोशल मीडिया पर पीएम नरेंद्र मोदी ने लिखा- श्रद्धेय श्री गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज आध्यत्मिक प्रतीक थे, जिन्हें भगवान श्री कृष्ण के प्रति अटूट भक्ति और इस्कॉन के माध्यम से उनकी अथक सेवा के लिए विश्व स्तर पर सम्मान दिया जाता था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लिखा- परम पूज्य गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज के निधन की खबर सुनकर दुख हुआ। उनका जीवन और विरासत दुनियाभर की पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। उनके भक्तों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं।

श्री बद्रीनाथ धाम के कपाट 12 मई को श्रद्धालुओं के लिए खुलेंगे

बद्रीनाथ धाम के रावल का पट्टाभिषेक किया गया, सोने का कड़ा पहनाया

बद्रीनाथ धाम : 5 दशक बाद पुनः जीवित हुई रावल पट्टाभिषेक की ऐतिहासिक परंपरा

एजेंसी ▶▶ ऋषिकेश

बद्रीनाथ धाम के कपाट 12 मई को खुल रहे हैं। सोमवार को टिहरी राजदरबार नरेन्द्र नगर में पूजा-अर्चना और विधि-विधान से महाराजा टिहरी मनुज्येंद्र शाह की ओर से बद्रीनाथ धाम के रावल का पट्टाभिषेक किया गया और सोने का कड़ा पहनाया, इसके साथ ही आज के दिन बद्रीनाथ धाम से संबंधित 5 दशक पहले समाप्त हुई रावल पट्टाभिषेक की ऐतिहासिक परंपरा पुनः जीवित हो गई। इससे पहले वर्ष 1977 में रावल टी केशवन नंबूदरी का पट्टाभिषेक हुआ था।

राजदरबार नरेंद्र नगर में इस अवसर पर राज पुरोहित आचार्य कृष्ण प्रसाद उनियाल, बद्रीनाथ धाम के धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल, राजमहल के ओएसडी राजपाल जरधारी आदि मौजूद रहे।

रावल की नियुक्ति समिति एक्ट के तहत

ज्ञात हो, श्री बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति उत्तराखण्ड सरकार की स्वायत निकाय है, जो श्री बद्रीनाथ मंदिर एवं श्री केदारनाथ मंदिर सहित 46 अन्य मंदिरों का प्रबंधन करती है। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि रावल की नियुक्ति मंदिर समिति एक्ट 1939 से पहले महाराजा टिहरी की ओर से होती थी। यह पट्टाभिषेक और सोने का कड़ा उसी परंपरा का एक ऐतिहासिक व सांस्कृतिक प्रतीक चिह्न है।

1977 में रावल टी केशवन नंबूदरी का हुआ था पट्टाभिषेक

बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ने शुरू की थी पहल

मंदिर समिति 46 अन्य मंदिरों का करती है प्रबंधन

सोने का कड़ा राजशाही की परंपरा का प्रतीक

उल्लेखनीय है कि बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ने इसके लिए पहल की और आज राज दरबार में पूजा अर्चना के पश्चात रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी को महाराजा मनुज्येंद्र शाह सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह, बेटी शिरजा शाह सहित बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय और उपाध्यक्ष किशोर पंवार की उपस्थिति में अंग वस्त्र भेंट कर सोने का कड़ा पहनाया गया। सोने का कड़ा राजशाही की परंपरा प्रतीक है।

खबर संक्षेप

बच्ची को पालतू कुत्तों ने काटा, मालिक गिरफ्तार

चेन्नई। चेन्नई के एक पार्क में कल रात दो रॉटवीलर कुत्तों के हमले में 5 साल की एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने लापरवाही का मामला दर्ज कर कुत्तों के मालिक को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में कुत्तों की देखभाल करने वाले दो अन्य लोगों को आरोपी बनाया गया है। इस घटना के साथ ही आक्रामक नस्लों के कुत्तों को पालतू जानवर के रूप में रखने पर फिर से बहस शुरू हो गई है। यह घटना चेन्नई के थाउजेंड लाइट्स इलाके के एक सार्वजनिक पार्क की है। मालिक ने कुत्तों को खुला छोड़ दिया था। कुत्तों ने बच्ची पर हमला कर दिया और आरोप है कि मालिक ने तब तक हस्तक्षेप नहीं किया जब तक बच्ची के माता-पिता उसे बचाने के लिए नहीं दौड़े और शोर नहीं मचाया।

ऑस्ट्रेलिया में भारतीय छात्र की चाकू से हत्या

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में कुछ भारतीय छात्रों के बीच झगड़े के दौरान एक 22 वर्षीय छात्र की कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या कर दी गई है। मृतक एमटेक का छात्र था। घटना में एक और छात्र घायल हो गया। पीड़ित के चाचा यशवीर के अनुसार, नवजीत संधू पर एक अन्य छात्र ने उस समय चाकू से जानलेवा हमला कर दिया जब वह कुछ भारतीय छात्रों के बीच किराए के मुद्दे को लेकर हो रहे विवाद में हस्तक्षेप करने की कोशिश कर रहा था। यशवीर जो जुलाई में आर्मी से रिटायर होने वाले हैं। नवजीत के दोस्त के पास सामान था। उसने नवजीत को साथ चलने को कहा ताकि सामान घर पहुंचाया जा सके।

उपयोगकर्ताओं को आपस में धन हस्तांतरण में मदद मिलेगी

भारत और घाना के बीच भुगतान प्रणालियों को आपस में जोड़ने पर बन गई सहमति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और घाना के बीच भुगतान प्रणालियों को लेकर अहम समझौता हुआ है। दोनों देशों ने छह महीने में घाना अंतर-बैंक भुगतान और निपटान प्रणाली पर यूपीआई को चालू करने पर अपनी सहमति जताई है। इससे उपयोगकर्ताओं को आपस में तत्काल, कम लागत वाले धन हस्तांतरण में मदद मिलेगी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि भारत और घाना अब आपस में आर्थिक लेन-देन को मजबूत कर सकेंगे। दोनों ही देशों ने भुगतान प्रणालियों को आपस में जोड़ने का अहम फैसला किया है। इसके तहत अब यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) और घाना इंटरबैंक पेमेंट एंड सेटलमेंट सिस्टम्स (जीएचआईपीएसएस) को जोड़ा जाएगा।

भारत और घाना के बीच भुगतान को लेकर अहम समझौता हुआ है। अब यूपीआई और घाना इंटरबैंक पेमेंट एंड सेटलमेंट सिस्टम्स को जोड़ा जाएगा।

खास बातें

- अफ्रीकी महाद्वीपीय मुक्त व्यापार समझौते के अवसरों पर विचार-विमर्श
- भारत और घाना अब आपस में आर्थिक लेन-देन को मजबूत कर सकेंगे

एमओयू की संभावनाओं के बारे में चर्चा

मंत्रालय के मुताबिक भारत-घाना ने डिजिटल परिवर्तन समाधान, स्थानीय मुद्रा निपटान प्रणाली पर एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) की संभावनाओं के बारे में चर्चा की और अफ्रीकी महाद्वीपीय मुक्त व्यापार समझौते (एएफसीएफटीए) द्वारा पेश किए गए अवसरों पर भी विचार-विमर्श किया। दोनों देशों ने डिजिटल अर्थव्यवस्था, कपड़ा, नवीकरणीय ऊर्जा और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रों को फोकस क्षेत्रों के रूप में पहचाना और उस पर चर्चा की।

7 सदस्यीय दल गया था घाना

भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव अमरदीप सिंह भाटिया के नेतृत्व में भारत के 7 सदस्यीय दल ने घाना गणराज्य में भारत के उच्चायुक्त मनीष गुप्ता और वाणिज्य विभाग की आर्थिक सलाहकार प्रिया पी. नायर के साथ 2 से 3 मई 2024 तक अकरा में अपने घाना समकक्षों के साथ बैठक की।

भारतीय छात्रों की बड़ी मुश्किलें

ऑस्ट्रेलिया पढ़ने जाने की चाह रखने वाले भारतीय छात्रों के सामने बड़ी मुश्किल खड़ी हो गई है। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी वीजा पॉलिसी को काफी सख्त कर लिया है। भारतीय छात्रों के लिए यह चिंता का विषय इसलिए भी है। ऑस्ट्रेलिया पढ़ने जाने वाले छात्रों में भारतीय छात्रों की तादाद दूसरे नंबर पर सबसे ज्यादा है। जनवरी-सितंबर 2023 की अवधि में 1.22 लाख भारतीय छात्र ऑस्ट्रेलिया में पढ़ रहे थे।

जहाज में 6 भारतीय थे सवार

भारत के समंदर में पकड़ा ईरानी जहाज, कोच्चि भेजा

एजेंसी ▶▶ केरल

भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने रविवार की देर रात केरल के तट से दूर बेपोर के पश्चिम में 6 भारतीय चालक दल के साथ मछली पकड़ने वाले एक ईरानी जहाज को अपने कब्जे में ले लिया। हिरासत में लिए गए जहाज को चालक दल के साथ सोमवार को आगे की जांच के लिए सुरक्षित रूप से कोच्चि लाया गया है। समुद्री सुरक्षा और कल्याण को कायम रखना आईसीजी की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इससे पहले भारतीय तट रक्षक बल ने बांग्लादेश के जहाज को पकड़ा था। हालांकि ये जहाज खराब हो गया था और इस वजह से भारतीय सीमा में घुस आया था। इंडियन कोस्ट गार्ड ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर जानकारी दी।

राष्ट्र विरोधी गतिविधि का पता लगाने की गहन जांच

आईसीजी के जहाज और विमान के जरिए किए ऑपरेशन के बाद मछली पकड़ने वाले ईरानी जहाज को रोका गया। आईसीजी की एक टीम जहाज पर चढ़ गई और किसी भी राष्ट्र विरोधी गतिविधि का पता लगाने के लिए गहन जांच की। ईरानी मालिक ने भारतीय मछुआरों को अनुबंधित किया था।

पासपोर्ट किया जब्त

चालक दल का आरोप है कि उसने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। उनके पासपोर्ट जब्त करने के अलावा उन्हें बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित कर दिया। चालक दल ने कहा कि उन्होंने उसी जहाज का उपयोग करके ईरान से भारत भागने का फैसला किया था।

दिल्ली के बाद अब अहमदाबाद के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर के कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद अब गुजरात के अहमदाबाद स्थित स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। अभी तक करीब 7 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। इसके लिए गुजरात की अहमदाबाद पुलिस ने बम स्क्वाड टीम को तैनात कर दिया गया है। बीते 1 मई को राजधानी दिल्ली और उसके आसपास के जिलों में स्थित करीब 100 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी ईमेल के जरिए भेजी गई थी। दिल्ली-एनसीआर इलाके में स्थित स्कूलों में चारों तरफ अफरा तफरी की स्थिति बन गई थी।

7 स्कूलों को ईमेल: अहमदाबाद के करीब 7 हाई-प्रोफाइल स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी ईमेल के जरिए भेजी गई है। अहमदाबाद पुलिस ने दिल्ली पब्लिक स्कूल समेत कई स्कूलों से संपर्क किया है। दिल्ली के 3 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। ये आंकड़ा बढ़ते-बढ़ते 100 के पार पहुंच गया था। दिल्ली-एनसीआर के स्कूलों को भेजे ईमेल में नफरती भाषा का प्रयोग किया गया था।

रिहाई के लिए मांगा समर्थन

57 देशों के सामने पाक ने उठाया कश्मीर का मुद्दा, नहीं मिला साथ

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान ने एक बार फिर दुनिया के सामने कश्मीर का मुद्दा उठाया है। पाकिस्तान के डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार ने इस्लामिक सहयोग संगठन के 15वें शिखर सम्मेलन में कश्मीर की राग अलापा। अफ्रीकी देश गाम्बिया की राजधानी बंजुल में मोहम्मद डार ने कहा कि कश्मीर में भारत लोकतंत्र का गला घोटते हुए मानवाधिकारों का उल्लंघन कर रहा है। इस दौरान उन्होंने ओआईसी से कश्मीर पर अपनी कार्ययोजना लागू करने की बात कही।

आईआईटी मद्रास ने खोजा सबसे बड़े खतरे का तोड़!

एजेंसी ▶▶ मद्रास

आईआईटी मद्रास के एक अध्ययन में पता चला है कि हिंद महासागर और बंगाल की खाड़ी का इस्तेमाल कार्बन डाइऑक्साइड सिंक के रूप में किया जा सकता है। भारत में बदलते मौसम की वजह से घटनाएं बढ़ती ही जा रही हैं। इनमें से बहुत-सी घटनाएं जलवायु में हो रहे परिवर्तन के कारण हो रही हैं। जलवायु के प्रभावों को रोकने वायुमंडल से कम से कम 100 बिलियन से 1 ट्रिलियन टन तक का कार्बन डाइऑक्साइड बाहर निकालने की जरूरत होगी। इसके लिए पेड़ लगाना होगा।

बंगाल की खाड़ी में इकट्ठा हो सकता है कॉर्बन डाईऑक्साइड



2,800 मीटर गहराई पर हो सकता स्टोर

समुद्री तल के 2,800 मीटर से अधिक की गहराई पर, कार्बन डाइऑक्साइड को संग्रहित किया जा सकता है। इतनी गहराई पर गुरुत्वाकर्षण की कमी के कारण ये गैस बाहर नहीं निकलेगा और इसी प्रक्रिया से ग्रीनहाउस गैस को बाहर निकलने से रोका जा सकता है। इसी साल जलवायु परिवर्तन पर कई देशों की बैठक हुई थी। भारत ने साल 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करने का संकल्प लिया था।

पौड़ी गढ़वाल को सबसे ज्यादा दिक्कतों का करना पड़ रहा है सामना

नहीं थम रही उत्तराखंड में आग, पौड़ी के डीएम ने वायुसेना से मांगी मदद

एजेंसी ▶▶ पौड़ी

उत्तराखंड के जंगलों में लगी आग थमने का नाम नहीं ले रही है। चाहे गढ़वाल मंडल हो या कुमाऊ मंडल। यहां की कई जगहें आग की लपटों में घिरी हुई नजर आ रहीं हैं। प्रशासन की तरफ से आग को बुझाने के लिए काफी प्रयास किए जा रहे हैं। लेकिन वो सब कम ही दिखाई दे रहे हैं।

अब पौड़ी जिले के जिलाधिकारी ने जंगल की आग पर काबू पाने के लिए इंडियन एयरफोर्स से सहायता देने के लिए कहा है और इसके लिए पत्र लिखा है। इंडियन एयरफोर्स का विमान पौड़ी के लिए रवाना हो गया है। एक बात और यह है कि सबसे भीषण आग चीड़ के पेड़ में लगी हुई है। गर्मी के मौसम के कारण आग तेजी से फैलती हुई जा रही है। सबसे ज्यादा आग लगने की घटनाएं कुमाऊं मंडल में सामने आ रही हैं। गढ़वाल मंडल के जंगलों में भी आग लगने की घटनाओं में बढ़ोतरी हो रही है।

क्लाउड सीडिंग से आग बुझाने की कोशिश

उन्होंने कहा कि हम एक नया प्रोजेक्ट भी ला रहे हैं। आईआईटी कानपुर ने क्लाउड सीडिंग का एक प्रयोग किया है। हम अब उत्तराखंड में भी क्लाउड सीडिंग के जरिए बारिश कराने की कोशिश कर रहे हैं ताकि जंगल की आग पर काबू पाया जा सके। हमने सीएम से बात की है। उन्होंने पौड़ी से एक पायलट प्रोजेक्ट के लिए इजाजत दे दी है। सीएम ने पराली न जलाने के निर्देश भी दिए हैं।

आग लगाने के आरोप में 3 पकड़े

चमोली जिला पुलिस ने गैरसैंण क्षेत्र में आग लगाने और सोशल मीडिया पर पब्लिसिटी पाने के लिए वीडियो अपलोड करने के आरोप में बिहार के रहने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने सोशल मीडिया पर चल रही इस घटना का संज्ञान लिया। इनकी पहचान बिहार के रहने वाले ब्रजेश कुंअर, सुखलाल और सलमान के रूप में हुई है।

कुमाऊं मंडल में सबसे ज्यादा आग की घटनाएं

अब जंगलों की आग की बात की जाए तो अल्मोड़ा जिले में 56 आग की घटनाएं सामने आई हैं। इसमें 85.5 हेक्टेयर जंगल जलकर राख हो गए। वहीं, तराई पूर्वी में 90 आग की घटनाएं हुईं। चंपावत में 55 वनाग्नि की घटनाएं सामने आई हैं। रामनगर में 31 आग की घटनाएं देखने को मिली हैं। इसमें 45.37 हेक्टेयर जंगल जले। नैनीताल में 29 वनाग्नि की घटनाएं सामने आईं। हल्द्वानी में 27 आग की घटनाएं हुईं, इसमें 28.03 हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ। बागेश्वर जिले में 28 जगहों पर आग लगी। इसमें 34.47 हेक्टेयर वन क्षेत्र पर असर पड़ा।

सीएम धामी ने मुख्य सचिव को दिए निर्देश

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को फोन पर निर्देश दिया कि सभी जिलाधिकारियों को एक हफ्ते तक रोजाना अपने क्षेत्रों में जंगल की आग पर नजर रखने के लिए कहा जाए। राज्य की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि जंगल में आग लगने की घटनाएं बढ़ी हैं। एक दिन पहले सीएम ने बैठक की थी। वन विभाग ने हर जिले की जिम्मेदारी अपने वरिष्ठ अधिकारियों को दी है। पौड़ी गढ़वाल को सबसे ज्यादा दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इसके लिए डीएम पौड़ी ने एयरफोर्स से भी बात की है। भारतीय वायुसेना के हेलिकॉप्टर अब श्रीनगर से पानी ले जा रहे हैं और उन पर छिड़काव कर रहे हैं।

फ्रांस ने पहली बार यूक्रेन भेजी सेना

भड़के पुतिन ने दे दिया ऑर्डर बाहर निकालो एटमी हथियार

एजेंसी ▶▶ मास्को

यूक्रेन के साथ पिछले दो सालों से अधिक वक्त से चल रहे युद्ध के बीच रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने एक बार फिर कड़े तेवर दिखाए हैं। पुतिन ने रूसी सेना को परमाणु हथियारों के साथ अभ्यास आयोजित करने का आदेश दिया है। अभ्यास के दौरान परमाणु हथियारों की तैयारी और उनका इस्तेमाल कैसे किया जाए, इसके उपाय किए जाएंगे। इसका मकसद पश्चिमी देशों की धमकियों के सामने रूस की क्षेत्रीय अखंडता को सुनिश्चित करना है। विमान और नौसैनिक बल शामिल होंगे।

काम नहीं आई धमकी



राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ये आदेश ऐसे समय में दिया है, जब फ्रांस ने यूक्रेन में पहली बार अपनी सेना भेजी है। फ्रांस की सेना को यूक्रेन की सेना के समर्थन में स्लावयांस्क में तैनात किया गया है। यूक्रेन में 100 सैनिकों की टुकड़ी को भेजा गया है। बाद में और सैनिकों को भी भेजा जा सकता है। बता दें, पुतिन कई बार परमाणु युद्ध को लेकर चेतावनी दे चुके हैं। फरवरी में उन्होंने चेतावनी दी थी कि परमाणु युद्ध का वास्तविक खतरा है।

आईपीएल
11 मैचों में पांचवीं हार से तालिका में 5वें स्थान पर हैदराबाद

सूर्या के शतक से मुंबई की चौथी जीत सनराइजर्स को सात विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सूर्यकुमार यादव की 51 गेंद में 102 रन की नाबाद पारी के अलावा चौथे विकेट के लिए तिलक वर्मा के साथ 79 गेंद में 143 रन की अटूट साझेदारी के दम पर मुंबई इंडियंस ने सोमवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से शिकस्त दी। सनराइजर्स को आठ विकेट पर 173 रन पर रोकने के बाद मुंबई इंडियंस ने 17.2 ओवर में तीन विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल किया। मुंबई की यह 12 मैचों में यह चौथी जीत है। सनराइजर्स की यह 11 मैचों में पांचवीं हार है। टीम 12 अंक के साथ तालिका में पांचवें स्थान पर है।

मुंबई ने पांचवें ओवर में 31 रन पर तीसरा विकेट गंवा दिया था लेकिन सूर्यकुमार यादव ने आईपीएल अपनी दूसरी शतकीय पारी के दौरान 12 चौके और छह छक्के लगाकर टीम को दबाव में नहीं आने दिया। तिलक ने 32 गेंद की नाबाद पारी में छह चौके लगाए। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड (48) के बाद मुश्किल हालात में कप्तान पैट कमिंस की 17 गेंद में 35 रन की नाबाद पारी खेली। 17वें ओवर में 136 रन पर आठवां विकेट गंवा दिया था लेकिन कमिंस ने दो चौके और दो छक्के जड़ने के साथ नौवें विकेट के लिए सनवीर सिंह (नाबाद आठ) के साथ 19 गेंद में 37 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को संघर्ष करने लायक लक्ष्य तक पहुंचाया।

पंड्या ने झटके 3 विकेट

मुंबई के लिए अनुभवी लेग स्पिनर पीयूष चावला (33 रन पर तीन विकेट) और कप्तान हार्दिक पंड्या (31 रन पर तीन विकेट) ने शानदार गेंदबाजी की। जसप्रीत बुमराह (23 रन पर एक विकेट) एक बार फिर किफायती रहे तो वहीं अपने पदार्पण मैच में अंशुल कंबोज (42 रन पर एक विकेट) ने प्रभावित किया।

स्कोर बोर्ड

सनराइजर्स हैदराबाद	रन	गेंद	4	6
हेड का तिलक बो चावला	48	30	7	1
अभिषेक का इशान बो बुमराह	11	16	0	1
मयंक अग्रवाल बो कंबोज	05	06	1	0
रेड्डी का कंबोज बो हार्दिक	20	15	2	0
हेनरिच क्लासेन बो चावला	02	04	0	0
मार्को यानसेन बो हार्दिक	17	12	1	1
शाहबाज का सूर्य बो हार्दिक	10	12	0	0
अब्दुल समद पगबाधा चावला	03	04	0	0
पैट कमिंस नाबाद	35	17	2	2
सनवीर सिंह नाबाद	08	07	0	0

अतिरिक्त : 14, कुल : 20 ओवर में 173/8
गेंदबाजी : तुषारा 4-0-42-0, कंबोज 4-0-42-1, बुमराह 4-0-23-1, हार्दिक 4-0-31-3, चावला 4-0-33-3.

मुंबई इंडियंस	रन	गेंद	4	6
किशन का मयंक बो यानसेन	09	07	2	0
रोहित का क्लासेन बो कमिंस	04	05	1	0
धीर का यानसेन बो भुवनेश्वर	00	09	0	0
सूर्यकुमार यादव नाबाद	102	51	12	6
तिलक वर्मा नाबाद	37	32	6	0

अतिरिक्त : 22, कुल : 17.2 ओवर में 174/3
गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4-0-22-1, यानसेन 3-0-45-1, कमिंस 4-0-35-1, नटराजन 3.2-0-31-0, नीतिश 2-0-16-0, शाहबाज 1-0-11-0.

पाकृतिक टर्फ और कृत्रिम फाइबर से बनने वाली पिच अधिक टिकाऊ

धर्मशाला में भारत की पहली 'हाईब्रिड पिच' का अनावरण

एजेंसी ▶▶| धर्मशाला

भारत की पहली 'हाईब्रिड पिच' का सोमवार को यहां हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ स्टेडियम में भव्य समारोह में अनावरण किया गया। इस समारोह में आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल और इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर तथा एसआईएस के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट निदेशक पॉल टेलर जैसे क्रिकेट से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। धूमल ने कहा, ''इंग्लैंड में लार्ड्स और द ओवल जैसे प्रतिष्ठित स्थलों में सफलता के बाद हाईब्रिड पिचों के इस्तेमाल से भारत में क्रिकेट में क्रांति आएगी।'



युगांडा के एनसुबुगा टी20 विश्व कप में सबसे उम्रदराज खिलाड़ी

कंपाला। युगांडा के ऑफ स्पिनर फ्रैंक एनसुबुगा 43 साल की उम्र में आगामी टी20 विश्व कप में खेलने वाले सबसे उम्रदराज क्रिकेटर बनने के लिए तैयार हैं। युगांडा क्रिकेट संघ ने सोमवार को दो जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में आयोजित होने वाले टी20 विश्व कप के लिए ब्रायन मसाबा की अगुवाई में 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। रियाजत अली शाह टीम के उपकप्तान है। युगांडा ने अफ्रीका क्वालीफायर की क्षेत्रीय प्रतियोगिता में नामीबिया के बाद दूसरे स्थान पर रहकर टी20 विश्व कप के लिए अपनी जगह पक्की की है। टीम अपने अभियान का आगाज तीन जून को गयाना में अफगानिस्तान के खिलाफ करेगी। ये दोनों टीमें न्यूजीलैंड, पापुआ न्यू गिनी और मेजबान वेस्टइंडीज के साथ ग्रुप सी में शामिल हैं। युगांडा टीमः ब्रायन मसाबा (कप्तान), रियाजत अली शाह (उप-कप्तान), केनेथ वैसवा, दिनेश नकरानी, फ्रैंक एनसुबुगा, रौनक पटेल, रोजर मुकासा, कॉसमास कयेवुता, बिलाल हसुन, फ्रेड अचेलम, रॉबिन्सन ओबुया, साइमन सेसाजी, हेनरी सेसेनडो, अल्पेश रमजानी और जुमा मियाजी। रिजर्व खिलाड़ीः रोनाल्ड लुटाया और इनोसेंट म्वेबेज।

भारतीय टी20 टीम की नई जर्सी लांच

मुंबई। अगले महीने टी20 विश्व कप का आगाज होने जा रहा है। वेस्टइंडीज और अमेरिका की सह मेजबानी में होने वाले इस विश्व कप को लेकर सभी टीमों ने तैयारी शुरू कर दी है। इस टी20 विश्व कप में टीम इंडिया नई जर्सी में उतरेगी। बीसीसीआई ने टी20 विश्व कप से पहले टीम इंडिया की नई जर्सी लांच कर दी है। बीसीसीआई ने नई जर्सी को लांच करने के लिए खास अंदाज अपनाया। टीम इंडिया की नई टी20 जर्सी को हेलीकॉप्टर से लांच किया गया। वीडियो में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, कुलदीप यादव और रवींद्र जडेजा नजर आए।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930